


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 327 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) फाल्गुन शु.5, 2082 रविवार, 22 फरवरी-2026

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✼ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

## ईडी ने 9 महीने में 32000 करोड़ की संपत्ति अटैच की

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इस वित्त वर्ष के पहले 9 महीने में ही 32,500 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच कर चुकी है। मोदी सरकार के दस साल का रिकॉर्ड देखें तो अटैच की गई जमीन-जायदाद में 8 गुना से अधिक बढ़ोतरी हो चुकी है। इस साल सबसे बड़ी गाज अनिल अंबानी समूह पर गिरी है, जिसकी 5600 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच हुई है। इसके अलावा क्रिप्टो करेंसी फ्रॉड में 4190 करोड़ रुपये, पर्ल ग्रुप पोंजी के 3436 करोड़ रुपये और यूनाइटेड रियल एस्टेट के 1000 करोड़ रुपये की संपत्तियां भी दायरे में आई हैं। पिछले साल की तुलना में इस बार 141 प्रतिशत अधिक संपत्ति अटैच की गई है।

# कोर्ट के फैसले ने उलट दी ट्रंप की स्क्रिप्ट




### नाराज ट्रम्प ने 10 प्रतिशत नया टैरिफ लगाया

### जजों को कलंक कहा

वॉशिंगटन, 21 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका में सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ को रद्द कर दिया है। कोर्ट के इस फैसले से भारत पर लगा 18 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ भी अब अवैध घोषित हो गया है। दरअसल, ट्रम्प ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए आईईईपीए कानून का इस्तेमाल कर अप्रैल 2025 में दुनिया के करीब 100 देशों से पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया था।

सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए कहा कि ट्रम्प को आईईईपीए कानून का इस्तेमाल करने का अधिकार नहीं है। यह अधिकार राष्ट्रपति को नहीं, सिर्फ संसद को है। कोर्ट के इस फैसले के 3 घंटे के बाद ट्रम्प ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने दुनियाभर के देशों पर नए कानून (सेक्शन-122) का इस्तेमाल कर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है।

**24 फरवरी से लागू होगा 10 प्रतिशत टैरिफ :**

ट्रम्प ने एक आदेश पर हस्ताक्षर कर दुनियाभर के देशों पर 10 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया है। यह टैरिफ 24 फरवरी से लागू हो जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया ब्रिटेन, भारत और यूरोपीय यूनियन समेत अमेरिका के साथ व्यापार समझौते करने वाले देशों को अब 10 प्रतिशत टैरिफ का सामना करना पड़ेगा।

यानी कि भारत पर अब टैरिफ 18 प्रतिशत की जगह घटकर 10 प्रतिशत रह जाएगा। उन्होंने टैरिफ को अवैध बताने वाले जजों की भी आलोचना की। ट्रम्प ने कहा- मुझे कोर्ट के कुछ जजों पर शर्म आ रही है। वे देश के लिए कलंक हैं, उनमें हमारे देश के लिए सही काम करने की हिम्मत नहीं है। भारत के साथ ट्रेड डील पर ट्रम्प ने कहा कि, इस डील में कोई बदलाव नहीं होगा। पीएम मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं।

**ट्रम्प के प्रेस कॉन्फ्रेंस की अहम बातें...**

> सुप्रीम कोर्ट के रद्द किए गए टैरिफ लागू करने के लिए मुझे संसद की जरूरत नहीं है। मैं इन्हें राष्ट्रपति के मिले अधिकारों के जरिए लागू कर सकता हूं।

> सुप्रीम कोर्ट में रिफंड को लेकर कोई साफ बात नहीं कही गई है। इसलिए अमेरिकी सरकार किसी भी कंपनी को टैरिफ के रूप में वसूला गया पैसा वापस नहीं करेगी।

> जज ने बहुत ही घटिया फैसला सुनाया है। मुझे लगता है कि अब इस मामले पर अगले दो साल तक कोर्ट में मुकदमा चलेगा। हम अगले 5 साल तक कोर्ट में ही रहेंगे।

> सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर विदेशी ताकतों का असर पड़ा है। अगर टैरिफ नहीं लगाए गए, तो विदेशी देश कुछ उद्योगों में अमेरिका से आगे निकलते रहेंगे।

> टैरिफ लगाने का यह कदम कई साल पहले के राष्ट्रपतियों को उठा लेना चाहिए था। उन्होंने हमारे देश को कमजोर होने दिया और दूसरे देशों को फायदा उठाने दिया। सेक्शन 122 अमेरिका के एक कानून का हिस्सा है, जिसे ट्रेड एक्ट ऑफ 1974 कहा जाता है। यह कानून अमेरिकी राष्ट्रपति को अधिकार देता है कि अगर देश को अचानक व्यापार घाटे या आर्थिक संकट का खतरा हो, तो वे तुरंत आयात पर टैरिफ लगा सकते हैं। >14

# कामारेड्डी में धारा 144 लागू

### कांग्रेस-भाजपा नेताओं में टकराव, कार के शीशे तोड़े और वाहन में आग लगा दी



हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के कामारेड्डी में शनिवार को उस समय तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई जब गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज और अरोरा भूमि से जुड़े आरोपों को लेकर कांग्रेस और भाजपा के स्थानीय नेताओं के बीच तीखी बयानबाजी हुई।

विवाद उस समय बढ़ गया जब कामारेड्डी से भाजपा विधायक के. वेंकटरमणा रेड्डी ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता मो. अली शब्बीर और अन्य कांग्रेस नेताओं को सुबह 10 बजे सरस्वती शिशु मंदिर में सार्वजनिक बहस की चुनौती दी। कांग्रेस ने इस चुनौती को स्वीकार करते हुए आरोपों पर खुली चर्चा के लिए तैयार होने की घोषणा की। राजनीतिक टकराव के बीच कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक के कैंप कार्यालय का घेराव करने की कोशिश की, जिन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इसके जवाब में भाजपा कार्यकर्ता भी सड़कों पर उतर आए। विरोध-प्रदर्शन के दौरान एक कार के शीशे तोड़ दिए गए और वाहन में आग लगा दी गई, जिससे कस्बे में तनाव और बढ़ गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने तुरंत हस्तक्षेप करते हुए दोनों दलों के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। प्रशासन ने विधायक वेंकटरमण रेड्डी को एहतियातन नजरबंद कर दिया और शहर में धारा 144 लागू कर दी। संवेदनशील क्षेत्रों, विशेषकर विधायक के कैंप कार्यालय के आसपास, भारी पुलिस बल और पिकेट तैनात किए गए हैं।

शांति की अपील करते हुए विधायक वेंकटरमण रेड्डी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से शिशु मंदिर के पास एकत्र न होने को कहा। उन्होंने कहा, 'ये आरोप मेरे परिवार से जुड़े हैं। मैं कानूनी रूप से सच्चाई साबित करूंगा। कोई भी पार्टी कार्यकर्ता हस्तक्षेप न करे। मैंने पुलिस को आश्वासन दिया है।' फिलहाल स्थिति पुलिस की कड़ी निगरानी में है।

# तिरुपति लड्डू विवाद-अपनी गलती दूसरों पर डालने की कोशिश कर रहे हैं : चंद्रबाबू नायुडू



अमरावती, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायुडू ने वाईएसआर कांग्रेस नेताओं पर आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि वे तिरुपति लड्डू घी में कथित मिलावट के मामले में दूसरों पर दोष डालकर जिम्मेदारी से बचने की कोशिश कर रहे हैं।

स्वर्ण आंध्र स्वच्छ आंध्र कार्यक्रम के मौके पर नायुडू ने विपक्षी पार्टी के नेताओं का जिक्र करते हुए कहा लड्डू घी में मिलावट की गलती से बचने के लिए वे इसे दूसरों पर डालने की कोशिश कर रहे हैं। मुझे नहीं पता कि क्या करना है। सीएम के मुताबिक सीबीआई की अगुवाई वाली एसआईटी ने पाया कि तिरुपति में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर को संचालित करने वाली टीटीडी को घी के रूप में सप्लाई किया गया पदार्थ बिल्कुल भी शुद्ध घी नहीं था। इस मामले को पिछली वाईएसआर सरकार की खानदानी समस्या बताते हुए, उन्होंने आरोप लगाया कि 2019 और 2024 के बीच मिलावटी लड्डू परोसे गए। 2024 में दक्षिणी राज्य में एनडीए विधायक दल की मीटिंग के दौरान, नायुडू ने आरोप लगाया था कि पिछली सरकार ने श्री वेंकटेश्वर मंदिर को भी नहीं बख्शा और लड्डू बनाने के लिए घटिया चीजों और जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल किया। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त एसआईटी ने अपनी जांच पूरी कर ली है। जानवरों की चर्बी के अलावा, नायुडू ने आरोप लगाया कि पिछली वाईएसआर सरकार के दौरान तिरुपति के लड्डुओं में बाथरूम साफ करने में इस्तेमाल होने वाले केमिकल भी मिलाए गए थे।

## 3 राज्यों में एसआईआर की फाइनल लिस्ट पब्लिश

जयपुर/रायपुर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। देश के 12 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव आयोग के वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का दूसरा फेज अपने अंतिम चरण में हैं। शनिवार को राजस्थान, छत्तीसगढ़ और केरल की फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश हुई। राजस्थान में 5.15 करोड़, छत्तीसगढ़ में 1.87 करोड़ और केरल में 2.69 करोड़ वोटर के नाम फाइनल वोटर लिस्ट में है। अब तक कुल 6 राज्यों- यूटी की फाइनल लिस्ट आ चुकी है। आज गोवा और अंडमान-निकोबार की लिस्ट भी आ सकती है। इससे पहले लक्षद्वीप, पुडुचेरी और गुजरात की अंतिम मतदाता सूची जारी हुई थी। >14

# भारत के विजन पर 88 देशों की मुहर

### > 'सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय' पर वैश्विक सहमति



नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। भारत की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' को एक बड़ी कूटनीतिक और तकनीकी सफलता मिली है। 88 देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने इस शिखर सम्मेलन के घोषणापत्र पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को इसकी घोषणा करते हुए साफ किया कि दुनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मानव-केंद्रित एआई दृष्टिकोण' को खुले तौर पर स्वीकार कर लिया है। यह कदम वैश्विक स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक के सुरक्षित, समान और जवाबदेह विकास की दिशा में एक अहम मील का पत्थर माना जा रहा है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि कुल 88 हस्ताक्षरकर्ताओं में से 86 देशों और दो अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' (सभी का कल्याण, सभी की खुशी) के सिद्धांत को औपचारिक रूप से स्वीकार किया है। इस विजन का मुख्य लक्ष्य एआई संसाधनों का इस तरह से लोकतंत्रीकरण करना है कि इस उन्नत तकनीक और इसके आर्थिक फायदों की पहुंच दुनिया भर में समाज के हर वर्ग तक सुनिश्चित हो सके।

यह शिखर सम्मेलन 16 फरवरी से 20 फरवरी 2026 तक नई दिल्ली के 'भारत मंडपम' में आयोजित किया गया। इस आयोजन ने कई अहम मोर्चों पर वैश्विक नीतियां तय करने का मजबूत आधार रखा है।

ग्लोबल साउथ का नेतृत्व : यह 'ग्लोबल साउथ' में आयोजित होने वाला दुनिया का पहला वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन था। >14

## पश्चिम बंगाल में नागरिकता आवेदनों के लिए विशेष समिति गठित

**विधानसभा चुनाव से पहले गृह मंत्रालय का फैसला**

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले नागरिकता से जुड़े आवेदनों की जांच और मंजूरी के लिए एक विशेष समिति बना दी है। गृह मंत्रालय ने 20 फरवरी 2026 को आदेश जारी कर बताया कि यह समिति नागरिकता अधिनियम 1955 और उसके नियमों के तहत बनाई गई है।

यह समिति मुख्य रूप से उन लोगों के आवेदन देखेगी जो संशोधित कानून के तहत भारतीय नागरिकता लेना चाहते हैं। समिति की अध्यक्षता पश्चिम बंगाल के जनगणना संचालन निदेशालय के डिप्टी रजिस्ट्रार जनरल करेंगे। इसके अलावा इसमें खुफिया ब्यूरो, विदेशी पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ), राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी), डाक विभाग और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे।

# पीएम मोदी ने ब्राजील को बताया लैटिन अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा साझेदार

### > लूला बोले-हम दोनों डिजिटल सुपरपावर



नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डॉ. सिल्वा और पीएम मोदी ने शनिवार को हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक में दोनों के प्रतिनिधियों के बीच कई अहम मुद्दों पर बातचीत हुई। राष्ट्रपति लूला के साथ करीब 14 मंत्री और ब्राजील की कंपनियों के टॉप सीईओ का एक बड़ा डेलीगेशन भी बैठक में मौजूद रहा। भारत की ओर से पीएम मोदी के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर, वाणिज्य एवं व्यापार मंत्री पीयूष गोयल, एनएसए अजीत डोभाल समेत कई अधिकारियों ने इस द्विपक्षीय बैठक में भाग लिया।

**लूला के दौरे ने बढ़ाई एआई समिट की शोभा :**

बैठक के बाद राष्ट्रपति लूला के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए पीएम मोदी ने कहा, राष्ट्रपति लूला और उनके डेलीगेशन का भारत में स्वागत करते हुए मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। आपने पिछले वर्ष मेरा ब्राजील में जिस तरह स्वागत किया था, मैं उसी तरह आप सभी का अभिनंदन करता हूं... राष्ट्रपति लूला की दूर दृष्टि और प्रेरक नेतृत्व का भारत और ब्राजील के रिश्तों को लंबे समय से लाभ मिलता रहा है। बीते कुछ वर्षों में मुझे आपसे कई बार मिलने का सौभाग्य मिला है... इनके इस दौर ने ऐतिहासिक एआई समिट की शोभा बढ़ाई और हमारी रणनीतिक साझेदारी को नई ऊर्जा भी दी है। मैं दोनों देशों के संबंधों के प्रति कमिटमेंट के लिए आपका आभार व्यक्त करता हूं।

**लैटिन अमेरिका में ब्राजील भारत का सबसे बड़ा पार्टनर :**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ब्राजील लैटिन अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है। हम अगले पांच सालों में बाइलेटरल ट्रेड को 20 बिलियन डॉलर से आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा ट्रेड सिर्फ एक आंकड़ा नहीं है, यह भरोसे की झलक है। >14

# मोदी ने विश्वासघात किया : राहुल गांधी

### > खड़गे का आरोप-सरकार ट्रम्प की ट्रैप डील में फंसी, भारत से भारी रियायतें छीन लीं



नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी टैरिफ डील पर विपक्ष फिर मोदी सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को पीएम मोदी पर समझौता करने का आरोप लगाया। कहा कि उनका विश्वासघात अब उजागर हो चुका है। उन्होंने दावा किया कि पीएम इस व्यापार समझौते में फिर से आत्मसमर्पण कर देंगे। उधर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि टैरिफ पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार किए बिना मोदी सरकार ने इतनी जल्दबाजी में एक ट्रैप डील में शामिल क्यों हुए, जिसने भारत से भारी रियायतें छीन लीं।

बता दें अमेरिका ने 2 फरवरी को भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत किया था। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने 20 फरवरी को बताया कि अमेरिका के साथ 'अंतरिम व्यापार समझौता' फरवरी के अंत तक फाइनल हो जाएगा। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ग्लोबल टैरिफ को अवैध बताते हुए रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए कहा कि संविधान के तहत टैक्स और टैरिफ लगाने का अधिकार राष्ट्रपति को नहीं, सिर्फ संसद को है।

**खड़गे ने कहा-मोदीजी को सच्चाई बतानी चाहिए...**

मल्लिकार्जुन खड़गे : मोदी जी को देशवासियों के सामने खड़े होकर सच्चाई बतानी चाहिए। किसने या किन कारणों ने आपको भारत के राष्ट्रीय हित और रणनीतिक स्वायत्तता से समझौता करने के लिए दबाव डाला? क्या यह एप्सटीन फाइल्स थीं। क्या भारत सरकार अपनी गहरी निष्क्रियता से जागेगी? क्या 140 करोड़ भारतीयों के आत्मसम्मान, साथ ही किसानों, मजदूरों, छोटे व्यवसायों और व्यापारियों के हितों की रक्षा करने वाला एक निष्पक्ष व्यापार समझौता पेश करेगी।

जयराम रमेश : यदि सरकार अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के लिए 18 दिन और इंतजार करती, तो भारतीय किसानों और राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जा सकती थी। भारत-अमेरिका व्यापार समझौता वास्तव में एक परीक्षा है, जिसे प्रधानमंत्री की हताशा और आत्मसमर्पण के कारण भारत पर

## भिवंडी कोर्ट में पेश हुए राहुल

मुंबई, 21 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी महाराष्ट्र के ठाणे जिले की भिवंडी मजिस्ट्रेट अदालत में मानहानि मामले में नई जमानत पेश करने पहुंचे। अदालत ने उनसे नया जमानतदार पेश करने को कहा था, क्योंकि उनके पूर्व जमानतदार और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का पिछले साल दिसंबर में निधन हो गया था। राहुल गांधी इस मामले में महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल को नए जमानतदार के रूप में पेश कर रहे हैं। उनके वकील नारायण अय्यर के अनुसार, मजिस्ट्रेट ने औपचारिकताएं पूरी करने के लिए गांधी को व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित होने का निर्देश दिया था।



## अमृतसर में आतंकी साजिश नाकाम

अमृतसर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। अमृतसर के ब्यास थाना के अधीन पड़ती पुलिस चौकी रइया को आतंकियों ने देर रात आईईडी लगाकर उड़ने का प्रयास किया। लेकिन किसी तरह आईईडी के बारे में जानकारी लग जाने पर पुलिस ने उसे बरामद कर लिया। शनिवार सुबह बम डिस्पोजल टीम को बुलाकर आईईडी डिस्पोज कर दिया गया। बड़ी घटना रोकने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। किसी आतंकी संगठन या गैंगस्टर की तरफ से इसे लेकर किसी तरह की जिम्मेदारी नहीं ली गई है। अधिकारी पता लगाने में जुटे हैं कि आईईडी किस आतंकी संगठन या गैंगस्टर ने चौकी के पीछे फिट की थी और फरार हो गए। पुलिस द्वारा इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। शनिवार सुबह तक मामले को लेकर आरोपियों का पता नहीं लग सका है।

# दिल्ली को दहलाने की फिराक में लश्कर-ए-तैयबा

## आईईडी हमले की साजिश, लाल किला और चांदनी चौक का मंदिर निशाने पर

**नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)।**

देश की राजधानी दिल्ली में एक बार फिर आतंकी हमले को लेकर सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से अलर्ट किया गया है। खुफिया सूत्रों की मानें तो लश्कर के आतंकी लाल किले के आसपास धमाके की साजिश रच रहे हैं। आतंकियों के निशाने पर खासकर चांदनी चौक का प्रमुख मंदिर है। सूत्रों के अनुसार, आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) आईईडी हमले की योजना बना रहे हैं। बताया जा रहा है कि 6 फरवरी को पाकिस्तान के इस्लामाबाद स्थित एक मस्जिद में हुए विस्फोट के बाद यह संगठन भारत में बड़ी आतंकी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है।



**इनपुट के बाद बढ़ाई गई सुरक्षा**

सुरक्षा एजेंसियों को जैसे ही इनपुट मिला वैसे ही दिल्ली पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों ने लाल किला, चांदनी चौक और आसपास के धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी है। इसके साथ ही भीड़भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। दूसरी तरफ संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। सुरक्षा एजेंसियों की मानें तो लश्कर के आतंकी देश के बड़े मंदिर को निशाना बना सकते हैं। खासतौर पर दिल्ली के चांदनी का मंदिर उनके निशाने पर हो सकता है। फिलहाल किसी भी तरह के संभावित खतरे को देखते हुए इससे निपटने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

**10 नवंबर को हुआ था दिल्ली में ब्लास्ट**

देश की राजधानी दिल्ली के लाल किले के पास 10 नवंबर 2025 को शाम के समय एक ब्लास्ट हुआ था। इसकी चपेट में कई लोग आए थे। इसके साथ ही कई गाड़ियां भी जलकर खाक हो गईं थीं। इस हादसे में उस समय कई लोगों की मौत हुई थी। साथ ही कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। यह धमाका एक कार में हुआ था। धमाके से पहले वह कार करीब 3 घंटे तक लाल किला एरिया के पार्किंग में ही खड़ी रही थी। इस आतंकी हमले के बाद देशभर के कई इलाकों में छापेमारी की गई थी। इसके साथ ही कई लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था।

**जुमे के दिन हुआ था पाकिस्तान में ब्लास्ट**

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में 6 फरवरी को जुमे की नमाज के दौरान ब्लास्ट हुआ था। इस हमले में कई लोगों की मौत हुई थी।इसके साथ ही कई लोग गंभीर तौर पर घायल हुए थे।धमाका इस्लामाबाद के शहजाद टाउन इलाके में स्थित टेरलाई इमाम बारगाह में हुआ था। यहां जुमे की नमाज अदा की जा रही थी। उसी समय आत्मघाती हमलावर ने खुद को अंदर आने के बाद गेट के पास उड़ा लिया।

## तेज रफ्तार कार ने ली डिलीवरी बॉय की जान

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। राजधानी में एक बार फिर तेज रफ्तार ने एक युवक की जान ले ली। हादसे में बाइक सवार जोमैटो डिलीवरी बॉय की मौत हो गई है। पश्चिमी दिल्ली सुभाष नगर इलाके में तेज रफ्तार कार ने बाइक पर जा रहे जोमैटो डिलीवरी बॉय को जोरदार टक्कर मारी जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। कार चालक नशे की हालत में था और तेज गति से गाड़ी चला रहा था। तेज रफ्तार के चलते कार बेकाबू हो गई और पीछे से बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी की युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। बताया जा रहा है कि यह हादसा सुभाष नगर इलाके में शनिवार (21 फरवरी) की सुबह करीब 3 बजे हुआ है।

## बदमाशों ने की लूट की कोशिश तो एनआरआई महिला ने ललकारा

लुधियाना, 21 फरवरी (एजेंसियां)। पंजाब के लुधियाना से सोशल मीडिया पर एक एनआरआई महिला की दिलेरी का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो में महिला लुटेरों के पीछे तलवार लेकर दौड़ रही है। दावा किया जा रहा है कि यह महिला ऑस्ट्रेलिया से आई एनआरआई हैं। वीडियो में मोटरसाइकिल सवार 2 लुटेरे कार के शीशे पर अंडे मारकर कार सवार महिलाओं को लूटने की कोशिश करते हैं। इतने में कार चला रही एनआरआई महिला तलवार लेकर बाहर निकलने लगती है तो उसके साथ बैठी एक बुजुर्ग महिला उसे रोकने की कोशिश करती है। महिला हाथ में तलवार लेकर बाहर निकलती है और लुटेरों का पीछा करते हुए दौड़ने लगती है।

## 'भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से बाहर रखें सेब उद्योग'

# पीडीपी प्रधान महबूबा मुफ्ती ने पीएम मोदी से की अपील



श्रीनगर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सेब के कश्मीर उद्योग को भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के दायरे से बाहर रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को चाहिए कि वह इस समझौते से जम्मू कश्मीर के सेब उत्पादकों को होने वाले किसी भी नुक्सान की आशंका को समाप्त करें। आज यहां पत्रकारों के साथ एक बातचीत में उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका समझौते के बाद अमेरिका से बड़ी मात्रा में सेब हमारे देश भारत में आएगा।

इससे जम्मू कश्मीर में पैदा होने वाले सेब की कीमतें भी प्रभावित होंगी,उसका निर्यात भी प्रभावित होगा। इसे जम्मू कश्मीर की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होगी और सेब उद्योग जो लगभग सात लाख से ज्यादा परिवारों की आजीविका का प्रत्यक्ष परोक्ष साधन पूरी तरह प्रभावित होगा। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर का सेब उद्योग पहले ही ईरानी सेब के आयातसे प्रभावित हो चुका है। कश्मीरी सेब की कीमत और मांग दोनों ही पहले की अपेक्षा कम हुई है और अब अमेरिकी सेब के भारत में आयात से स्थानीय किसानों को और ज्यादा नुक्सान होगा।

उन्होंने केंद्र से सेब को समझौते की शर्तों से बाहर रखने, अमेरिका से सेब व अन्य बागवानी उत्पादों पर न्यूनतम 50 प्रतिशत आयात कर लगाने, जम्मू कमीर के किसानो के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य को सख्ती से लागू करने औ कसिानों को वित्तीय मदद व अन्य समर्थन प्रदान करने की मांग भी की।

## बागलकोट में खाई में गिरा ट्रैक्टर, दो साल के बच्चे समेत चार लोगों की मौत

बागलकोट, 21 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक के बागलकोट में शनिवार सुबह एक ट्रैक्टर खाई में गिर गई। इसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई, जिसमें एक दो साल का बच्चा भी शामिल था। यह जानकारी पुलिस ने दी है। उन्होंने बताया, यह दुर्घटना रात करीब 2 बजे हुई जब गन्ने की कटाई का काम खत्म करके लौट रहे एक ट्रैक्टर का ट्रेलर अलग होकर खाई में गिर गया। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना बागलकोट जिले के जामखंडी तालुक में कट्टे केरे के पास हुई। मृतकों की पहचान महाराष्ट्र के यवतमाल जिले के बुसा तालुक के गुपवाड़ी निवासी मनीष पांडे (23) में हुई है। इसके साथ ही दो वर्षीय हलाकी पांडे, लक्ष्मी चिरमाडी (27) और रेखा भुके के रूप में की गई है।

## नेशनल हाईवे पर बस-कार की टक्कर में पटवारी समेत 5 लोगों की मौत, 6 घायल

भिंड, 21 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के भिंड-ग्वालियर नेशनल हाईवे 719 पर गोहद थाना क्षेत्र के छीमका गांव के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। शनिवार की दरम्यानी रात 2 बजकर 30 मिनट के करीब तेज रफ्तार खाली बस ने यात्रियों से भरी ईको कार में टक्कर मार दी, जिससे चार लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। हादसे में 6 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से दो को गंभीर हालत में ग्वालियर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, बस भिंड में बारात छोड़कर ग्वालियर वापस जा रही थी, जबकि ईको कार ग्वालियर से भिंड की ओर आ रही थी। गोहद चौराहा थाना क्षेत्र के छीमका के पास दोनों में तेज टक्कर हो गई थी।

टक्कर इतनी तेज थी कि ईको कार के परखच्चे उड़ गए। पुलिस फिलहाल मृतकों एवं घायलों की पहचान करने में जुटी हुई है। एक मृतक की पहचान भिंड निवासी जगदीश भदौरिया के रूप में हुई है जो कि वर्तमान में पटवारी थे और भूतपूर्व सैनिक भी थे। एक व्यक्ति की पहचान अतुल शिवहरे के रूप में हुई है। जबकि अन्य की पहचान करने की कोशिश अभी जारी है। वहीं पुलिस के अनुसार ईको कार नंबर के आधार पर वाहन मालिक से बात की गई तो उसने बताया कि उसके द्वारा कार को बेच दिया गया था। और जिस व्यक्ति को कार बेची गई उदक मोबाइल फिलहाल बंद आ रहा है।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर कांग्रेस का वार कहा- ये डील नहीं देश के लिए परेशानी



नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापक वैश्विक टैरिफ को रद्द कर दिया। अदालत ने साफ कहा कि इतने बड़े स्तर पर टैरिफ लगाने का अधिकार सीधे राष्ट्रपति को नहीं है। इस फैसले के बाद भारत की राजनीति में भी प्रतिक्रिया सामने आई। कांग्रेस ने इसे भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। कांग्रेस का आरोप है कि भारत और अमेरिका के बीच हुआ अंतरिम व्यापार समझौता दरअसल देश के लिए ओरडील यानी परेशानी साबित हो रहा है। पार्टी का कहना है कि यह समझौता मजबूरी और जल्दबाजी में किया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि भारत सरकार थोड़ा इंतजार करती और सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने देती, तो शायद भारत को एकतरफा शर्तों वाले समझौते का सामना नहीं करना पड़ता। कांग्रेस का तर्क है कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी छवि बचाने और राजनीतिक दबाव से निकलने के लिए जल्दबाजी में यह समझौता किया। पार्टी का दावा है कि इससे भारतीय किसानों और देश के आर्थिक हितों को नुकसान हो सकता है। कुल मिलाकर कांग्रेस इस व्यापार समझौते को संतुलित नहीं, बल्कि दबाव में किया गया फैसला बता रही है। उन्होंने अमेरिकी न्याय व्यवस्था की सराहना भी की।

**कांग्रेस के गंभीर आरोप**

जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि दो फरवरी 2026 की रात अमेरिका द्वारा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा अचानक कर दी गई। उन्होंने सवाल उठाया कि लोकसभा में उसी दिन दोपहर क्या हुआ था, जिससे प्रधानमंत्री को व्हाइट हाउस से घोषणा करवानी पड़ी। कांग्रेस का दावा है कि यह समझौता भारत के किसानों और देश की संप्रभुता के लिए नुकसानदेह है।

**ट्रंप का बयान और भारत पर टैरिफ**

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ डील जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि कुछ नहीं बदलेगा। भारत टैरिफ देगा और हम नहीं देंगे। ट्रंप ने यह भी कहा कि भारत ने उनके अनुरोध पर रूस से तेल खरीद में कमी की। हाल ही में अमेरिका ने भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत दंडात्मक टैरिफ हटाकर इसे 18 प्रतिशत करने की घोषणा की थी। अंतरिम व्यापार ढांचे के तहत अमेरिका भारत से आयात पर 18 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ लेगा। इससे पहले रूस से तेल खरीद के कारण 25 प्रतिशत शुल्क लगाया गया था। ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने टैरिफ के जरिए भारत-पाकिस्तान संघर्ष को भी रोका।

# मेहुल चोकसी के बेटे पर चार्जशीट

## पत्नी को भगोड़ा घोषित कराने की तैयारी, ईडी ने कसा शिकंजा



नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। पंजाब नेशनल बैंक घोटाले में अब मेहुल चोकसी के बाद अब बेटे रोहन चौकसी के खिलाफ भी शिकंजा कसने वाला है। ईडी जल्द ही मेहुल के बेटे रोहन के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने वाली है। ईडी 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर के पीएनबी घोटाले में बड़ी कार्रवाई की तैयारी में है।सूत्रों के मुताबिक ईडी जल्द ही मेहुल चोकसी के बेटे रोहन चोकसी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर सकती है। बता दें कि रोहन चोकसी इस समय अमेरिका में हैं।

**बेटे रोहन ने भी कर रखा है बड़ा खेल**

ईडी और सीबीआई ने पीएनबी बैंक फ्रॉड मामले की जांच शुरू की थी। 2018 से चल रही जांच में रोहन चोकसी का नाम किसी भी एफआईआर या चार्जशीट में आरोपी के तौर पर शामिल नहीं था, लेकिन मनी लॉन्ड्रिंग जांच एजेंसी को हाल ही में मिले नए सुराग और सबूतों से खुलासा हुआ है कि रोहन चोकसी अपने पिता की ओर से खड़ी की गई कुछ डमी कंपनियों में निदेशक के रूप में जुड़े हुए थे।

**पत्नी को भगोड़ा घोषित करने की तैयारी**

सूत्रों के मुताबिक ईडी मेहुल चोकसी की पत्नी प्रीति चोकसी को भी भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने के लिए अदालत में आवेदन दायर करने की तैयारी कर रही है।रोहन चोकसी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने के बाद, ईडी उसे भी भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित कराने के लिए विशेष अदालत का दरवाजा खटखटा सकती है।

## मदनपुर खादर में सिलेंडर ब्लास्ट हादसे में 3 लोग झुलसे, हालत नाजुक

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली के मदनपुर खादर इलाके में शनिवार की सुबह तड़के बड़ा हादसा हो गया। सुबह करीब 4:30 बजे गैस सिलेंडर फटने की घटना सामने आई। इलाके में एलपीजी सिलेंडर में आग लगने से कम से कम तीन लोग बुरी तरह से झुलस गए हैं। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंच चुकी है। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। घायलों को तुरंत इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। शुरुआती जांच में पता चला है कि इस घटना की किचन में रखे गैस में लीक होने की वजह से होने की आशंका जताई गई है। ब्लास्ट की आवाज सुनकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल मच गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित कर तुरंत घर के लोगों को बचाने का प्रयास शुरू कर दिया। इसके बाद फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया साथ ही इस आग की चपेट में आए लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया है। इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से झुलसे हैं। इसमें एक शख्स की हालत नाजुक है। इन सभी को अस्पताल में भर्ती कराया है। बाकी घायलों का फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में इलाज किया जा रहा है। इस हादसे में काफी नुकसान होने की आशंका है। बताया जा रहा है कि जरूरी सामान जलकर खाक हो गया है।

# डगपोरा इलाके में सेना का वाहन नहर में गिरा, सीआरपीएफ के 9 जवान घायल

श्रीनगर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। श्रीनगर के सौरा के डगपोरा इलाके में एक बंकर गाड़ी सड़क से फिसलकर नहर में गिर गई, जिसमें कम से कम नौ सीआरपीएफ जवान घायल हो गए। यह हादसा अहमद नगर में डगपोरा रोड पर उमर हेयर के पास हुआ। जानकारी के अनुसार, वाहन के ड्राइवर ने गाड़ी पर से कंट्रोल खो दिया। इससे वाहन नहर में जा गिरी। शुरू के सीआरपीएफ के सात घायल जवानों को हॉस्पिटल ले जाया गया। बाद में दो और घायल जवानों को इलाज के लिए एसकेआईएमएस सौरा लाया गया। सभी घायल जवान स्टेबल हैं।

अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को श्रीनगर के डगपोरा इलाके में एक सड़क हादसे में सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) के कई जवान घायल हो गए। घायल जवानों को इलाज के लिए शेर-ए-कश्मीर इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज में भर्ती कराया गया है। घायलों की पहचान नागिंदर सिंह (36), अजीत कुमार राम (36), राज किशोर राय (40), अमित कुमार यादव (38), राजधन राम (55), मंकर कुमार (40) और नीरज कुमार (45) के तौर पर हुई है। अधिकारियों ने कन्फर्म किया है कि सभी घायलों की हालत स्थिर है और उन्हें कई चोटें आई हैं।

**राजौरी में हथियार व गोला-बारूद बरामद**

वहीं, जम्मू कश्मीर के राजौरी जिला में घुसपैठ की कोशिश नाकाम किए जाने के एक दिन बाद शुक्रवार को चलाए गए तलाश अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए। अधिकारियों के अनुसार नियंत्रण रेखा से लगे सुंदरबनी सेक्टर के नथुआ टिब्बा इलाके में सघन तलाश अभियान के दौरान यह बरामदगी हुई। उन्होंने बताया कि सैनिकों ने इलाके में खून के धब्बों को चिह्नित किया, जिससे संकेत मिलता है कि संभवत: घुसपैठ करने वाले आतंकवादी गंभीर रूप से घायल हुए होंगे। तलाश के दौरान सुरक्षा बलों ने हथियारों और अन्य साजो सामान का जखीरा बरामद किया, जिसमें एक एके-47 राइफल, दो मैगजीन, तीन रकसैक, कंबल, राशन और कपड़े शामिल हैं।



## क्रिकेट सट्टेबाजी सिंडिकेट का भंडाफोड़, टी-20 विश्व कप के मैचों पर दांव लगाने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। पश्चिमी जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने आनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी के एक सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने तिलक नगर इलाके के एक फ्लैट में छापेमारी कर तीन आरोपितों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह गिरोह चल रहे टी-20 वर्ल्ड चैंपियनशिप के मैचों पर डिजिटल पोर्टल्स के जरिए अवैध दांव लगवा रहा था। उपायुक्त डी शरद भास्कर ने बताया कि टी-20 वर्ल्ड चैंपियनशिप के दौरान अवैध सट्टेबाजी पर लगाम लगाने के लिए स्पेशल स्टाफ लगातार निगरानी रख रहा था। 19 फरवरी को इंस्पेक्टर राजेश मौर्य के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई, जिसमें एसआई संजीत राणा और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## सामान देने के बहाने घर में घुसा कूरियर बॉय

सूरत, 21 फरवरी (एजेंसियां)। गुजरात के सूरत जिले से हैरान कर देने वाली वारदात सामने आई है। जहां बारडोली तहसील में दिनदहाड़े घर में घुस कर चोरी करने की कोशिश की गई। ये चोरी कूरियर बॉय बनकर आए शख्स ने घर में घुसकर चाकू की नौंक पर लूटने का प्रयास किया। परिवार की सूझबूझ और बहादुरी के कारण लुटेरों को खाली हाथ भागना पड़ा। दोपहर के समय जब परिवार आराम कर रहा था। उसी दौरान एक अज्ञात शख्स बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर कूरियर देने के बहाने आया ओर घर में घुस गया। मालिक ने कोई सामान नहीं मंगवाने की बात कर पार्सल लेने से इन्कार कर दिया। परिजनों ने घर में घुसे लुटेरों को जब बाहर जाने के लिए बोला तो उसने चाकू निकालकर पैसे की मांग की और धमकाना शुरू कर दिया।

# केंद्रीय मंत्री से मिले विक्रमादित्य, पीएमजीएसवाई के अगले चरण में 1200 किलोमीटर नई सड़कें बनेंगी



शिमला, 21 फरवरी (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शनिवार को नई दिल्ली में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट कर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) चरण-4 के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश में स्वीकृत सड़क परियोजनाओं तथा चल रहे कार्यों की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में शिमला जिले के अति दुर्गम और ऊंचाई वाले क्षेत्र डोडरा क्वार की सड़क परियोजनाओं का विषय मुख्य रूप से उठाया गया। अवगत कराया गया कि पीएमजीएसवाई चरण-1 के अंतर्गत स्वीकृत डोडरा क्वार क्षेत्र की सड़क का कुछ भाग कठोर भौगोलिक परिस्थितियों, दुर्गम भू-सतह, कठिन मौसम और सीमित कार्य मौसम के कारण अभी तक पूर्ण नहीं हो सका है, जबकि यह मार्ग स्थानीय ग्रामीण आबादी, सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य आपातकालीन सेवाओं तथा आवश्यक सामग्री की आपूर्ति की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है।

इस संदर्भ में विक्रमादित्य सिंह ने अनुरोध किया कि डोडरा क्वार क्षेत्र के लंबित सड़क पैकेजों और चरण-1 के शेष कार्यों के लिए विशेष छूट, अतिरिक्त वित्तीय सहयोग तथा तकनीकी सहायता प्रदान की जाए, ताकि इस भौगोलिक रूप से चुनौतिपूर्ण क्षेत्र के लोगों को शीघ्र सर्व-मौसम सड़क सुविधा सुनिश्चित की जा सके। बैठक के दौरान यह भी अवगत कराया गया कि हिमाचल के लिए पीएमजीएसवाई-4 के तहत लगभग 1,500 किलोमीटर लंबाई की ग्रामीण सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनकी अनुमानित लागत लगभग 2,300 करोड़ है।

साथ ही, प्रदेश सरकार की ओर से पीएमजीएसवाई-4 के ही दूसरे चरण में लगभग 1,200 किलोमीटर अतिरिक्त सड़कों का प्रस्ताव केंद्र सरकार के समक्ष रखा गया है, जिसके लिए लोक निर्माण विभाग की ओर से डीपीआर (विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन) तैयार किए जा रहे हैं और निकट भविष्य में इन परियोजनाओं की स्वीकृति की अपेक्षा है।

## गुजरात में अलग-अलग सड़क हादसों में 11 लोगों की मौत, एक घायल

अहमदाबाद, 21 फरवरी (एजेंसियां)। गुजरात में दो अलग-अलग सड़क हादसों में 11 लोगों की मौत हो गई जबकि एक शख्स घायल हो गया। पहला हादसा गुजरात के मेहसाणा के ऊंझा हाईवे पर एक दर्दनाक हादसा सामने आया। यहां एक तेज रफ्तार ईको कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। इस भीषण टक्कर में कार सवार एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई जबकि कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। वहीं वलसाड जिले के कपराड़ा तालुका स्थित कुंभघाट के पहाड़ी रास्ते पर हुए एक भीषण हादसे में सात लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा उस वक्त हुआ जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कार अनियंत्रित होकर आगे खड़े एक अन्य ट्रक में जा घुसी। मेहसाणा जिले के ऊंझा हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। उनावा के पास एक तेज रफ्तार ईको कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। इस भीषण टक्कर में कार में सवार एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। मेहसाणा से प्राप्त जानकारी के मुताबिक राजस्थान के पाली जिले के भावनगर क्षेत्र का रहनेवाला एक परिवार विवाह समारोह में शामिल होकर खुशियां मनाकर वापस अहमदाबाद के रामोल लौट रहा था। जैसे ही उनकी ईको कार ऊंझा-मेहसाणा हाईवे पर उनावा के पास पहुंची, अचानक चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार पूरी रफ्तार के साथ डिवाइडर से टकरा गई।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH
स्वतंत्र वार्ता



# मेरा हैदराबाद

**सुविचार**
कौन कहता है की ईश्वर नजर नहीं आता, सिर्फ वही तो नजर आता है जब कोई नजर नहीं आता!

## महिलाओं को ऋण देना राष्ट्र के लिए सबसे सुरक्षित निवेश : शिवराज सिंह चौहान

### वित्तीय साक्षरता एवं सुदृढ़ता पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित




हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने शनिवार को हैदराबाद में वित्तीय साक्षरता एवं सुदृढ़ता पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में नीति-निर्माताओं, विनियामक संस्थाओं, वित्तीय संस्थानों, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशनों तथा सामुदायिक नेतृत्वकर्ताओं ने भाग लिया।

सम्मेलन का उद्देश्य ग्रामीण भारत में वित्तीय जागरूकता को सुदृढ़ करना, परिवार स्तर पर आर्थिक सुदृढ़ता बढ़ाना तथा समावेशी आर्थिक विकास को आगे बढ़ाना था। सम्मेलन में वित्तीय साक्षरता, परिवार स्तर की वित्तीय सुदृढ़ता तथा आजीविका एवं उद्यमों के लिए ऋण तक पहुंच के विस्तार पर विषयगत तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। चर्चा में सतत वित्तीय शिक्षा, गहन वित्तीय समावेशन तथा संस्थागत समन्वय को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। स्वयं सहायता समूहों और उनके महासंघों को वित्तीय सेवाओं तथा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों के प्रभावी और विश्वसनीय मंच के रूप में मान्यता दी गई।

हैदराबाद में 25वीं केंद्रीय स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई, जो ग्रामीण वित्तीय तंत्र में नीति संवाद और समन्वय को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री और समिति के अध्यक्ष शिवराज सिंह चौहान ने की। बैठक में ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी तथा तेलंगाना सरकार की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री डी. अनसूया (सीतक्का) भी उपस्थित रहीं। ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं तेलंगाना सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी बैठक में भाग लिया।

इनमें ग्रामीण विकास सचिव शैलेश कुमार सिंह, अतिरिक्त सचिव टी.के. अनिल कुमार, संयुक्त सचिव स्मृति शरण तथा स्वाति शर्मा शामिल थे। तेलंगाना सरकार के पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख सचिव एन. श्रीधर, आयुक्त एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, दिव्या देवराजन के साथ-साथ राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक, भारतीय रिजर्व बैंक, विभिन्न बैंकों, एशियाई विकास बैंक तथा विभिन्न राज्यों के स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। बैंकों, वित्तीय संस्थानों, विनियामकों और बैंक सखी, बैंक संवाददाता सखी, वित्तीय साक्षरता सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों तथा बीमा सखियों को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने स्वयं सहायता समूहों की बैंकिंग से मजबूत संबद्धता तथा व्यक्तिगत महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ऋण देना जोखिम नहीं, बल्कि राष्ट्र के लिए सबसे सुरक्षित निवेश है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी हितधारकों के सामूहिक सहयोग से 'दीदियां' लाखपति से करोड़पति बन सकती हैं, जिससे महिला-नेतृत्व वाला ग्रामीण परिवर्तन तेज होगा और विकसित भारत के संकल्प को बल मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने अंतिम छोर तक वित्तीय पहुंच को सुदृढ़ करने, उद्यम वित्तपोषण का विस्तार करने तथा ग्रामीण परिवारों के लिए जोखिम संरक्षण तंत्र को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

### महिलाओं की आर्थिक शक्ति से ही राष्ट्र की प्रगति : मंत्री सीतक्का

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना की पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री सीतक्का ने कहा कि महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण ही राष्ट्रीय प्रगति की आधारशिला है और महिलाओं की समान भागीदारी के बिना सतत विकास संभव नहीं। वह हैदराबाद के होटल काकतीय में आयोजित राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता सम्मेलन और 25वीं केंद्रीय स्तरीय समन्वय समिति (सीएलसीसी) की बैठक को संबोधित कर रही थीं। कार्यक्रम में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि राज्य मंत्री पेमसानी चंद्रशेखर समेत केंद्र व राज्य के वरिष्ठ अधिकारी, बैंकर और विकास भागीदार भी मौजूद थे। संविधान निर्माता बीआर अंबेडकर के आदर्शों का उल्लेख करते हुए सीतक्का ने कहा कि महिलाओं का विकास ही समाज का विकास है। उन्होंने बताया कि तेलंगाना की औसत वार्षिक वृद्धि दर 12.9 प्रतिशत रही है और गरीबी उन्मूलन के प्रयासों को नीति आयोग से सराहना मिली है।

## हमारे भारत को प्राकृतिक खेती वाला देश बनना चाहिए : डॉ. गिरीश कुमार संघी

### 'एग्री शो प्रदर्शनी 2026' का कई नेताओं ने दौरा किया

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। वार्ता प्रकाशन समूह के प्रबंध निदेशक व पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ. गिरीश कुमार संघी ने इच्छा जताई है कि हमारा पूरा भारत देश प्राकृतिक खेती वाला देश बनना चाहिए। शनिवार को पूर्व कृषि मंत्री हरीश राव, सिंगीरेड्डी निरंजन रेड्डी, हरियाणा के पूर्व राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, पूर्व एमएलसी सेरी सुभाष रेड्डी, पूर्व एमएलए गंद्रा वेंकटरमण रेड्डी और कई अन्य नेताओं ने डॉ. गिरीश कुमार संघी के साथ एनटीआर स्टेडियम में चल रहे 'एग्री शो कृषि प्रदर्शनी' का दौरा किया। उन्होंने एग्री शो में लगे 320 स्टॉल्स को बड़ी दिलचस्पी से देखा और स्टॉल मैनेजरों से विस्तृत जानकारी। बाद में हुई बैठक में बोलते हुए डॉ. गिरीश कुमार संघी ने इतने बड़े पैमाने पर



एग्रीकल्चरल एग्ज़िबिशन लगाने के लिए राजेंद्र रेड्डी की तारीफ की, जो यू-ट्यूब चैनल रैतूबाड़ी के जरिए एग्रीकल्चरल वीडियो दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रदर्शनी एग्रीकल्चर सेक्टर के विकास में बहुत मदद करेंगी और वह भविष्य में भी ऐसी प्रदर्शनी बड़े पैमाने पर लगाने और जरूरी मदद देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि जब वह हाल ही में रायपुर गए थे, तो एक एग्रीकल्चरल प्रदर्शनी में नेचर-बेस्ड पौधों को लाइव दिखाया गया था, और अगर राजेंद्र रेड्डी भी लाइव एग्ज़िबिशन करना चाहते हैं, तो वह उन्हें बिना किसी किराए के, सभी सुविधाओं के साथ, मुफ़्त सुविधा देंगे। उन्होंने कहा कि वह अपने दादा-दादी के जमाने से ही एक हजार गायों से लिक्विड खाद बनाकर गो-आधारित खेती कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नेचर फार्मिंग से उगाई गई डिशेज न सिर्फ़ हेल्दी होती हैं, बल्कि बहुत टेस्टी भी होती हैं, और इन फसलों से उगाए गए फलों का साइज, स्वाद और क्वालिटी बहुत अच्छी होती है। पूर्व मंत्री हरीश राव ने कहा कि राजेंद्र रेड्डी वो काम कर रहे हैं जो सरकार को करना चाहिए, और राजेंद्र रेड्डी अपने किसान स्कूल के जरिए कुछ ऐसा कर रहे हैं जो कोई दूसरा सिस्टम नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि खेती और खेती के लिए बहुत काम आने वाली ऐसी और प्रदर्शनियां लगाने की जरूरत है। उन्होंने चिंता जताई कि केसीआर ने पहले किसानों को जरूरी सुरक्षा दी, लेकिन आज किसानों के लिए सुरक्षा की कमी है। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शन के दौरान कुछ किसानों ने अपनी शिकायतें बताईं, कि किसानों को यूरिया नहीं मिल रहा है, किसानों को रैतू बंधु नहीं दिया जा रहा है, और किसानों को सिर्फ़ 12 घंटे बिजली दी जा रही है, और वह आने वाली विधानसभा की मीटिंग में इन सब बातों पर बात करेंगे और किसानों की समस्याओं को हल करने की पूरी कोशिश करने का वादा करते हैं। पूर्व राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि किसानों को खेती के मॉडर्न तरीकों के बारे में बताना और खेती के सेक्टर में मौजूद टेक्नोलॉजिकल मशीनरी को उनके लिए आसान बनाना बहुत जरूरी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अगर टेक्नोलॉजी की जानकारी दी जाए और मॉडर्न मशीनरी से खेती की जाए तो खेती ज़्यादा फायदेमंद हो जाएगी, और ऐसे डेमोंस्ट्रेशन किसानों को गाइड करने और एग्रीकल्चर सेक्टर को ज़्यादा सस्टेनेबल और फ़ायदेमंद बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

## अग्नि दुर्घटना रोकने में स्वच्छ ऑटो कर्मचारी करें सहयोग : एसीपी

### स्वच्छ ऑटो कर्मचारियों के साथ विशेष समीक्षा बैठक

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बालानगर में हाल ही में सड़कों किनारे जमा कचरे में आग लगने के कारण आग दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। इसी संदर्भ में आज बालानगर एसीपी नरेश रेड्डी के नेतृत्व में स्वच्छ ऑटो कर्मचारियों के साथ विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जीएचएमसी की ओर से एसएफओ नागराजु ने हिस्सा लिया और स्वच्छता प्रबंधन में आ रही चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि सड़कों किनारे ढेरों कचरे में आग लगाने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। स्वच्छ ऑटो कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे कचरा सड़क किनारे न फेंके और इसे समय-समय पर निर्धारित डंपिंग पॉइंट पर स्थानांतरित करें। विशेष रूप से गर्मी के मौसम के दौरान आग दुर्घटनाओं से बचने के लिए अत्यंत सतर्क रहने की चेतावनी दी गई। एसीपी ने कहा कि शांति-सुरक्षा बनाए रखने के साथ-साथ जनता की सुरक्षा पुलिस का मुख्य लक्ष्य है। कर्मचारियों को अन्य क्षेत्रीय समस्याओं पर भी सुझाव दिए गए और उनके समाधान के उपाय सुझाए गए। उन्होंने सभी स्वच्छता कर्मचारियों से जिम्मेदारीपूर्वक काम करने और आग दुर्घटना मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने का आग्रह किया।

## नशीली दवाओं की बिक्री पर नियंत्रण के लिए छापेमारी

### 166 मेडिकल शॉप में अनियमितताएं पाई गईं * लाइसेंस निलंबन या रद्द करने के लिए नोटिस जारी



हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना ड्रग कंट्रोल प्रशासन ने राज्यभर में हर्बल और नशीली दवाओं की अवैध बिक्री को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत 21 फरवरी को कई रिटेल मेडिकल शॉप पर छापेमारी की गई, जिसमें कोडीन युक्त खाँसी सिरप, नाइट्राज़ेपाम, अल्प्राज़ोलम, ट्रामाडोल, ज़ोल्पिडेम, टैपेंटाडोल जैसी हर्बल और नशीली दवाओं की बिक्री पर विशेष ध्यान दिया गया। महानिदेशक, ड्रग कंट्रोल प्रशासन, तेलंगाना शाहनवाज क़ासिम ने बताया कि अधिकारियों ने 166 मेडिकल शॉप्स में विभिन्न अनियमितताएं पाई और संबंधित दुकानों को कारण बताओ नोटिस जारी किए।

इन अनियमितताओं में बिना पंजीकृत चिकित्सक की पर्ची के दवाओं की बिक्री, बिल जारी न करना या बिलों का रखरखाव न करना, पर्ची और शेड्यल एच 1 दवाओं का रजिस्टर नहीं रखना, पंजीकृत फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में दवा वितरण, बिक्री और खरीद के बिलों का अभाव या गलत रिकॉर्ड रखना शामिल है। उन्होंने कहा कि शेड्यूल एच, एच1 और एक्स की दवाएँ केवल वैध पर्ची पर ही बेची जा सकती हैं। इन दवाओं की गैरकानूनी बिक्री, वितरण या दुरूपयोग गंभीर अपराध माना जाएगा और इसके लिए लाइसेंस रद्द और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी मेडिकल शॉप्स को निर्देश दिया गया है कि वे पर्चियों और बिक्री रजिस्टरों का सही तरीके से पालन करें और किसी भी दवा का दुरूपयोग न होने दें।

## हरीश राव ने 'रैतू बंधु' राशि जारी करने की मांग की

### पूर्व मंत्री का पुलिस मशीनरी के दुरूपयोग का आरोप

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री और बीआरएस विधायक दल के उपनेता टी. हरीश राव ने शनिवार को कांग्रेस सरकार पर नगर पालिका चुनावों को प्रभावित करने और विपक्षी कार्यकर्ताओं को डराने के लिए पुलिस मशीनरी के दुरूपयोग का आरोप लगाया। संगारेड्डी जिला जेल में बंद 13 बीआरएस कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद हरीश राव ने आरोप लगाया कि पुलिस ने पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाते हुए अवैध गिरफ्तारियां कीं और बीआरएस कार्यकर्ताओं पर मनगढ़ंत मामले दर्ज किए। उन्होंने कहा कि गंभीर धाराएं बिना किसी चिकित्सीय साक्ष्य के लगाई गईं, जबकि कथित आचार संहिता उल्लंघनों पर कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई।

## नशीली दवाओं की तस्करी का आरोपी पकड़ा गया

### अफीम के दो खरीदार भी गिरफ्तार



हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। अमींपुर पुलिस स्टेशन की टीम ने सेरलिंगमपल्ली ज़ोन, साइबराबाद की एसओटी टीम के साथ समन्वित कार्रवाई करते हुए एक अंतरराज्यीय नशे के तस्कर और दो खरीदारों को गिरफ्तार किया। इस दौरान 2.7 किलोग्राम अफीम और 50 हजार रुपये नकद जब्त किए गए। गिरफ्तार आरोपियों में विश्नोई हेतराम (50 वर्ष) निवासी विश्नोई किधानी, डूंगरपुर, राजस्थान, बगडाराम, (56 वर्ष) निवासी कदथल, कुशलपुर, राजस्थान, गोदारा सुभाष ( 21 वर्ष) निवासी ओडीएफ पार्क कॉलोनी, अमींपुर, साइबराबाद, राजस्थान शामिल है। विश्वसनीय सूचना मिली कि राजस्थान से एक व्यक्ति अमींपुर स्थित महाराज टाइल्स शॉप में अफी बेचने आ रहा है। इस सूचना पर अमींपुर पुलिस और एसओटी टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी विश्नोई हेतराम को सुबह गिरफ्तार किया और उसके पास से 2.7 किलोग्राम अफी जब्त की। इसके अलावा, अफी खरीदने आए दो ग्राहक बगडाराम और सुभाष को भी हिरासत में लिया गया। डीसीपी, शेरलिंगमपल्ली च. श्रीनिवास ने नागरिकों से अनुरोध है कि नशीली दवाओं से संबंधित किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन पर दें। माता-पिता, शिक्षक और सामुदायिक नेता मिलकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। यह कार्रवाई च. श्रीनिवास, डीसीपी, शेरलिंगमपल्ली ज़ोन और शोभन कुमार, डीसीपी, एसओटी, तथा एन. उदय रेड्डी, अतिरिक्त डीसीपी, सेरलिंगमपल्ली ज़ोन के मार्गदर्शन में अमींपुर पुलिस और एसओटी की संयुक्त प्रयासों से की गई।

## डिजिटल कृषि से बढ़ रहा किसानों का भरोसा

### किसानों की आय वृद्धि ही मुख्य लक्ष्य : डॉ.बी. गोपी



हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना कृषि विभाग ने डिजिटल तकनीक को अपनाते हुए खेती को अधिक पारदर्शी, तेज और लाभकारी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। कृषि मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव के नेतृत्व में विभाग बीज से लेकर फसल बिक्री तक हर चरण को डिजिटल प्रणाली से जोड़ रहा है, जिससे किसानों को सीधे और समयबद्ध लाभ मिल रहा है। राज्य में अब कृषि केवल परंपरागत श्रम तक सीमित नहीं, बल्कि 'स्मार्ट कृषि' की ओर अग्रसर है। डिजिटल फसल पंजीकरण, ऑनलाइन खरीद प्रणाली, उर्वरक बुकिंग अनुप्रयोग और सीधे बैंक खाते में सहायता राशि हस्तांतरण जैसी पहलें किसानों की आय वृद्धि में सहायक बन रही हैं। राज्य



की निवेश सहायता योजना के तहत किसानों को प्रति एकड़ वार्षिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में जमा की जा रही है। इसके साथ ही केंद्र सरकार की किसान सम्मान निधि योजना भी किसानों को अतिरिक्त आर्थिक संबल दे रही है।

किसान बीमा योजना के अंतर्गत दुर्घटना या मृत्यु की स्थिति में मात्र 15 दिनों के भीतर 5 लाख रुपये की सहायता डिजिटल प्रक्रिया के माध्यम से परिजनों के खाते में जमा की जा रही है। फसल ऋण माफी की प्रक्रिया भी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी ढंग से संचालित की जा रही है, जिससे



किसान आधार संख्या के जरिए अपनी स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। तेलंगाना देश का पहला राज्य है, जहां यूरिया बुकिंग के लिए विशेष अनुप्रयोग विकसित किया गया। किसान घर बैठे उर्वरक बुक कर नजदीकी विक्रेता से प्राप्त कर रहे हैं। उर्वरक भंडार की निगरानी के लिए इन्वेंटरी सत्यापन प्रणाली लागू की गई है, जिससे कालाबाजारी पर रोक लगी है। ई-पीओएस मशीनों के माध्यम से उर्वरकों की बिक्री बायोमेट्रिक प्रणाली से की जा रही है। वहीं, ऑनलाइन लाइसेंस प्रबंधन प्रणाली से उर्वरक, बीज और कीटनाशक विक्रेताओं को पारदर्शी तरीके से लाइसेंस जारी किए जा रहे हैं। प्रत्येक मौसम में कृषि विस्तार अधिकारी गांववार डिजिटल फसल पंजीकरण कर रहे हैं। इससे फसल क्षेत्र का सटीक अनुमान, आपदा मुआवजा और सरकारी खरीद की तैयारी संभव हो रही है। ऑनलाइन खरीद प्रणाली के माध्यम से धान की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सीधे की जा रही है। कपास उत्पादकों के लिए विशेष अनुप्रयोग से अग्रिम बुकिंग कर बिक्री की सुविधा उपलब्ध है।राज्यभर में किसान वेदिकाओं के माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा वैज्ञानिकों से सीधे संवाद की व्यवस्था की गई है। कृषि विभाग का आधिकारिक संदेश सेवा मंच और वीडियो चैनल किसानों को मौसम आधारित सलाह, बाजार भाव और आधुनिक तकनीकी जानकारी प्रदान कर रहा है। मेदक जिले की वसंत नामक महिला किसान ने बताया कि सड़क दुर्घटना में पति की मृत्यु के बाद बीमा सहायता के लिए आवेदन करने पर तीन दिनों के भीतर 5 लाख रुपये खाते में जमा हो गए।



सिद्दिपेट जिले के किसान रवि ने बताया कि उन्होंने घर बैठे उर्वरक बुक कर आसानी से प्राप्त किया। वहीं, वारंगल जिले के लक्ष्मीनारायण ने डिजिटल फसल पंजीकरण और ऑनलाइन बिक्री से धान व कपास पर समर्थन मूल्य प्राप्त करने की जानकारी दी। कृषि विभाग का कहना है कि डिजिटल प्रणाली से न केवल पारदर्शिता बढ़ी है, बल्कि किसानों का आत्मविश्वास भी सशक्त हुआ है। तकनीक आधारित सतत कृषि को ही भविष्य बताते हुए विभाग ने किसानों से इन सुविधाओं का अधिकाधिक उपयोग करने का आह्वान किया है। कृषि निदेशक डॉ.बी. गोपी ने कहा कि किसानों की आय वृद्धि ही विभाग का मुख्य लक्ष्य है और डिजिटल कृषि इसी दिशा में एक सशक्त कदम है।

## महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर सक्रिय पुलिस

### असामाजिक तत्वों पर नकेल कसेगी

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद पुलिस ने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए 14 फरवरी से 20 फरवरी 2026 तक व्यापक कार्रवाई की। इस सप्ताह की कार्रवाई के बारे में उप-पुलिस आयुक्त सृजन कर्णम ने जानकारी दी। साइबराबाद की विशेष टीमों ने इस सप्ताह कुल 192 डेकॉय अभियानों को अंजाम दिया। सार्वजनिक स्थानों पर अशिष्ट व्यवहार में लिप्त 54 लोगों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। इनमें से 43 लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए, जबकि बाकी को परामर्श दिया गया। विभिन्न माध्यमों से प्राप्त 13 महिला शिकायतों का भी टीमों ने समाधान किया।

एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा आयोजित विशेष रात्रिकालीन छापों में 14 सेक्स वर्कर्स और 3 ट्रांसजेंडरों को हिरासत में लिया गया। तीन प्राथमिकी मामलों में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और चार पीड़ितों को सुरक्षित किया गया। बिना अनुमति और नियमों के उल्लंघन करने वाले एक स्पा सेंटर पर भी मामला दर्ज किया गया। फैमिली काउंसलिंग सेंटर और सीडीईडब्लू केंद्रों के माध्यम से पति-पत्नी के बीच उत्पन्न पारिवारिक समस्याओं का समाधान किया गया। इस प्रयास के तहत 28 परिवारों ने आपसी मतभेद दूर कर पुनः एक साथ रहने का निर्णय लिया। साइबराबाद सुरक्षा परिषद के सहयोग से जेएनटीयू और केपीएचबी में स्थित सीवीएम सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारियों के लिए विशेष 'वुमेंस डे सेफ्टी बूट कैम्प' आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 50 कर्मचारियों को आत्मरक्षा तकनीक, कार्यस्थल सुरक्षा और उत्पीड़न से निपटने के तरीकों की जानकारी दी गई। साइबराबाद क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से मानव तस्करी, बाल विवाह, साइबर उत्पीड़न, ईव-टीजिंग, पीछा करना और साइबर धोखाधड़ी के बारे में 3852 लोगों को जानकारी दी गई।

CLASSIFIEDS

**चाहिए**

8 घंटे या 24 घंटे के लिए हाउस मेड चाहिए। रहने खाने की मुफ्त सुविधा। हर महीने पगार रुपए 12,000/-से 20,000/- मकान पुराना पुल हैदराबाद फोन : 8977156555

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

# अविमुक्तेश्वरानंद पर बच्चों के यौन शोषण का केस दर्ज होगा

## प्रयागराज कोर्ट ने आदेश दिया; शंकराचार्य बोले-रामभद्राचार्य ने झूठा केस कराया



प्रयागराज, 21 फरवरी (एजेंसियां)। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ नाबालिग बच्चों के यौन शोषण की एफआईआर दर्ज करने के आदेश शनिवार को प्रयागराज की पॉक्सो कोर्ट ने दिए। जगद्गुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने कोर्ट में 2 बच्चों को पेश करके यह आरोप लगाए थे। कोर्ट में कैमरे के सामने बच्चों के बयान दर्ज हुए थे। स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट विनोद कुमार चौरसिया की कोर्ट ने प्रयागराज पुलिस कमिश्नर की जांच रिपोर्ट के बाद शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद, उनके शिष्य मुकुंदानंद और 2-3 अज्ञात पर केस दर्ज करने के आदेश जारी किए। अदालत ने 13 फरवरी को अपना आदेश रिजर्व रखा था।

शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी ने बताया-हम दर-दर भटक रहे थे। पुलिस के पास जा रहे थे। हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। इसलिए न्याय के मंदिर में आए। आज लगा कि न्याय अभी जिंदा है। न्यायालय ने हमें आज न्याय दिया। मैं अब साफ-साफ कहना चाहता हूं कि शिष्यों के साथ यौन शोषण और समलैंगिक अपराध किया गया। इसकी पुष्टि न्यायालय ने कर दी है।

शंकराचार्य बोले-रामभद्राचार्य ने अपने चेले से मुकदमा कराया कोर्ट के फैसले के बाद शंकराचार्य ने कहा- यौन शोषण का केस फर्जी साबित होगा। ये बनाया हुआ मामला है। वह (आशुतोष महाराज) रामभद्राचार्य का एक चेला है। हिस्ट्रीशीटर है। उसने पहले भी लोगों के ऊपर झूठे केस किए हैं। वह लोगों को धमकाता है, धन उगाही करता है। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा- रामभद्राचार्य से हम लोगों का वाकयुद्ध चलता रहता है। यह तो सभी लोग जानते ही हैं। उन्होंने हमारे ऊपर अपने चेले को आगे करके फर्जी मुकदमा करवाया है। वो चाहते हैं कि सरकार के खिलाफ गोमाता की रक्षा की आवाज हम नहीं उठाएं। इसलिए हमारे ऊपर यह सब हो रहा है।

शंकराचार्य ने कहा-न्यायालय का एक प्रोसिजर है, उसका हम सहयोग करेंगे। इसके बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। हमको पछतावा तब होता, जब हम कुछ इस तरह के होते। जब हम ऐसे हैं ही नहीं, तब क्या? बनावटी केस तो बनावटी ही रहने वाला है। इसलिए हम चाहते हैं कि जल्दी से जल्दी जांच हो जाए। पुलिस सरकार के अंडर में ही काम करती है।

# 'मशीनी मंगलराज में तंत्र इनका, अपराधी इनके!'

## > तेजस्वी सदन में गायब, सोशल मीडिया पर हमलावर



पटना, 21 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा के प्रतिपक्ष के नेता सदन में भले ही सक्रिय नहीं हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर बहुत सक्रिय हैं। उन्होंने नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार पर ताजा हमला सोशल मीडिया वेबसाइट एक्स पर एक पोस्ट के जरिए किया है। उन्होंने बिहार में बच्चियों से रेप की घटनाओं को लेकर सरकार को निशाना बनाया है।

राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव विधानसभा के बजट सत्र की बैठकों में काफी कम नजर आ रहे हैं। हालांकि विधानसभा में गैरमौजूद रहने वाले प्रतिपक्ष के नेता सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनके नेतृत्व वाली राज्य की एनडीए सरकार पर निरंतर हमले कर रहे हैं। तेजस्वी यादव ने बिहार में बच्चियों के साथ दुष्कृत्य की घटनाओं को लेकर सरकार को निशाना बनाया है। उन्होंने एक्स पर अपनी पोस्ट में इस तरह की 14 घटनाओं की एक लिस्ट भी शामिल की है। सत्ता पक्ष लालू यादव और रबड़ी देवी के मुख्यमंत्री के कार्यकाल को 'जंगल राज' की उपमा देता है। इसके जवाब में तेजस्वी यादव ने मौजूदा सरकार के राज को 'मशीनी मंगल राज' लिखा है।

**'बलात्कारियों को सत्ता संरक्षण प्राप्त'**

तेजस्वी यादव ने लिखा है- "मोदी-नीतीश सरकार के कर कमलों से निर्मित कथित रामराज्य में प्रतिदिन ऐसी-ऐसी मंगलकारी घटनाएं हो रही हैं कि मीडिया को भी बताने में मशक्कत करनी पड़ रही है। 1.5 साल से लेकर 11 साल की सैकड़ों बच्चियों के साथ बलात्कार हुए हैं क्योंकि मशीनी मंगलराज में तंत्र इनका, अपराधी इनके!" उन्होंने आगे लिखा है- "मोदी जी अब चुनावों में आएंगे और बिहार को बदनाम कर चले जाएंगे। चंद दिनों में घटित इन चंद वीभत्स घटनाओं पर उनकी मौन स्वीकृति प्रमाणित करती है कि बलात्कारियों को सत्ता संरक्षण प्राप्त है।"

# मौनी बाबा की अग्रिम जमानत खारिज

**पॉक्सो कोर्ट ने दिया सरेंडर का आदेश; नाबालिग से जुड़े मामले में सख्ती**

दरभंगा, 21 फरवरी (एजेंसियां)। मिथिला के चर्चित कथावाचक रामउदित दास उर्फ मौनी बाबा की अग्रिम जमानत याचिका दरभंगा व्यवहार न्यायालय की पॉक्सो विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। विशेष न्यायाधीश प्रतिमा परिहार की अदालत ने विस्तृत सुनवाई के बाद मौनी बाबा को न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है।

यह मामला महिला थाना कांड संख्या 182/2025 से जुड़ा है। इस कांड में एक युवती द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में कथावाचक श्रवण दास उर्फ श्रवण ठाकुर पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है। प्राथमिकी में मौनी बाबा को भी सह-आरोपी बनाया गया है और उनके विरुद्ध पॉक्सो एक्ट की धाराएं लगाई गई हैं।

# सीबीआई के सामने बच्चों ने कहा था 'अंकल बहुत गंदे हैं'

## कारनामे जान टीम हो गई हैरान

बांदा, 21 फरवरी (एजेंसियां)। कहते हैं कि गलत काम करने वालों को उसकी सजा भुगतनी ही पड़ती है। कुछ ऐसा ही उत्तर प्रदेश के बांदा निवासी और सिंचाई विभाग के जेई रामभवन के साथ हुआ है। रामभवन के जुर्म की दास्तान जैसे ही सामने आई, उसको संरक्षण देने वाले लोग भी काम नहीं आ पाए। नौकरी और सियासत के रसूख में भले ही उसकी जुर्म की दास्तान छुपी रही।

जब सीबीआई ने उसे गिरफ्तार किया और यौन शोषण के पीड़ित बच्चों का सामना कराया तो बच्चों ने देखते ही उसे पहचान लिया। बच्चों ने तब उसे देखते ही कहा था कि ये अंकल बहुत गंदे हैं। 34 बच्चों में 25 बच्चों की गवाही ने इस दरिंदे को फांसी के फंदे तक पहुंचा दिया। सूत्रों ने यह भी बताया था कि रामभवन और उसके साथी इन घिनौने कृत्यों के दौरान बच्चों की तस्वीरें और वीडियो भी बनाते थे। गिरफ्तारी के बाद बाल कल्याण समिति की मौजूदगी में जब कुछ पीड़ित बच्चों का आरोपी से आमना सामना कराया गया तो बच्चों ने उसे पहचानते हुए गंभीर आरोप लगाए। जांच एजेंसियों के अनुसार, बच्चों के बयान और मेडिकल रिपोर्ट इस मामले की मजबूत कड़ी बने। बच्चों ने साफ कहा था कि यह अंकल बहुत गंदे हैं।

**एम्स के पांच डॉक्टरों की जांच**

सीबीआई की टीम यौन उत्पीड़न के शिकार बच्चों का मेडिकल कराने के लिए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एम्स) दिल्ली के पांच डॉक्टरों को साथ लाई थी। टीम ने बच्चों का मेडिकल किया। स्वास्थ्य विभाग के छह कर्मचारी एम्स के डॉक्टरों की मदद के लिए लगाए गए थे। कड़ी सुरक्षा के बीच सीबीआई अफसर तीन वाहनों से यौन उत्पीड़न के शिकार बच्चों और उनके अभिभावकों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे थे। एम्स की दो महिला डाक्टर समेत पांच डॉक्टरों की टीम ने बच्चों का मेडिकल किया था। एम्स की मेडिकल रिपोर्ट ने पूरे प्रकरण में सबसे अहम भूमिका निभाई।

# पहले पति और फिर पत्नी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## 5 महीने पहले की थी लव मैरिज

फतेहपुर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। लव मैरिज के 5 महीने बाद ही पति और पत्नी ने आत्महत्या कर ली। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर आत्महत्या की वजह जानने की कोशिश कर रही है। जानकारी के मुताबिक, फतेहपुर के बिंदकी कस्बे के मोहल्ला बाराती नगर में किराए का कमरा लेकर रह रहे अमरजीत कुशवाहा (28) पुत्र सीताराम कुशवाहा और उसकी पत्नी रेखा सोनकर (25) ने गुरुवार व शुक्रवार की मध्य रात को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने गुरुवार व शुक्रवार की मध्य रात करीब 1:00 बजे दोनों के शव कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दंपति द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना को लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताया जाता है कि अमरजीत कुशवाहा ने 5 माह पहले अपने गांव की ही रहने वाली रेखा सोनकर के साथ लव मैरिज की थी।

# 'आपने इन्हें अपने भविष्य की चाबी सौंपी है'

## विधानसभा में नीतीश ने कुछ ऐसा किया कि आ गए विपक्ष के निशाने पर

पटना, 21 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार की विधानसभा में अधिकतम कामकाज पेपरलेस कर दिया गया है, कागजों की जगब टैबलेट का उपयोग किया जा रहा है। लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधानसभा में टैबलेट का रुख पीछे करवा दिया। इसका वीडियो सामने आने पर वे विपक्षी दलों के निशाने आ गए हैं। प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज और राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकारी अध्यक्ष व विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने उनको निशाना बनाया है।

विधानसभा सत्र की बैठकों के दौरान प्रत्येक विधायक के सामने टेबिल पर लगे टैबलेट मॉनिटरों पर कार्यवाही से संबंधित सारी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध होती है। टैबलेट के उपयोग से कम्युनिकेशन आसान हो गया है। कागज का अनावश्यक उपयोग बंद करके पर्यावरण का नुकसान घटाया जा सकता है।



**मुख्यमंत्री ने पीछे मुड़वा दिए टैबलेट**

पूर्व चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज ने नीतीश कुमार का एक वीडियो एक्स पर शेयर किया है। इस वीडियो में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विधानसभा में अपनी सीट पर बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। वे मुस्कुराते हुए किसी का अभिवादन करते हैं। इसके बाद वे किसी को इशारे से टैबलेट मॉनीटर का रुख पीछे की ओर करने के लिए कहते हैं। वह व्यक्ति नीतीश के मॉनीटर को ऊपर से मोड़कर पीछे की ओर घुमा देता है। इसके बाद नीतीश बगल की सीट का मॉनीटर भी पीछे घुमाने के लिए कहते हैं। उनके आदेश का पालन किया जाता है। इस वीडियो को जन सुराज पार्टी ने एक्स पर शेयर करते हुए लिखा है - "बधाई हो बिहार की जनता... आपने इन्हें अपने भविष्य की चाबी सौंपी है!!" प्रशांत किशोर की पार्टी ने इस वीडियो के जरिए लोगों को संदेश दिया है कि उन्होंने ऐसे लोगों को सत्ता सौंपी है जो तकनीक को अपनाने से परहेज कर रहे हैं।

**नमस्कार और मशीन से माफी**

सिर्फ जन सुराज ही नहीं विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने भी नीतीश कुमार का यह वीडियो एक्स पर शेयर करके उन्हें निशाना बनाया है। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा है - "सदन में लगे टैब मॉनिटर को मुख्यमंत्री ने पहले नमस्कार किया, दुबारा फिर नमस्कार किया और फिर मशीन से माफ़ी के साथ ही उसकी गर्दन मुड़वा दी, फिर दूसरे, तीसरे और बाक़ी मॉनिटर की भी... " उन्होंने लिखा है कि, "क्या इतने बड़े सूबे के मुख्यमंत्री की मानसिक सेहत और ऐसा व्यवहार आपको सामान्य लगता है? क्या यह गंभीर बीमारी के लक्षण नहीं है??" हालांकि तेजस्वी यादव की पोस्ट में लिखा गया है कि वे मॉनीटर को नमस्कार कर रहे हैं, जबकि वीडियो में नीतीश मॉनीटर को नहीं, बल्कि सामने मौजूद किस व्यक्ति से नमस्कार करते हुए प्रतीत हो रहे हैं।

# नशे के आदी दिल्ली पुलिस के कॉन्स्टेबल ने गोली मार दी जान

बागपत, 21 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बागपत में दिल्ली पुलिस के एक कॉन्स्टेबल ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके से सर्विस पिस्टल बरामद की है। मामले की जांच चल रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। बताया जा रहा है कि कॉन्स्टेबल ने नशे की हालत में खुद को गोली मारी है। मृतक दिल्ली पुलिस कांस्टेबल का नाम पीयूष है जो बागपत के आजमपुर मूलसम गांव का रहने वाला है। पीयूष को उसके पिता की मौत के बाद 2018-19 में अनुकंपा नियुक्ति कोटे से भर्ती कराया गया था। पीयूष का बड़ा भाई विदेश में नौकरी करता है। पीयूष की अभी तक शादी भी नहीं हुई थी।

## किसानों को सीएम योगी का तोहफा

# 2.51 लाख लाभार्थियों के खाते में भेजे 460 करोड़ रुपये




लखनऊ, 21 फरवरी (एजेंसियां)। सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। ढाई लाख से ज्यादा किसानों और उनके परिवारजनों के खाते में 460 करोड़ रुपये की धनराशि भेजी गई। इसमें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 2.51 लाख किसानों को 285 करोड़ रुपये क्षतिपूर्ति राशि दी। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के 3500 लाभार्थी परिवारों को 175 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा, राज्य में आपदा मैनेजमेंट में सबसे पहले 'आपदा मित्र' ही हो सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक बड़ा अभियान शुरू किया है। उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री मोदी की इस पहल को आगे बढ़ाने का काम किया है। खासकर 25 जिलों में एनसीसी, एनएसएस, एनवाईकेएस, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स समेत 29,772 युवा वॉलंटियर्स को ट्रेनिंग दी गई है। उनके साथ मिलकर हमने आपदा मित्र मैनेजमेंट से जुड़े सभी प्रोग्राम को आगे बढ़ाया है। सरकार बदली तो हमने तत्काल कार्रवाई शुरू की।

# 'यादव जी की लव स्टोरी' पर बोले राम गोपाल यादव

## > लोकप्रियता के लिए कुछ भी कर बैठते हैं लोग



मैनपुरी, 21 फरवरी (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राम गोपाल यादव ने बहुप्रतीक्षित फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' को लेकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि दुनिया में ऐसी कई तरह की बातें होती रहती हैं। उन्होंने कहा, भारत में ऐसे बहुत से लोग मानसिक रूप से परेशान रहते हैं। वे बिना सोच-समझ के काम कर बैठते हैं, जिनका दूसरों पर बुरा असर पड़ता है। लोगों को ऐसे काम करने में जरा भी झिझक नहीं होती। उन्हें बस थोड़ी सी लोकप्रियता या पहचान बढ़ाने की चाह होती है, फिर चाहे इसके लिए उन्हें कुछ भी करना पड़े।

ऐसे लोगों को इस बात की परवाह नहीं होती कि उनकी बात समझदारी वाली है या बेकार। उन्होंने भारत की वर्तमान स्थिति पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर कोई धरती की तारीफ कर दे, तो उसके बाद बाकी सब कुछ गलत होता है। उन्होंने सरकारी कर्मचारी पर टिप्पणी करते हुए कहा, अब हालत ये है कि एक जॉइंट सेक्रेटरी से नोट लिखवाया जाए तो, वो ऐसा नहीं कर पाएगा। पहले के दौर में लोगों को ठीक से लिखना सिखाया जाता था। उन्हें चिट्ठियां कैसे लिखी जाती हैं, यह भी बताया जाता था, लेकिन अब ऐसा कोई प्रशिक्षण नहीं मिलता। लोग सीधे चैटजीपीटी या एआई टूल का सहारा लेने लगे हैं।

रामगोपाल यादव ने एआई के बढ़ते इस्तेमाल पर गहरी चिंता जताते हुए कहा, एआई का उपयोग गंभीर और सोच-समझ वाले कामों के लिए सही तरीके से नहीं हो रहा है। यह एक बड़ी समस्या बन गई है। फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' एक ऐसी लड़की की कहानी है जो वसीम अख्तर (विशाल मोहन) नाम के लड़के से प्यार करती है और उससे शादी करना चाहती है। लेकिन दोनों का धर्म उनके प्यार के आड़े आता है। फिल्म को लेकर विवाद चरम पर है।

# यूपी में भाजपा नेता की हत्या !

## 'साजिश के तहत की गई पिता की हत्या', दूल्हे के जीजा ने चलाई गोली; शादी में भगदड़

सहारनपुर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। सहारनपुर कोतवाली मंडी क्षेत्र के रामलीला भवन में हुई हर्ष फायरिंग में पिता की मौत को बेटे ने साजिश के हत्या करने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि शादी समारोह के दौरान डांस करते हुए आरोपी द्वारा दो बार हवाई फायर की गई। गोली लगने से भाजपा के महामंत्री की मौत के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गई थी।




बेटे हर्षित रोहिला ने कोतवाली मंडी में तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि नवीन उपाध्याय पिता के परिचित है। बेटे ने आरोपी रोहित उपाध्याय पर जान बूझकर और साजिश के तहत हत्या करने का आरोप लगाया है। उनके पिता गार्डों की नौकरी लगवाने का काम करते थे और वर्तमान में मानकमऊ मंडल में भाजपा के महामंत्री पद पर कार्यरत थे। शादी समारोह में बराती और रिश्तेदार डांस कर रहे थे। इसी दौरान रोहित उपाध्याय ने हर्ष फायरिंग की। चर्चा है कि दो बार हवाई फायर भी हुए, जिसका डीजे की तेज के चलते पता नहीं चला। तीसरी गोली शिवचरण के सीने में लगी, जिससे उनकी मौत हुई। यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है कि जब हवाई फायरिंग हो रही थी तो शिवचरण के सीने में गोली कैसे लगी। पुलिस सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच कर रही है।

**मूलरूप से चंदनपुर के रहने वाले थे शिवचरण**

शिवचरण रोहिला मूलरूप से रामपुर मनिहारान क्षेत्र के गांव चंदनपुर के रहने वाले थे। वह पिछले करीब 20 साल से थाना सदर बाजार क्षेत्र में नवादा रोड पर कमल विहार जाली वाली फैक्टरी में किराये पर रह रहे थे। उनका एक बेटा और एक बेटी है। दोनों की अभी शादी नहीं हुई है। चंदनपुर गांव में महापौर डॉ. अजय कुमार और पूर्व महापौर संजीव वालिया पहुंचे और परिवार को सांत्वना दी। सहारनपुर की कोतवाली मंडी क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग में मानकमऊ मंडल के भाजपा महामंत्री शिवचरण रोहिला (50) की गोली लगने से मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के बेटे की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को पकड़ लिया है। पकड़ा गया आरोपी दूल्हे का जीजा है। थाना सदर बाजार क्षेत्र में नवादा रोड पर कमल विहार जाली वाली फैक्टरी निवासी शिवचरण रोहिला बृहस्पतिवार रात कोतवाली मंडी क्षेत्र के रहने वाले नवीन उपाध्याय के बेटे की शादी में शामिल हुए थे।

# सेल्फी ने कराया संग्राम : जयमाला पर दूल्हे ने दुल्हन को पीटा, फिर बराती-घराती में चलीं कुर्सियां

बाराबंकी, 21 फरवरी (एजेंसियां)। यूपी के बाराबंकी में शादी समारोह में जयमाला के दौरान सेल्फी लेने से नाराज दूल्हे ने दुल्हन को पीट दिया। घटना के बाद बराती और घराती पक्ष आपस में भिड़ गए। एक दूसरे पर कुर्सियां बरसाईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला। समझौते के बाद देर रात शादी की रस्में पूरी कराई गईं।

घटना रामनगर कोतवाली क्षेत्र के गणेशपुर कस्बा की है। यहां के निवासी शत्रुघ्न मूर्ति बनाने का काम करते हैं। उन्होंने अपनी बेटी निशा की शादी बहराइच के मुराइनपुरवा निवासी विशाल के साथ तय की थी। शुक्रवार शाम तय तिथि पर बरात धूमधाम से पहुंची। द्वार पूजा की रस्म संपन्न हो गई। बराती नाच-गाने में व्यस्त थे।

**दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई**

इसके बाद जयमाला के लिए दुल्हन मंच पर पहुंची तो वहां भीड़ एकत्र हो गई। दूल्हे के साथ लोग सेल्फी लेने लगे। गांववालों के मुताबिक, दूल्हे ने कई बार मना किया, लेकिन भीड़ नहीं हटी। इसी बात से नाराज होकर दूल्हा आपा खो बैठा। उसने दुल्हन पर हाथ उठा दिया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। एक-दूसरे पर कुर्सियां बरसाईं। इससे कई कुर्सियां टूट गईं।

**देर रात विवाह की रस्में पूरी कराई गई**

घटना से समारोह स्थल पर अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। दुल्हन पक्ष ने आरोप लगाया कि दूल्हा नशे में था। बाद में आपसी बातचीत और नुकसान की भरपाई के आश्वासन पर देर रात विवाह की शेष रस्में पूरी कराई गईं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बिना अनुमति के कॉरिडोर से हटाया गया था महानगर मेट्रो स्टेशन, 22 मेट्रो स्वीकृत थे, 21 का निर्माण हुआ

लखनऊ, 21 फरवरी (एजेंसियां)। लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना फेज-1ए (उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर) में स्वीकृत 22 मेट्रो स्टेशन के सापेक्ष 21 का ही निर्माण किया गया था। 22वां महानगर मेट्रो स्टेशन कॉरिडोर से हटा दिया गया था। इसके लिए संबंधित अथॉरिटी से अनुमति तक नहीं ली गई थी जबकि जहां पर ये स्टेशन बनना था वहां पर दैनिक यात्री क्षमता दूसरे स्थान पर थी।

ये खुलासा दोनों सदनों के पटल पर रखी गई लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के निर्मण एवं संचालन की सीएजी रिपोर्ट में हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर के तहत 22.88 किमी में 22 स्टेशन बनने थे। डीपीआर से लेकर अन्य सभी दस्तावेजों में 22 स्टेशन बनाए जाने का ही तथ्य था। स्वीकृति भी थी परियोजना रिपोर्टमें महानगर मेट्रो स्टेशन को वर्ष 2015 में दैनिक यात्री क्षमता के मद्देनजर तीसरा व वर्ष 2020 में दूसरे स्थान पर होना था। सीएजी रिपोर्ट में पाया गया कि महानगर स्टेशन नहीं बनाया गया।

## पत्नी को 1 थप्पड़ मारना क्रूरता नहीं... गुजरात हाईकोर्ट ने क्यों सुनाया ऐसा फैसला?



अहमदाबाद, 21 फरवरी (एजेंसियां)। गुजरात हाईकोर्ट का एक फैसला इन दिनों देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस फैसले को कई लोग ठीक तो कई लोग सीधे तौर पर गलत बता रहे हैं। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि पति की तरफ से पत्नी को एक थप्पड़ मारने की एक घटना को क्रूरता नहीं माना जा सकता है। क्रूरता का केस दायर करने के लिए पर्याप्त सबूत होना बेहद जरूरी है। पूरा मामला साल 1996 का है। इसी मामले में कोर्ट की तरफ से फैसला सुनाया गया है।

कोर्ट में दिलीपभाई मंगलाभाई वरली ने अपील दायर की थी। इसमें उन्होंने सेशंस कोर्ट के साल 2003 के फैसले को चुनौती दी थी। उस समय कोर्ट ने दिलीपभाई को 7 साल की सजा सुनाई थी। कोर्ट ने त्महत्या के मामले में उन्हें दोषी ठहराते हुए धारा 306 के तहत ये सजा सुनाई थी। महिला पक्ष से आरोप लगाया गया कि युवक हर रोज महिला को परेशान किया करता था। इसके साथ ही उसके साथ मारपीट भी किया करता था। इससे तंग आकर महिला ने आत्महत्या की थी। आरोप लगाया गया कि युवक ने उसे आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया था। पति अपनी आय बढ़ाने के लिए रात में बैंजो बजाने जाता था, जिसे पत्नी नापसंद करती थी और यही उनके बीच सामान्य झगड़ों की मुख्य वजह थी। जस्टिस गीता गोपी ने आदेश में कहा कि क्रूरता साबित करने के लिए लगातार और असहनीय मारपीट के ठोस सबूत जरूरी हैं।

इस मामले में पहले निचली अदालत की तरफ से दिलीप भाई को 7 साल की सजा सुनाई गई थे, जिसे हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। पूरा मामला एक थप्पड़ को लेकर है। कोर्ट में अपील कर्ता की तरफ से बताया गया कि पत्नी बिना बताए ही मायके चली गई थी। इससे न सिर्फ वह परेशान हुआ, बल्कि उसके साथ कई और लोग भी परेशान हुए थे। यही वजह है कि उसकी तरफ से पत्नी को एक थप्पड़ मारा गया था। कोर्ट ने भी इसको एक हिसाब से सही माना है और क्रूरता का केस नहीं माना है।

## धनुष, तीर और बंदूकें, जंगल में रातभर चली छापेमारी
## एआई की मदद से पकड़े गए 39 शिकारी

भुनेश्वर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। ओडिशा वन विभाग ने वन्यजीव अपराध के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मयूरभंज जिले के सिमिलिपाल वन्यजीव अभयारण्य से 39 शिकारियों को गिरफ्तार किया है। यह पूरी कार्रवाई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से लैस निगरानी कैमरों की मदद से संभव हो सकी। जानकारी के अनुसार, सिमिलिपाल अभयारण्य के दक्षिण डिवीजन के भीतर इन शिकारियों की गतिविधियां एआई कैमरों में कैद हुईं। जंगल में लगाए गए ये अत्याधुनिक कैमरे 24 घंटे रियल टाइम मॉनिटरिंग करते हैं। जैसे ही कैमरों ने संदिग्ध गतिविधि दर्ज की, सिस्टम ने उनकी सटीक लोकेशन और समय की जानकारी वन अधिकारियों को तुरंत उपलब्ध करा दी।

**जंगल की घेरेबंदी कर 39 शिकारी गिरफ्तार**

एआई सिस्टम से मिले अलर्ट के बाद स्पेशल टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स और वन विभाग की टीम ने तुरंत ज्वाइंट ऑपरेशन चलाया। जंगल के अंदर घेराबंदी कर छापेमारी की गई, जिसमें



कुल 39 लोगों को पकड़ा गया।

**भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद**

छापेमारी के दौरान आरोपियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। जब्त सामान में नौ देसी बंदूकें, 20 धनुष, बड़ी संख्या में धारदार हथियार, पर्याप्त मात्रा में विस्फोटक और शिकार में इस्तेमाल होने वाले कई उपकरण शामिल हैं। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि जंगल में बड़े पैमाने पर शिकार की तैयारी की जा रही थी।

**एआई ने निभाया बड़ा रोल**

बताया जा रहा है कि गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी अभयारण्य के पास उदला थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। एआई आधारित निगरानी प्रणाली से मिली सटीक जानकारी ने इस बड़े शिकार अभियान को नाकाम करने में अहम भूमिका निभाई।

**वन्यजीवों की सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम**

वन विभाग ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित वन्यजीव संरक्षण कानूनों के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की आगे की जांच जारी है। इस कार्रवाई को वन्यजीवों की सुरक्षा की दिशा में एक बड़ी सफलता माना जा रहा है, जहां आधुनिक तकनीक और सतर्क प्रशासन की मदद से समय रहते बड़ी घटना को टाल दिया गया।

## 18 एटीएम से गायब कर दिए 3 करोड़ कर्नाटक में कैसे हुआ फर्जीवाड़े का खेल?

बेंगलूरू, 21 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक के हसन जिले में एटीएम में नकदी भरने वाली एक निजी कंपनी में मनी लॉन्ड्रिंग का बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें तीन करोड़ रुपये से अधिक की रकम गायब होने की सूचना मिली है। 18 और 19 फरवरी को कंपनी में किए गए मासिक ऑडिट के दौरान अनियमितताएं सामने आईं, जिसके बाद हसन बरांगाय पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

एक निजी कंपनी के कर्मचारी नंदीश बीएल। और मधुकुमार एमपी, जो एटीएम भरने के लिए जिम्मेदार थे, पर 3 करोड़ से अधिक रुपए के गबन का आरोप लगाया गया है। शिकायत में कहा गया है कि उन्होंने कुल 18 एटीएम में पैसे जमा करने के फर्जी रिकॉर्ड बनाए, जिनमें 11 केनरा बैंक एटीएम, 3 एसबीआई एटीएम और 1 बैंक ऑफ इंडिया एटीएम शामिल हैं, और वास्तव में पैसे जमा किए बिना ही उनका दुरुपयोग किया।

**पहले भी हो चुका है घोटाला**

सीएमएस की हसन शाखा के प्रबंधक राजू ने हसन शहर के विभिन्न एटीएम में बिना कोई पैसा जमा किए पैसे निकालने के आरोप में हसन बरांगाय पुलिस स्टेशन में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। कुछ ही महीने पहले, लगभग 7.11 करोड़ रुपये की लूट हुई थी।

इनोवा कार में सवार एक गिरोह ने जयदेव डेयरी सर्कल के पास एटीएम में पैसे जमा करने जा रहे एक वाहन को रोका, नकदी छीन ली और फरार हो गए। इसी तरह, जनवरी में एक घटना सामने आई थी, जिसमें कंपनी के कर्मचारियों ने खुद ही 1 करोड़ रुपये से अधिक की रकम का दुरुपयोग किया, जिसे बेंगलुरु के कोरमंगला पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले एटीएम में जमा किया जाना था।

**1.37 करोड़ कर दिए पार**

दोनों टीमों को आवंटित धनराशि में से एक टीम लगभग 57 लाख रुपये और दूसरी टीम 80 लाख रुपये लेकर फरार हो गई। एटीएम में धनराशि जमा न होने का पता चलने पर कंपनी के अधिकारियों ने जांच शुरू की और शिकायत दर्ज कराई। अब जब ऐसा मामला दोबारा सामने आया है, तो सभी हैरान हैं।

## सलीम सुरेश बनकर शादी नहीं कर पाएगा! मैरिज रजिस्ट्रेशन एक्ट में संशोधन कर रही गुजरात सरकार



अहमदाबाद, 21 फरवरी (एजेंसियां)। गुजरात सरकार ने शुक्रवार को गुजरात विवाह पंजीकरण अधिनियम, 2006 में संशोधन का प्रस्ताव दिया। सरकार ने कहा कि लव जिहाद के नाम पर राज्य में एक खेल खेला जा रहा है। ऐसे में युवा लड़कियों के लिए एक मजबूत कवच बनाने की जरूरत है। सरकार की ओर से संशोधन में एक प्रावधान शामिल करने पर जोर दिया है, जिसमें विवाह के पंजीकरण के लिए माता-पिता की सहमति को अनिवार्य बताया है। राज्य विधानसभा में विधानसभा नियम 44 के तहत प्रस्ताव पेश करते हुए, उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने पंचमहल जिले के मामलों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि यहां पर एक भी मुस्लिम या मस्जिद नहीं थी, फिर भी सैकड़ों निकाह सर्टिफिकेट जारी किए गए। इसके अलावा उन्होंने बनासकांठा, नवसारी और मेहसाणा जिलों के मामलों का भी जिक्र किया। उप मुख्यमंत्री ने इसे 'सार्वजनिक महत्व का मामला' बताया। उन्होंने कहा कि सरकार लव मैरिज के खिलाफ नहीं है बल्कि लड़कियों और सनातन धर्म की गरिमा की रक्षा के लिए संशोधन का प्रस्ताव कर रही है। मैरिज रजिस्ट्रेशन प्रोसेस में माता-पिता की सहमति जरूरी करने का प्रस्ताव है और मैरिज रजिस्ट्रेशन एप्लीकेशन जमा करने के बाद उन्हें व्हाट्सएप मैसेज के जरिए ऑफिशियली बताया जाएगा। प्रस्ताव में कहा गया है कि असिस्टेंट रजिस्ट्रार से कन्फर्मेशन मिलने के दस वर्किंग डेज के अंदर दूल्हा-दुल्हन के माता-पिता को बताया जाएगा और यह बात इलेक्ट्रॉनिकली या फिजिकली जहां से संभव हो सके, बताई जाएगी।

अगर कोई सलीम अपनी पहचान बदलकर सुरेश बनकर मासूम लड़कियों को फंसाता है, तो उसे जिंदगी भर सबक सिखाया जाएगा। बाद में उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा कि अगर कोई अपनी पहचान छिपाकर राज्य की किसी बेटी को धोखा देता है, तो यह सरकार ऐसी सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेगी कि वह भविष्य में किसी भी बेटी को बुरी नीयत से देखने की हिम्मत न करे। आज के समय में युवा लड़कियों के लिए एक मजबूत कवच बनाने की जरूरत है।

सरकार की ओर से प्रस्तावित बदलावों पर जनता के सुझाव और सिफारिशों के लिए 30 दिन का समय दिया गया है। कानून में बदलाव से पहले सुझावों और सिफारिशों को रिव्यू करने के लिए एक कमेटी बनाई जाएगी। शादियों के रजिस्ट्रेशन के लिए एक डेडिकेटेड पोर्टल बनाया जाएगा। प्रस्तावित रेगुलेशन के तहत, शादी के रजिस्ट्रेशन में कम से कम 30 दिन लगेंगे। दिसंबर 2025 में पाटीदार अनामत आंदोलन समिति (पास) के पुराने सदस्यों ने शादी के रजिस्ट्रेशन के लिए माता-पिता की सहमति जरूरी करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को एक मेमोरेंडम दिया था।

### पेमेंट के लिए लगाया फोन युवक के साथ की मारपीट जान से मारने की भी धमकी दी

इंदौर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। इंदौर के तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में एक युवक को पेमेंट के लिए कॉल करना महंगा पड़ गया। कॉल करने के बाद कुछ लोग उसके घर पहुंच गए और उसके साथ मारपीट कर दी। युवक ने मामले की शिकायत थाने में की। तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक छोगालाल पिता गुलाब सिंह बघेल निवासी ग्राम रालामंडल की शिकायत पर सुशील पिता प्रकाश शिंदे और आरती निवासी हनुमान टेकरी असरावद खुर्द के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी के घर के बाहर की है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उसने ठेकेदार राजू शिंदे को पेमेंट के लिए कॉल किया था। मगर राजू के भाई ने कॉल पर बात की।

इसके कुछ देर बाद मेरे घर के सामने सुशील और आरती दोनों आए और कहने लगे कि तुने कोई काम नहीं किया है तेरा कोई पेमेंट बाकी नहीं है। भईया को कॉल क्यों लगाता है। इसी बात को लेकर उन्होंने गाली-ग्लौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। सुशील ने डंडे से मारा, जिससे फरियादी के गर्दन के पास चोट आई।

## तमिलनाडु के छह जिलों में भारी बारिश का पूर्वानुमान



चेन्नई, 21 फरवरी (एजेंसियां)। मौसम विभाग ने तमिलनाडु के छह जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में एक नया निम्न दबाव क्षेत्र बनने की संभावना है, जिसका असर दक्षिण तमिलनाडु के मौसम पर दिखाई देगा। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक दक्षिण तमिलनाडु और दक्षिण केरल के आसपास बना वायुमंडलीय परिसंचरण सक्रिय है, जिसके कारण कई जिलों में गरज-चमक के साथ व्यापक बारिश होने की संभावना है। शनिवार को कन्याकुमारी, तिरुनेलवेली, तूतीकोरिन (थूथुकुडी), तेनकासी, विरुधुनगर और थेनी जिलों में भारी वर्षा का पूर्वानुमान जारी किया गया है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि इन जिलों के कुछ इलाकों में तेज गर्जना, बिजली चमकने और बहुत तेज बारिश की घटनाएं हो सकती हैं। निचले और संवेदनशील क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को विशेष सतर्क रहने की सलाह दी गई है, खासकर उन स्थानों पर जहां जलभराव और स्थानीय बाढ़ की आशंका रहती है। बारिश का यह सिलसिला रविवार तक जारी रहने की संभावना है। रविवार को डिंडीगुल, मदुरै और थेनी जिलों में भी भारी बारिश हो सकती है। प्रशासन ने बताया कि मौसम की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर आगे की चेतावनी जारी की जाएगी। राजधानी चेन्नई में आज आसमान सामान्य रूप से बादलों से घिरा रहेगा। शहर के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। हालांकि चेन्नई के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी नहीं की गई है, लेकिन रुक-रुक कर होने वाली बारिश से गर्मी से अस्थायी राहत मिलने की उम्मीद है।

इसी बीच राज्य के अन्य हिस्सों और पुडुचेरी में 24 फरवरी तक अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है। अधिक नमी और ऊंचे तापमान के कारण अंदरूनी जिलों में उमस भरा मौसम बना रह सकता है। मौसम विभाग ने यह भी बताया कि बंगाल की खाड़ी में बना पिछला निम्न दबाव क्षेत्र गुरुवार को कमजोर पड़ गया था, लेकिन दक्षिण-पूर्व खाड़ी में बना नया वायुमंडलीय सिस्टम मजबूत होकर नए निम्न दबाव क्षेत्र में बदल सकता है।

विशेषज्ञों के अनुसार इस मौसम में ऐसे सिस्टम का बनना सामान्य है और इससे दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत में आने वाले दिनों में बारिश की गतिविधि बढ़ सकती है। मछुआरों और तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को आधिकारिक मौसम बुलेटिन पर नजर बनाए रखने की सलाह दी गई है।

## कुत्तों के पिल्लों को किडनैप कर रहा बंदर, पानी की टंकी में डुबाया, रेस्क्यू टीम को भी दौड़ाया

पानीपत, 21 फरवरी (एजेंसियां)। हरियाणा के पानीपत जिले में एक बंदर की अजीबोगरीब हरकत ने न केवल स्थानीय निवासियों को हैरत में डाल दिया है, बल्कि पूरे इलाके में डर का माहौल भी बना हुआ है। रेलवे रोड स्थित सरकारी आवास कॉलोनी में पिछले 15 दिनों से एक बंदर और कुत्ते के पिल्लों के बीच एक ऐसी कहानी चल रही है, जो किसी फिल्म के सस्पेंस ड्रामे से कम नहीं है।

यह बंदर अब तक दो पिल्लों का अपहरण कर चुका है, जिसके बाद से लोग अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंतित हैं। मामले की शुरुआत करीब दो हफ्ते पहले हुई, जब रेलवे रोड पर एक बंदर ने कुत्ते के एक छोटे काले-सफेद रंग के बच्चे (पिल्ले) को उठा लिया। बंदर उसे लेकर ऊंची छतों और पेड़ों पर रहने लगा। स्थानीय निवासी गौरव ने बताया कि बंदर पिल्ले को लेकर एक छत से दूसरी छत पर कूदता रहता था।

हालांकि वह पिल्ले को कोई नुकसान नहीं पहुंचा रहा था, लेकिन उसे छोड़ भी नहीं रहा था। पिल्ले की जान बचाने के लिए गौरव ने करनाल स्थित प्रसिद्ध एनजीओ 'रॉकस्टार फैमिली' के संचालक पवन शर्मा को संपर्क किया। पवन शर्मा अपनी विशेष रेस्क्यू टीम, एंबुलेंस और जरूरी साजो-सामान के साथ पानीपत पहुंचे। टीम ने देखा कि बंदर सरकारी कॉलोनी की एक छत पर पिल्ले को गोद में दबाए बैठा था। रेस्क्यू ऑपरेशन आसान नहीं था। टीम ने लगातार 6 घंटे तक बंदर को घेरने की कोशिश की। बंदर बहुत चालाक था।

# गोवा से समुद्री सुरक्षा का संदेश

## हिंद महासागर पर भारत की कूटनीतिक पहल, एक साथ आए 14 देशों के नौसैनिक प्रमुख



पणजी, 21 फरवरी (एजेंसियां)। हिंद महासागर क्षेत्र में बढ़ती समुद्री चुनौतियों के बीच भारत ने एक बार फिर नेतृत्व की भूमिका निभाई है। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने गोवा में गोवा मैरीटाइम कॉन्क्लेव 2026 का उद्घाटन किया। इस सम्मेलन में हिंद महासागर से जुड़े 14 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। सम्मेलन का मकसद समुद्र में बढ़ते खतरों से निपटने के लिए साझा रणनीति बनाना और क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करना है।

इस सम्मेलन में ड्रग तस्करी, अवैध और अनियमित मछली पकड़ने जैसी गंभीर समस्याओं पर चर्चा हुई। नौसेना प्रमुख ने कहा कि ये चुनौतियां सिर्फ किसी एक देश की नहीं हैं, बल्कि पूरे क्षेत्र की स्थिरता को प्रभावित करती हैं। सम्मेलन का विषय "हिंद महासागर क्षेत्र में साझा समुद्री सुरक्षा चुनौतियां और बदलते खतरों से निपटने के प्रयास" रखा गया है।

इस मौके पर दक्षिणी नौसेना कमान के प्रमुख वाइस एडमिरल समीर सक्सेना और पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल अरुण प्रकाश भी मौजूद रहे। इस कॉन्क्लेव में बांग्लादेश, इंडोनेशिया, कोमोरोस, मलेशिया, केन्या, सिंगापुर, मेडागास्कर, थाईलैंड, म्यांमार, मालदीव, मॉरीशस, सेशेल्स, श्रीलंका और तंजानिया के प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। इन देशों ने समुद्री सुरक्षा से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। सभी देशों ने माना कि समुद्र में अपराध अब संगठित और तकनीकी रूप से मजबूत हो चुके हैं, जिनसे निपटने के लिए मिलकर काम करना जरूरी है।

**साझा टास्क फोर्स का सुझाव**

पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल अरुण प्रकाश ने अपने मुख्य भाषण में अवैध, गैर-रिपोर्टेड और अनियमित मछली पकड़ने से निपटने के लिए एक साझा टास्क फोर्स बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि अगर देशों के बीच रियल टाइम खुफिया जानकारी साझा हो, तो समुद्री अपराधों पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। सम्मेलन में इस बात पर जोर दिया गया कि हिंद महासागर की सुरक्षा आपसी विश्वास और मजबूत तालमेल से ही संभव है।

### 2026 में अब तक कितने बच्चे लापता हुए, पुलिस ने कितनों को ढूंढ़ निकाला?

मुंबई, 21 फरवरी (एजेंसियां)। लापता बच्चों की तलाश में मुम्बई पुलिस ने एक बार फिर अपनी प्रतिबद्धता साबित की है। वर्ष 2025 में लापता हुए 2182 बच्चों में से 2165 (99%) को सुरक्षित घर पहुँचाने के बाद, पुलिस ने साल 2026 में भी बड़ी कामयाबी हासिल की है। जनवरी 2026 से अब तक 0-5 वर्ष की श्रेणी में लापता हुए सभी 7 मासूमों को पुलिस ने सफलतापूर्वक ढूंढ लिया है। ज्वाइंट कमिश्नर (लॉ एंड ऑर्डर) सत्यनारायण चौधरी ने बताया कि छोटे बच्चों के मामलों को 'अत्यंत उच्च प्राथमिकता' दी जाती है, यही कारण है कि इस आयु वर्ग में पुलिस का सफलता दर 100 प्रतिशत रहा है।

## सड़क हादसे में मृतक के परिवार को हाई कोर्ट से बड़ी राहत मुआवजा 21 लाख से बढ़ाकर 35 लाख किया

पंचकूला, 21 फरवरी (एजेंसियां)। सड़क हादसे में 23 वर्षीय युवक संदीप की मौत के मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने आश्रित परिवार को बड़ी राहत देते हुए मुआवजे की राशि में वृद्धि कर दी है। जस्टिस सुदीप्ति शर्मा की एकलपीठ ने मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, सोनीपत द्वारा 31 जनवरी 2019 को पारित अवॉर्ड में संशोधन करते हुए कुल मुआवजा 21.11 लाख रुपये से बढ़ाकर 35.18 लाख रुपये निर्धारित किया है। इस प्रकार परिवार को 14.07 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि मिलेगी, जिस पर दावा याचिका दायर करने की तिथि से भुगतान तक 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देय होगा।

अपीलकर्ता सुमन शर्मा व अन्य आश्रितों ने दलील दी थी कि अधिकरण ने मृतक की वास्तविक आय का सही आकलन नहीं किया। रिकार्ड के अनुसार संदीप प्राइवेट कंपनी कार्यरत था और जुलाई 2017 की वेतन पर्ची में उसकी मासिक आय 14,412 रुपये दर्शाई गई थी। इसके बावजूद अधिकरण ने आय 9,000 रुपये प्रतिमाह मान ली। हाईकोर्ट ने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही संक्षिप्त प्रकृति की होती है, अत तकनीकी आधार पर प्रमाणित वेतन पर्ची को नकारना उचित नहीं था। हाई कोर्ट ने आय को न्यायोचित रूप से 14,500 रुपये प्रतिमाह स्वीकार किया।

कोर्ट ने ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए मुआवजे की पुनर्गणना की। 23 वर्ष की आयु के आधार पर 18 का गुणक (मल्टीप्लायर) लागू किया गया। भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए आय में 40 प्रतिशत की वृद्धि जोड़ी गई। नई गणना के अनुसार मासिक निर्भरता 15,225 रुपये बनी, जिससे वार्षिक निर्भरता 32,88,600 रुपये निर्धारित हुई। इसके अतिरिक्त 15,000 रुपये संपत्ति हानि, 15,000 रुपये अंतिम संस्कार व्यय तथा कुल 2,00,000 रुपये पारिवारिक, दांपत्य व संतान संबंधी मद के रूप में प्रदान किए गए। इस प्रकार कुल मुआवजा 35,18,600 रुपये तय किया गया।अदालत ने बीमा कंपनी को निर्देश दिया कि वह दो माह के भीतर बढ़ी हुई राशि 9 प्रतिशत ब्याज सहित अधिकरण में जमा कराए।

अधिकरण को आदेश दिया गया है कि पूर्व निर्धारित अनुपात के अनुसार राशि सीधे आश्रितों के बैंक खातों में वितरित की जाए। हाईकोर्ट ने अपने निर्णय में स्पष्ट किया कि मोटर वाहन अधिनियम एक कल्याणकारी कानून है, जिसका उद्देश्य दुर्घटना पीड़ित परिवारों को वास्तविक, न्यायसंगत और मानवीय आधार पर राहत प्रदान करना है। न्यायालय ने कहा कि मुआवजे का निर्धारण यांत्रिक नहीं, बल्कि संवेदनशील दृष्टिकोण से किया जाना चाहिए, ताकि पीड़ित परिवार को वास्तविक न्याय मिल सके।

### नागपुर में केमिस्ट्री का पेपर लीक, व्हाट्सएप पर एग्जाम शुरू होने से पहले ही आ गया था पेपर

नागपुर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। सीबीएसई बोर्ड, महाराष्ट्र बोर्ड समेत अन्य राज्यों में बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। इस बीच महाराष्ट्र के नागपुर से एक पेपर लीक की खबर सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार, कक्षा 12वीं का केमिस्ट्री का पेपर एग्जाम से पहले स्टूडेंट्स के व्हाट्सएप ग्रुप पर आ गया था। बता दें कि मामला नागपुर के सेंट उर्सुला एग्जामिनेशन सेंटर का है। सेंटर पर एक स्टूडेंट बार-बार टॉयलेट जा रही थी, जिससे सेंटर पर मौजूद लोगों को शक हुआ और जब टीचर ने उसकी तलाशी ली, तो एक स्मार्टफोन जब्त किया।

इसके बाद जब जब्त किए गए फोन को चेक किया गया तो पेपर एग्जाम शुरू होने से पहले एक व्हाट्सएप ग्रुप पर आ गया था। इसके बाद फौरन पुलिस को सूचना दी गई। सेंटर हेड के सदर पुलिस को बताने के बाद, मामले की जांच को पुलिस ने शुरू कर दिया है और केस दर्ज कर लिया है।

## दादा भूसे ने संजय राउत के खिलाफ मानहानि का केस वापस लिया, दोनों नेताओं में हुई सुलह



मुंबई, 21 फरवरी (एजेंसियां)। संजय राऊत और दादा भूसे में सुलह हो गई है। 178 के चीनी मिल घोटाले का आरोप संजय राउत ने मंत्री दादा भूसे पर लगाया था। संजय राऊत ने कहा कि मैंने गलत आधार पर आरोप लगाए थे। संजय राऊत ने मालेगांव के किसानों की माफी मांगी। दादा भूसे ने भी मानहानि का मुकदमा वापस लिया। संजय राउत और दादा भूसे मालेगांव कोर्ट में एक साथ हंसते और मजाक करते हुए नजर आए। हालांकि, यह कहना मुश्किल है कि विरोधी नेताओं के बीच क्या बातचीत हुई कि वे हंस पड़े, लेकिन आईएएस के द्वारा शेयर किए गए वीडियो में शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत भुसे के साथ चलते हुए नजर आए। फर्श पर किसी चीज की ओर इशारा करते हुए दोनों जोर-जोर से हंसते हुए आगे बढ़ गए।

**एकनाथ शिंदे गुट में शामिल हुए थे दादा भूसे**

कुछ साल पहले, शिवसेना के बंटवारे के बाद दादा भूसे एकनाथ शिंदे गुट में शामिल हो गए थे। उन्हें राजनीतिक रूप से टक्कर देने के लिए, उद्धव ठाकरे ग्रुप ने मालेगांव में एक बड़े इवेंट के दौरान बीजेपी नेता अद्वय हिरे को पार्टी में शामिल कर लिया। इसमें उद्धव ठाकरे भी शामिल हुए थे। राउत उस इवेंट की तैयारी के लिए दो से तीन दिन मालेगांव में रहे और उस दौरान उन्होंने बार-बार दादा भूसे पर निशाना साधा। उस समय पार्टी के अखबार सामना में भी इससे जुड़ी एक रिपोर्ट छपी थी।

# अमेरिका के साथ ट्रेड डील की समीक्षा करेगा बांग्लादेश

## इसी महीने यूनुस सरकार में डील हुई थी



वाशिंगटन, 21 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा दूसरे देशों पर लगाए गए टैरिफ को रद्द कर दिया है। इसके बाद बांग्लादेश बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है।

बांग्लादेश के अखबार 'द डेली स्टार' के मुताबिक बांग्लादेश के वाणिज्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद बांग्लादेश अमेरिका के साथ हुई अपनी ट्रेड डील की समीक्षा करेगा।

बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार ने चुनाव से कुछ दिन पहले, 9 फरवरी को जल्दबाजी में अमेरिका के साथ एक व्यापार समझौता किया था। इस डील के बाद बांग्लादेश पर लगने वाला टैरिफ 20 प्रतिशत से घटकर 19 प्रतिशत हो गया था।

वाणिज्य मंत्रालय के डब्ल्यूटीओ विंग की एडिशनल सेक्रेटरी खदीजा नाजनीन ने 'द डेली स्टार' को बताया कि पहले समझौते को पूरी तरह अंतिम रूप दिया जाएगा, उसके बाद आगे का फैसला लिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश और अमेरिका के बीच हुए इस समझौते में बाहर निकलने का भी एक प्रावधान रखा गया है।

# रूसी सुखोई से फ्रांसीसी राफेल तक: भारत का बदलता रक्षा समीकरण

पेरिस/नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। भारत और दशकों के आजमाए साथी रूस को छोड़कर फ्रांस और इजरायल को सबस भरोसेमंद डिफेंस पार्टनर बना रहा है। हालांकि आजादी के बाद भारत ने सबसे पहले फ्रांसीसी विमान (मिराज-2000) ही उड़ाए, लेकिन बाद में रूस देश का सबसे बड़ा डिफेंस पार्टनर बन गया। भारत ने रूस से मिग-29 और सुखोई जैसे विमान खरीदे। एसयू-30एमकेआई भी भी भारतीय वायुसेना के लिए रीढ़ की हड्डी की तरह है। भारत के पास सु-30एमकेआई के 270 से ज्यादा विमान है। नासिक प्लांट में ये विमान बनाए जाते हैं। लेकिन अब लगता है कि एक बार फिर से रूस की जगह फ्रांस ने 'छीन' ली है।

2015-16 में पहली बार बार भारत ने राफेल खरीदने के लिए फ्रांस से समझौता किया था और अब 114 राफेल खरीदने के लिए एक और महाडील होने वाली है। रूस ने इस दौरान, खासकर पिछले 1-2 सालों में सु-57 फाइटर जेट के लिए दर्जनों बार प्रस्ताव भेजे लेकिन भारत की तरफ से आधिकारिक तौर पर जवाब नहीं दिया गया। फ्रांसीसी कंपनियां अब भारत के साथ



फाइटर जेट, फाइटर जेट इंजन, एयर-लॉन्च्ड प्रिसिजन मिसाइल और लेटेस्ट एवियोनिक्स बनाने के लिए भारतीय पार्टनर्स के साथ मिलकर काम कर रही हैं।

**रूस की जगह फ्रांस कैसे बना भरोसेमंद पार्टनर**

भारत ने फ्रांसीसी कंपनी सफ्रॉन के साथ लड़ाकू विमानों का इंजन बनाने के लिए समझौता किया है। वहीं दिल्ली दौरे के दौरान खुद फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि भारत के साथ पनडुब्बी समझौते पर भी बात चल रही है। लेकिन ऐसा नहीं है कि भारत ने रूस को पूरी तरह से छोड़ दिया है। मॉस्को का मिलिट्री सहयोग सबमरीन के लिए न्यूक्लियर रिएक्टर को छोटा करने और टी-90 टैंक और ब्रह्मोस मिसाइलों के को-प्रोडक्शन तक फैला हुआ है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तबाही मचाने वाला एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम भी रूसी है। लेकिन ये भी सच है कि पिछले 3-4 सालों में कोई बड़ा डिफेंस सौदा नहीं हुआ है।

ऐसा नहीं है कि रूस ने भारत का दिल तोड़ा है। बल्कि इसके पीछे एक बड़ी वजह अमेरिकी प्रतिबंध है। रूस को अमेरिका और पश्चिमी देश प्रतिबंधों की बेड़ियों में जकड़े हुए हैं। इसीलिए रूस भारत को हथियारों की सप्लाई भी नहीं कर पा रहा है। जैसे 2016 में 5 एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम के लिए रूस के साथ डील की गई थी, लेकिन 2 एस-400 अभी भी रूस नहीं सौंप सका है। भारत के लिए जो एस-400 बनाए गये थे रूस ने जियो-पॉलिटिकल वजहों से या तो उन्हें ईरान को दे दिया है या खुद उसे यूक्रेन युद्ध में तैनात कर चुका है। जबकि भारत को एस-400 की काफी ज्यादा जरूरत है।

भारतीय वायुसेना के पूर्व एयर मार्शल अनिल चोपड़ा ने दैनिक ट्रिब्यून की एक रिपोर्ट में इस पर बात की है। उन्होंने कहा कि पहली बात तो ये कि वे कुछ जियो-पॉलिटिकल कारणों से हमें मजबूर नहीं करेंगे। दूसरा, पिछले सभी ऑपरेशन में, मिस्टेयर, मिराज 2000 और राफेल जैसे फ्रेंच प्लेन ने अपनी काबिलियत साबित की है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक रिश्ते और नए गठजोड़ फ्रांस को भारत का "हर मौसम का दोस्त" बनाते हैं जो हाई-टेक हथियार और लोकल प्रोडक्शन देता है। लगातार युद्ध और प्रतिबंधों की वजह से पिछले 15 सालों में रूस का एक्सपोर्ट और स्टॉक बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। भारत जो भी रूसी जेट्स ऑपरेट करता है, जिनमें सुखोई-30एमकेआई जेट, एमआईजी-29 जेट, ट्रांसपोर्ट प्लेन आईएल-76 और एएन-32 और हेलीकॉप्टर एमआई-17 और एमआई-25/एमआई-35 शामिल हैं, वो अब पुराने हो चुके हैं। चीन और रूस की नजदीकी और जियो-पॉलिटिकल हालातों में भारत को दूसरे उत्पादकों की तरफ मुड़ने के लिए मजबूर किया है।

# 11 साल के बच्चे पर गोद लेने वाले पिता की हत्या का आरोप

## गेमिंग डिवाइस छीने जाने से था नाराज



वाशिंगटन, 21 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में एक 11 साल के लड़के क्लेटन पर आरोप है कि उसने अपने गोद लेने वाले पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना 13 जनवरी को उसके जन्मदिन की रात घर में हुई। बताया जा रहा है कि गेमिंग कंसोल छीन लेने की बात पर वह नाराज था। गेमिंग कंसोल एक इलेक्ट्रॉनिक मशीन होती है, जिससे टीवी या मॉनिटर पर वीडियो गेम खेले जाते हैं।

उस पर आपराधिक हत्या का मामला दर्ज किया गया है। अपराध की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने उसे बाल अदालत की जगह एडल्ट के रूप में मुकदमा चलाने का आदेश दिया है। आरोपी गुरुवार को वह पहली बार अदालत में पेश हुआ। उसके हाथों में हथकड़ी थी।

पुलिस के मुताबिक, वीडियो गेम को लेकर लड़के और उसके माता-पिता के बीच बहस हुई थी। पुलिस ने बताया कि लड़के ने अपने 42 साल के पिता डगलस डिट्ज को सिर में गोली मार दी, जब वे सो रहे थे। उसने घर के बेडरूम में रखी एक तिजोरी से रिवॉल्वर निकालकर यह वारदात की।

पुलिस के अनुसार, आधी रात के कुछ समय बाद यह गोलीबारी हुई। परिवार जन्मदिन मनाने के बाद सोने चला गया था। बच्चे की मां ने पुलिस को बताया कि तेज आवाज सुनकर उनकी नींद खुली। उन्होंने अपने पति को जगाने की कोशिश की, लेकिन देखा कि उनके सिर से खून निकल रहा था और वे बिल्कुल हिल नहीं रहे थे।

स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, अदालत के दस्तावेजों में कहा गया है कि क्लेटन ने माना कि उसके दिमाग में पहले से कोई था जिसे वह गोली मारना चाहता था। उसने रिवॉल्वर में गोली भरी, हथौड़ी पीछे खींची और सोते समय अपने पिता को गोली मार दी।

# नासा ने माना- सुनीता का अंतरिक्ष में फंसना खतरनाक था

## इसे कल्पना चावला के साथ हुए हादसे जैसा माना, घटना को गंभीर कैटेगरी में रखा

वाशिंगटन, 21 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने माना कि सुनीता विलियम्स का अंतरिक्ष में फंसना खतरनाक था। नासा ने इस मिशन को दुर्घटना की टाइप ए कैटेगरी में रखा गया है। इसी कैटेगरी को दुर्घटना की सबसे गंभीर कैटेगरी माना जाता है।

चैलेंजर और कोलंबिया शटल दुर्घटनाओं के लिए भी इसी कैटेगरी का इस्तेमाल किया गया था। कोलंबिया शटल दुर्घटना में ही भारत की अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला का निधन हुआ था।

19 फरवरी 2026 को जारी 311 पेज की रिपोर्ट में नासा के प्रशासक जेरेड इसाकमान ने लिखा- सुनीता विलियम्स के मिशन में गंभीर खामियां थी। उन्होंने कमियों को नजरअंदाज करने के लिए एजेंसी और बोइंग की कड़ी आलोचना की।



दरअसल, सुनीता विलियम्स साल 2024 में 8 दिन के मिशन पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पहुंची थीं, लेकिन तकनीकी कारणों से उनकी वापसी में 9 महीने से ज्यादा समय लग गया था।

नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने 27 साल के बाद रिटायरमेंट लिया है। उनका रिटायरमेंट 27 दिसंबर 2025 से लागू हुआ। हालांकि नासा ने इसकी घोषणा 20 जनवरी को की थी। सुनीता 27 साल पहले 1998 में नासा से जुड़ी थीं। उन्होंने नासा के 3 मिशन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अंतरिक्ष में 608 दिन बिताए। पहली बार वह 9 दिसंबर 2006 में अंतरिक्ष में गई थी।

सुनीता ने अंतरिक्ष में 9 स्पेसवॉक की। इस दौरान उन्होंने 62 घंटे 6 मिनट तक अंतरिक्ष में चहलकदमी की। यह किसी भी महिला अंतरिक्ष यात्री में सबसे ज्यादा है।

सुनीता पिछले महीने भारत दौरे पर आईं थीं। उन्होंने दिल्ली के अमेरिकन सेंटर में 'आंखें सितारों पर, पैर जमीं पर' सेमिनार में हिस्सा भी लिया था।

उन्होंने यह भी कहा कि यह काम सबके फायदे, सहयोग और पारदर्शिता के साथ, लोकतांत्रिक तरीके से किया जाना चाहिए, ताकि किसी एक देश का दबदबा न हो और पूरी मानवता को इसका लाभ मिले।

भारत आना घर वापसी जैसाः भारत आना उन्हें घर वापसी जैसा लगता है, क्योंकि उनके पिता गुजरात के मेहसाणा जिले के झूलासन गांव से थे। वहीं, चांद पर जाने के सवाल पर मजाकिया लहजे में कहा, 'मैं चंद्रमा पर जाना चाहती हूं, लेकिन मेरे पति मुझे इजाजत नहीं देंगे। घर वापसी और जिम्मेदारी सौंपने का समय आ गया है। अंतरिक्ष खोज में अगली पीढ़ी को अपना स्थान बनाना होगा।

# ईरान के नजदीक एयरक्राफ्ट कैरियर को लाने की हिम्मत नहीं कर पा रहा अमेरिका

## खामेनेई की धमकी, पानी में खोद देंगे कब्र

वॉशिंगटन, 21 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ लगातार सैन्य हमले की धमकी दे रहे हैं। ट्रंप ने अपने एक एयरक्राफ्ट कैरियर को मिडिल ईस्ट के समुद्री क्षेत्र में भेज दिया है। इसके अलावा दुनिया का सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड भी इस तरफ रवाना हो चुका है। हालांकि, ट्रंप ने भले ही ईरान के खिलाफ बयानबाजी जारी रखी है, लेकिन अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति अभी तक ईरान को लेकर फैसला नहीं कर पाए हैं। खास बात है कि ईरान ने हाल ही में होर्मुज की खाड़ी में अपने सैन्य अभ्यास को अंजाम दिया, जब अमेरिकी विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन मिडिल ईस्ट के



पानी में ही मौजूद था। आखिर ट्रंप ईरान पर हमले से हिचकिचा क्यों रहे हैं?

ट्रंप की हिचकिचाहट को समझने के लिए ईरान के सुप्रीम लीटर अयातुल्ला अली खामेनेई के 17 फरवरी के भाषण को जान लीजिए। इसमें खामेनेई ने अमेरिकी विमानवाहक पोत की तैनाती की तरफ इशारा करते हुए कहा, 'एयरक्राफ्ट करियर खतरनाक मशीन है, लेकिन उसके भी ज्यादा खतरनाक वह हथियार है, जो उसे समुद्र की गहराई में भेज सकता है।'

हालांकि, खामनेई ने यह नहीं बताया कि अमेरिकी एयरक्राफ्ट करियर को समुद्र में डुबोने के लिए ईरान किस हथियार का इस्तेमाल करेगा। लेकिन अंदाजा लगाया जा सकता है कि वे किस हथियार की बात कर रहे थे। ईरान के शस्त्रागार में हाइपरसोनिक मिसाइलें शामिल हैं, जो मैक 15 की स्पीड तक पहुंच सकती हैं। इसके साथ ही खतरनाक सबसोनिक एंटी-शिप क्रूज मिसाइलें भी शामिल हैं।

ईरान के जखीरे में सबसे खतरनाक हथियार फतह क्लास की हाइपरसोनिक मिसाइलें हैं। इस श्रेणी की पहली मिसाइल फतह-1 है, जिसे जून 2023 में पेश किया गया था।

एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, फतह-1 मीडियम रेंज बैलिस्टिक मिसाइल है। लगभग 15 मैक की स्पीड से जाने वाली इस मिसाइल की कथित रेंज 1400 किमी है। इसे एंटी मिसाइल डिफेंस से बचने के लिए डिजाइन किया गया है।

# यूक्रेन ने रूस की मिसाइल फैक्टरी पर किया ड्रोन हमला

## 11 लोग घायल, तीन अस्पताल में भर्ती

कीव, 21 फरवरी (एजेंसियां)। रूस और यूक्रेन के बीच बीते चार वर्षों से जंग जारी है। इसी कड़ी में यूक्रेनी ड्रोन ने शनिवार को रूस के अंदर एक औद्योगिक ठिकाने को निशाना बनाया। एक रूसी समाचार चैनल ने बताया कि यह जगह एक प्रमुख सरकारी मिसाइल फैक्टरी थी।

स्थानीय स्वास्थ्य मंत्री सर्गेई बागिन ने अपने टेलीग्राम पोस्ट में बताया, यह हमला रूस के उडमर्ट गणराज्य में हुआ। हमले में 11 लोग घायल हुए। इनमें से तीन को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

वहीं, क्षेत्रीय प्रमुख अलेक्जेंडर ब्रेचालोव ने एक अन्य टेलीग्राम पोस्ट में कहा, उडमर्ट गणराज्य की एक सुविधा पर यूक्रेन की ओर से ड्रोन से हमला किया गया।



उन्होंने कहा कि हमले में लोगों को चोटें आईं और नुकसान हुआ। हालांकि, उन्होंने हमले के स्थल का नाम या और कोई विवरण साझा नहीं किया।

टेलीग्राम पर एक रूसी समाचार चैनल 'एस्ट्रा' ने बताया कि यूक्रेनी ड्रोन ने वोटकिन्स्क मशीन बिल्डिंग प्लांट को निशाना बनाया, जो एक प्रमुख सरकारी रक्षा उद्यम है। एस्ट्रा ने कहा कि उनका यह दावा स्थानीय निवासियों के फुटेज के विश्लेषण पर आधारित है। वहीं, यूक्रेनी अधिकारियों की ओर से तुरंत कोई टिप्पणी नहीं आई।

# चीन की गजब तकनीक: सिगरेट पीते ही पारदर्शी हो जाएगा टॉयलेट का दरवाजा

## धुआं उड़ाया तो दुनिया देखेगी

बीजिंग, 21 फरवरी (एजेंसियां)। चीन ने एक ऐसी तकनीक विकसित की है, जिससे पब्लिक टॉयलेट में सिगरेट पीने वालों के होश उड़ सकते हैं। सिगरेट का धुआं निकलते ही टॉयलेट का दरवाजा पारदर्शी हो जाएगा। इससे बाहर के लोग अंदर बैठे इंसान को देख सकते हैं। ऐसा दरवाजा चीन के एक शॉपिंग सेंटर में लगाया भी जा चुका है। इसे खासतौर पर पुरुषों के टॉयलेट में लगाया गया है। शॉपिंग सेंटर का कहना है कि नई टॉयलेट का दरवाजा अंदर लोगों के स्मोक करने पर ट्रांसपेरेंट हो जाता है। हालांकि, चीनी सोशल मीडिया में इसका जमकर तारीफ भी हो रही है।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, नई तकनीक से लैस टॉयलेट के दरवाजों को ग्वांगडोंग प्रांत के शेन्जेन में स्थित शुइबेई इंटरनेशनल सेंटर और शुइबेई जिनज़ुओ बिल्डिंग के दो




ज्वेलरी शॉपिंग मॉल में लगाया गया है। इस दरवाजे की पहली बार जानकारी 16 दिसंबर को चीनी सोशल मीडिया पर शेयर की गई थी। तब से यह दरवाजा चीन में चर्चा का विषय बना हुआ है। कुछ लोग इसकी तारीफ कर रहे हैं, वहीं कुछ आलोचना करने वाले लोग भी हैं, जिन्हें प्राइवेसी को खतरा दिखाई दे रहा है।

टॉयलेट के दरवाजे के कांच में एक खास टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल होता है जो आम तौर पर ओपेक होती है और धुआं आने के कुछ सेकंड बाद पावर काट देती है, जिससे कांच ट्रांसपेरेंट हो जाता है। शॉपिंग सेंटर बाथरूम यूज़र को इस फंक्शन के बारे में बताने लिए दरवाजे पर एक नोटिस लगाए हुए हैं, जिस पर लिखा हैः "अगर आप स्मोक करते हैं तो कांच ट्रांसपेरेंट हो जाएगा। अगर आप ऑनलाइन फेमस नहीं होना चाहते हैं तो स्मोक करने की इच्छा को रोकें।"

कई लोगों ने सोशल मीडिया पर इस नई टेक्नोलॉजी की तारीफ की है। एक यूजर ने लिखाः "आखिरकार, स्मोक करने वालों से निपटने के लिए एक असरदार तरीका है।" चीन में सार्वजनिक जगहों पर स्मोकिंग करने पर प्रतिबंध है। ऐसा करने पर छोटे जुर्माने लगाए जाते हैं, लेकिन लोगों पर इसका कोई खास असर नहीं होता है। ऐसे में लोग अब इस तकनीक को पूरे चीन में प्रमोट करने की मांग करने लगे हैं।

शेन्जेन चीन का एक ऐसा शहर है जहां इनडोर पब्लिक जगहों पर स्मोकिंग पर पूरी तरह से बैन है। शॉपिंग सेंटर भी नॉन-स्मोकिंग बिल्डिंग हैं। इस तकनीक का इस्तेमाल करने वाले शॉपिंग सेंटर के एक स्टॉफ ने बताया कि उन्होंने पिछले साल अगस्त में ग्लास विंडो पर टेस्ट रन शुरू किया था। स्टॉफ ने यह भी दावा किया कि उन्हें खरीदारों और दुकानदारों दोनों से इसका अच्छा फीडबैक मिला है।

# सराफा-कारोबारी से 50 लाख की लूट

## 3 दिन में दूसरी घटना, बाइक सवार तीन युवक बैग छीनकर भागे, शॉप बंद कर रहे थे

बिलासपुर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में सराफा कारोबारियों से तीन दिन में दूसरी बड़ी लूट की घटना हुई है। शहर के रमेश ज्वेलर्स में करीब 50 लाख रुपए के सोने और चांदी के ज्लेवरी लूट लिए गए। शुक्रवार की देर शाम दुकान बंद करते समय बाइक सवार तीन युवक बैग लेकर भाग गए। इस बैग में 60 ग्राम सोना, 8 किलो चांदी और कैश के साथ ही करीब 50 लाख से अधिक का माल होने का दावा किया गया है। घटना सीपत थाना क्षेत्र की है। वहीं, 3 दिन पहले ही बदमाश सरकंडा के राजकिशोर नगर में सराफा व्यापारी से 3.35 करोड़ का सोना-कैश लूटकर भागे थे। जिनका यूपी में शॉर्ट एनकाउंटर हुआ था।

# पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष का अधजला शव मिला

## साक्ष्य मिटाने के लिए शव जलाने की आशंका, आक्रोशितों ने किया सड़क जाम



गिरिडीह, 21 फरवरी (एजेंसियां)। गिरिडीह जिले के निमियाघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरी-फुसरो रोड पर खांखी जंगल के पास शनिवार सुबह पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष राकेश महतो का अधजला शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव की स्थिति और प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस ने हत्या की पुष्टि की है। स्थानीय लोगों ने सुबह सड़क किनारे अधजली लाश देखी और इसकी सूचना निमियाघाट थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। बाद में मृतक की पहचान डुमरी के बड़े राजनीतिक चेहरे और वर्ष 2016 में जिला परिषद अध्यक्ष रहे राकेश महतो के रूप में हुई।

जानकारी के अनुसार, हत्या से पहले उनके साथ मारपीट की गई और साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को जलाने का प्रयास किया गया। एसडीपीओ सुमित कुमार के नेतृत्व में निमियाघाट व डुमरी थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसपी डॉ. बिमल कुमार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। एसडीपीओ ने पुष्टि करते हुए कहा कि राकेश महतो की हत्या की गई है और शव खांखी जंगल से बरामद हुआ है। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और समर्थक घटनास्थल पर जुट गए। आक्रोशित लोगों ने डुमरी-फुसरो मुख्य सड़क को जाम कर दिया और हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। सड़क जाम के कारण यातायात पूरी तरह ठप हो गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस अधिकारियों के समझाने और त्वरित कार्रवाई के आश्वासन के बाद स्थिति को धीरे-धीरे नियंत्रित किया गया।

# आईईडी ब्लास्ट, दो कोबरा जवान घायल

चाईबासा, 21 फरवरी (एजेंसियां)। पश्चिम सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान शनिवार को आईईडी ब्लास्ट हो गया। छोटा नागरा थाना क्षेत्र में हुए इस विस्फोट में कोबरा के दो जवान घायल हो गए। पश्चिम सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक अमित रेनू ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि सारंडा क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चल रहा है। इसी दौरान सुरक्षा बलों की टीम सघन सर्च ऑपरेशन कर रही थी, तभी नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी में विस्फोट हो गया।

# डोनाल्ड ट्रंप चीन दौरे पर 23 मार्च को जाएंगे

## अमेरिकी राष्ट्रपति की भारत यात्रा का क्या होगा? दांव पर क्वाड!

वॉशिंगटन, 21 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन दौरे की तारीख का ऐलान हो गया है। व्हाइट हाउस ने घोषणा की है कि ट्रंप 31 मार्च को चीन जा रहे हैं। इस दौरान वह चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बड़ी बैठक भी करेंगे। ट्रंप के चीन दौरे का ऐलान तब किया गया है, जब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने उनके प्रशासन के लगाए गए टैरिफ को अवैध घोषित कर दिया है। ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल के पहले महीने चीन के खिलाफ भी भारी-भरकम टैरिफ का ऐलान किया था, लेकिन बीजिंग की प्रतिक्रिया देखकर उन्होंने अपने पैर पीछे खींच लिए थे। तब से ट्रंप चीन को लेकर सधे बयान दे रहे हैं, जबकि बाकी दुनिया के खिलाफ उनका बड़बोलापन वैसे ही जारी है।

अमेरिका और चीन दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं। ऐसे में ट्रंप औप जिनपिंग की मुलाकात पर भी दुनिया की नजर बनी रहेगी। यह ट्रंप का दूसरी बार ऑफिस संभालने के बाद पहला चीन दौरा होगा। ट्रंप का पिछला चीन दौरा नवंबर 2017 में उनके पहले टर्म के दौरान हुआ था। शी जिनपिंग के भी इस साल के आखिर में अमेरिका जाने की उम्मीद है। ट्रंप और जिनपिंग ने 4 फरवरी को फोन पर बातचीत भी की थी। शी और ट्रंप ने इस महीने की शुरुआत में हुई बातचीत को दोस्ताना और कंस्ट्रक्टिव बताया था। पिछले साल ऐसा कहा जा रहा था कि ट्रंप राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए भारत का दौरा करेंगे। हालांकि, उनका यह दौरा अब भी अनिश्चित बना हुआ है। ऐसा प्रतीत होता है कि ट्रंप चीन के खिलाफ कोई भी कदम उठाने में हिचक रहे हैं। चीन का दावा है कि क्वाड का गठन खासतौर पर उसके खिलाफ किया गया है। वह हमेशा क्वाड की आलोचना करता रहा है। वहीं, भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने दावा किया है कि ट्रंप भारत आने के लिए तैयार हैं और उनका यह दौरा जल्द हो सकता है। हालांकि, अमेरिकी टैरिफ और भारत के खिलाफ ट्रंप के बड़बोले बयानों को देखते हुए इसकी संभावना कम जताई जा रही है।

क्वाड भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक अनौपचारिक रणनीतिक समूह है। इसका मुख्य उद्देश्य हिंद-प्रशांत (Indo-Pacific) क्षेत्र को मुक्त, खुला और समावेशी बनाए रखना है।

# शिवलिंग पर बेलपत्र का कौन सा भाग चढ़ाना चाहिए?



शिवलिंग पर कैसे बेलपत्र चढ़ाएं?

बेलपत्र 1, 3 या फिर 5 पत्र वाला भी होता है। शास्त्रों में कहा गया है कि बेलपत्र जितने अधिक पत्र वाला होता है, उतना ही शुभ होता है। इसलिए शुभ काम में खासतौर पर शिव पूजा में हमेशा तीन पत्तों वाला बेलपत्र का उपयोग किया जाता है। 3 पत्तियों वाला बिल्वपत्र विषम संख्या जैसे 3, 7, 11 या 21, 51, 101 या इससे ज्यादा चढ़ाए जा सकते हैं।

शिव पूजा में हमेशा अच्छे बिल्वपत्र का उपयोग किया जाना चाहिए। कटे फटे और दाग धब्बों वाले बेलपत्र चढ़ाने से पूजा अधूरा मानी जाती है। टूटा या कटा बेलपत्र शिव जी को नहीं चढ़ाना चाहिए।

अखंड बेलपत्र चढ़ाने का ही फल प्राप्त होता है। केवल खानापूर्ति के लिए खराब बेलपत्र का भी उपयोग कर लेना सही नहीं माना जाता है।

पीला या कीड़े-मकोड़ों से क्षतिग्रस्त बेलपत्र अर्पित नहीं करना चाहिए।

यह कोशिश करें कि आप शिवलिंग पर हमेशा ताजे तोड़े हुए बेलपत्र ही चढ़ाएं, लेकिन किसी वजह से 2,3 दिन पहले वाले बेलपत्रों का उपयोग करना पड़ रहा है, तो उन्हें साफ और सुरक्षित स्थान पर संभालकर रखें।

शिव पूजा के लिए भूलकर भी मुरझाए और सूखे हुए बेलपत्र का उपयोग नहीं करना चाहिए। शास्त्रों के अनुसार, बेलपत्र को 6 महीने तक बासी नहीं माना जाता है। बशर्ते वह सूखा न हो और मुरझाया हुआ न हो।

शिव भक्ति और भावना को अधिक महत्व देते हैं।

अगर पूजा के लिए बेल पत्र नहीं हो तो शिवलिंग पर चढ़ाए गए बेलपत्र को फिर से चढ़ा जा सकता है। ऐसा माना जाता है कि बेलपत्र कभी पुराना नहीं होता है। पहले चढ़ाया गया बेलपत्र अभी भी साफ, त्रिदली और अखंड अवस्था में है, तो उसे फिर उपयोग किया जा सकता है।

शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाने का सही तरीका बेलपत्र के पत्र में तीन से अधिक पत्तियां होने पर भी वे एक ही डंडी से जुड़ी होनी चाहिए। शिवलिंग पर बिल्वपत्र अर्पित करने से पहले उसे अच्छी तरह से साफ करें और सभी बेलपत्रों पर चंदन से ओम, या श्रीराम लिखें। बेलपत्र को अनामिका, अंगूठा और मध्यमा उंगली से पकड़कर चढ़ाएं। बीच की पत्ती को पकड़कर ही इसे शिवलिंग पर अर्पित करें।

बेलपत्र को हमेशा उलटा चढ़ाएं, जिससे कि बेलपत्र का चिकना हिस्सा शिवलिंग को स्पर्श करें।

शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाते समय ॐ नमः शिवाय मंत्र का जाप करें।

शिवलिंग की पूजा करते समय सही क्रम का ध्यान रखें। पहले शिवलिंग का जल से अभिषेक करें उसके बाद बेलपत्र चढ़ाएं न कि जलाभिषेक से पहले।

# पैसों की तंगी से छुटकारा दिला सकता है जेड स्टोन

## पहनते ही बदलेगी किस्मत



धन-वैभव और प्रतिष्ठा सभी को प्रिय होती है। हर व्यक्ति चाहता है कि उसके जीवन में सुख, शांति और आर्थिक तरक्की बनी रहे। लेकिन कई बार कड़ी मेहनत के बावजूद धन की कमी और रुकावटें बनी रहती हैं। ऐसे में लोग ज्योतिष और रत्न शास्त्र का सहारा लेते हैं। जेड स्टोन एक ऐसा हरा और आकर्षक रत्न है, जिसे सौभाग्य और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि इसे धारण करने से जीवन में सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं। आइए जानते हैं जेड स्टोन के पहनने के क्या फायदे हैं और इसे धारण करने का तरीका।

**जेड स्टोन पहनने के लाभ**

फेंगशुई और प्राचीन मान्यताओं के अनुसार जेड स्टोन को गुड लक और सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इसे 'ड्रीम स्टोन' भी कहा जाता है। कहा जाता है कि यह रत्न सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है और आसपास की नकारात्मकता को दूर करता है। रत्न शास्त्र के अनुसार, अगर जेड स्टोन को सही विधि से धारण किया जाए तो यह आर्थिक बाधाओं को कम करने में सहायक होता है। व्यापार में अटके हुए पैसे की वापसी और नए आय स्रोत खुलने में भी यह लाभकारी माना गया है।

**मानसिक शांति रत्न**

जेड स्टोन केवल आर्थिक लाभ तक सीमित नहीं है। इसे एक प्रभावी हीलर भी माना जाता है। यह हृदय चक्र को संतुलित करने में मदद करता है और तनाव को कम करता है। अगर आप निर्णय लेने में असमंजस महसूस करते हैं या आत्मविश्वास की कमी है, तो यह रत्न मानसिक शांति और स्थिरता प्रदान कर सकता है। इससे रिश्तों में भी सकारात्मकता बढ़ती है।

**जेड स्टोन धारण करने का तरीका**

आप जेड स्टोन को अंगूठी, ब्रेसलेट या पेंडेंट के रूप में धारण कर सकते हैं। इसे चांदी या सोने में जड़वाना शुभ माना जाता है। अगर आपके लिए इस रत्न को पहन पाना संभव न हो, तो घर की तिजोरी, कैश बॉक्स या ऑफिस डेस्क पर जेड ट्री रख सकते हैं। ऐसा का जाता है कि इससे धन आकर्षण की ऊर्जा सक्रिय होती है और आर्थिक स्थिति में सुधार देखने को मिलता है।

# दुनिया का एकमात्र मंदिर, जहां शिवलिंग नहीं शिव प्रतिमा

देश-दुनिया में देवाधिदेव महादेव के एक से बढ़कर एक शिवालय हैं, जिससे जुड़ी कथा, चमत्कार और मंदिर की बनावट भक्ति के साथ हैरत में भी डालती है। ऐसा ही एक अद्भुत शिवालय उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में स्थित है। यह शिवद्वार धाम या उमा-महेश्वर मंदिर जिला मुख्यालय से लगभग 40 किमी उत्तर-पश्चिम और घोरावल से मात्र 10 किमी दूर है। यह 11वीं शताब्दी का प्राचीन मंदिर है, जहां शिव और पार्वती की खूबसूरत 3 फुट ऊंची ब्लैकस्टोन (काले पत्थर) की मूर्ति प्रवीण मुद्रा में विराजमान है। यहां पर भगवान शिव संहारक स्वरूप में नहीं बल्कि एक सौम्य पति के रूप में मौजूद हैं।

**भारतीय शिल्पकला का अनुपम नमूना**

पर्यटन विभाग के अनुसार, यह मंदिर शिव की मौन मुस्कान और पार्वती की करुण दृष्टि से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर देता है। 11वीं शताब्दी में निर्मित यह प्रतिमा भारतीय शिल्पकला का अनुपम नमूना है, जहां दाम्पत्य सौहार्द, आध्यात्मिक गहराई और सौम्य भावनाओं का अद्भुत संगम दिखता है। इस मंदिर में पारंपरिक शिवलिंग की बजाय शिव और पार्वती की संयुक्त मूर्ति की पूजा होती है, जो इसे दुनिया में अनोखा बनाती है।

**शिव यहां संहारक नहीं सौम्य पति**

मंदिर के गर्भगृह में स्थापित काले पत्थर की यह प्रतिमा करीब तीन फुट ऊंची है और लश्या शैली में बनी हुई है। शिव यहां संहारक के रूप में नहीं, बल्कि सौम्य पति के रूप में और पार्वती शक्ति के साथ करुणामयी अर्धांगिनी के रूप में विराजमान हैं। प्रतिमा की सूक्ष्म नक्काशी, भाव-भंगिमा और संतुलन जीवंत है।

**मंदिर से जुड़ी पौराणिक कथा**

मंदिर से जुड़ी किवदंती के अनुसार, कई वर्ष पहले एक किसान जब अपने खेत में हल चला रहा था, तब धरती से यह अप्रतिम उमा-महेश्वर प्रतिमा प्रकट हुई। इसे चमत्कार मानकर स्थानीय लोगों ने यहां मंदिर का निर्माण करवाया। यह प्रतिमा सृजन और प्रेम के स्वरूप का प्रतीक मानी जाती है, जो उस



युग के उत्कृष्ट शिल्प कौशल को दर्शाती है। धार्मिक महत्व के कारण यहां साल भर श्रद्धालु बड़ी संख्या में आते रहते हैं।

**दर्शन मात्र से कटते हैं पाप**

सावन और महाशिवरात्रि पर यहां लाखों भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ती है। श्रद्धालु विजयगढ़ दुर्ग के राम सागर ताल से पवित्र जल लेकर पैदल या कांवड़ पर सिर रखकर शिवद्वार धाम पहुंचते हैं और जल अर्पित करते हैं। यहां दर्शन करने वाले भक्त महसूस करते हैं कि सच्ची आस्था पत्थर में नहीं, बल्कि हृदय में बसती है। मान्यता है कि उमा-महेश्वर के दर पर कोई मनोकामना लेकर पहुंचे तो वह जरूर पूरी होती है। दर्शन मात्र से पाप भी कटते हैं।

***कैसे पहुंचें मंदिर?***

मंदिर तक पहुंचना आसान है। सोनभद्र जिला मुख्यालय से सड़क मार्ग से बस, ऑटो या निजी वाहन से आसानी से मंदिर तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। घने जंगलों और विंध्य पर्वतमाला से घिरा यह स्थान प्राकृतिक सुंदरता और शांति से भरपूर है, जो भक्तों को आध्यात्मिक शांति प्रदान करता है।

# अच्छे दिन शुरू होने से पहले मिलते हैं 7 संकेत

हर व्यक्ति चाहता है कि उसके जीवन में एक ऐसा दौर आए जब उसकी सारी परेशानियां दूर हों और वो अच्छा जीवन जी सके। अच्छा समय कभी भी शुरू हो लेकिन शुरू होने से पहले क्या संकेत आपको मिलने लगते हैं इसकी जानकारी ज्योतिष शास्त्र में दी गई है। आज हम आपको इन्हीं संकेतों के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं। ये छोटे-छोटे संकेत आपके जीवन की दिशा को सकारात्मक से बदलने लगते हैं।

**घर में काली चींटियों का आना**

आपके घर या आंगन में अगर काली चींटियां अचानक से आ जाएं तो समझ लीजिए आपका अच्छा समय शुरू होने वाला है। घर में काली चींटियों का आना माता लक्ष्मी का आशीर्वाद माना जाता है। धन से जुड़ी परेशानियां काली चींटियों के घर में आने के बाद दूर होने लगती हैं।

**घर में गाय का आना**

अगर आपके द्वार पर अचानक से गौ माता आ जाए तो इसी भी अच्छा समय शुरू होने का संकेत माना जाता है। ऐसा सपना आने के बाद किस्मत का साथ आपको मिलने लगता है। गाय अगर द्वार पर आए तो आपको कुछ न कुछ खाने के लिए गाय को जरूर देना चाहिए।

**सूर्योदय से पहले नींद खुलना**

अगर आपकी नींद खुद ब खुद सूर्योदय से पहले ब्रह्म मुहूर्त में खुलने लगी है तो यह भी शुभ संकेत है। इसका एक अर्थ तो यह है कि आप सही जीवन जी रहे हैं और दूसरा संकेत यह है कि सकारात्मक ऊर्जा आपके आसपास मौजूद है और आपको जीवन में प्रगति मिलने वाली है।

**खुशबू महसूस होना**

अगर आपको यूंही चलते-फिरते या बैठे हुए खुशबू महसूस होती है तो इसका अर्थ है कि सफलता आपको जीवन में मिलने वाली है। ऐसा होने पर आपको कहीं से कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**आंख का फड़कना**

अगर पुरुष के दाहिने ओर की आंख और महिला के बायीं आंख फड़फड़ाती है तो यह संकेत है कि भाग्योदय होने वाला है। बुरा वक्त खत्म होने वाला है और अच्छे समय की शुरुआत होने वाली है।

**बिगड़ते कार्यों का बनना**

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार अगर आपके बिगड़े हुए काम अचानक से बनने लगे हैं तो समझ जाइए जीवन में सुधार होने वाला है। बिगड़े कार्यों का बनना इस बात का संकेत भी है कि आपके पूर्वजों का आशीर्वाद आपके ऊपर है।

**शुभ सपनों का दिखाई देना**

अगर आपको शुभ सपने दिखाई दे रहे हैं जैसे सपने में देवी-देवता दिख रहे हैं, सपने उल्लू, नेवला आदि दिखाई दे रहे हैं तो यह भी बेहद शुभ संकेत माना जाता है। ऐसा सपना आने के बाद अच्छे दौर की शुरूआत होती है।

# दक्षिण-पश्चिम दिशा क्यों मानी जाती है सबसे मजबूत?



वास्तु शास्त्र में हर दिशा का अपना महत्व बताया गया है। आज चर्चा दक्षिण-पश्चिम दिशा की, जिसे घर में स्थिरता और मजबूती की दिशा माना जाता है। आचार्य इंदु प्रकाश के अनुसार, यह दिशा भारी सामान रखने के लिए सबसे उपयुक्त होती है। घर बनाते समय अगर इस दिशा से जुड़े कुछ नियमों का पालन किया जाए तो सकारात्मक ऊर्जा और संतुलन बनाए रखा जा सकता है। तो चलिए जानते हैं दक्षिण-पश्चिम दिशा से जुड़े कौन-कौन से जरूरी नियम बताए गए हैं।

**दक्षिण-पश्चिम दिशा क्यों है खास?**

वास्तु शास्त्र में दक्षिण-पश्चिम दिशा को स्थिरता की दिशा माना गया है। दक्षिण-पश्चिम दिशा को भारी सामान रखने के लिये सबसे उचित दिशा माना जाता है। कहा जाता है कि इस दिशा में भारी सामान रखने से घर में मजबूती और संतुलन बना रहता है। इसलिए अलमारी, तिजोरी, फर्नीचर या अन्य भारी वस्तुएं इसी हिस्से में रखना शुभ माना जाता है।

**घर बनवाते समय इस बात का रखें ध्यान**

घर बनवाते समय इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि दक्षिण-पश्चिम हिस्सा बाकी हिस्सों से थोड़ा ऊंचा हो। साथ ही इस दिशा की दीवारें अन्य दिशाओं की तुलना में मोटी बनाई जानी चाहिए। अगर घर में सीढ़ियां बनवानी हों तो उन्हें भी इसी दिशा में बनाना बेहतर माना गया है। आप चाहें तो यहां स्टोर रूम भी बना सकते हैं, जिसे भारी सामान रखने के लिये उपयोग में लाना चाहिए।

**वैज्ञानिक कारण भी है मौजूद**

इस दिशा को भारी सामान रखने के लिये क्यों उपयोग में लाना चाहिए, इसके पीछे एक साइंटिफिक फैक्ट भी है। इसके पीछे दिए गए वैज्ञानिक तर्क के मुताबिक, पृथ्वी जब सूर्य की परिक्रमा दक्षिण दिशा में करती है तो पृथ्वी एक विशेष कोणीय स्थिति में होती है, लेकिन दक्षिण दिशा में भार रखने से वह संतुलन में आ जाती है। साथ ही इस दिशा में गर्मियों में ठंडक और सर्दियों में हल्की गर्माहट बनी रहती है, जिसके चलते भारी सामान की ऊर्जा में भी संतुलन बना रहता है।

# कमाई ठीक फिर भी पर्स खाली? वास्तु का ये छोटा उपाय

घर का मुख्य द्वार, तिजोरी या पूजा स्थान ही नहीं, बल्कि पर्स को भी वास्तु में धन ऊर्जा से जुड़ा माना जाता है। ज्योतिष मान्यता कहती है कि पर्स व्यक्ति की आर्थिक ऊर्जा का प्रतीक होता है-यानी पैसा कैसे आता है और कितना टिकता है, इसका संकेत इससे जुड़ा माना जाता है। अक्सर देखा गया है कि जिन लोगों का पर्स हमेशा साफ और व्यवस्थित रहता है, उनके खर्च भी संतुलित रहते हैं। वहीं जो लोग पर्स में रसीदें, पुराने कागज या बेकार सामान भरकर रखते हैं, उनका ध्यान भी पैसों पर कम रहता है। वास्तु में इसे "ऊर्जा अवरोध" की तरह समझाया जाता है।

**पर्स में न रखें ये चीजें**

**फटा या गंदा पर्स**

कई लोग सालों तक वही पर्स इस्तेमाल करते रहते हैं, चाहे वह घिस चुका हो। माना जाता है कि ऐसा पर्स धन हानि का संकेत देता है। जैसे घर की टूटी चीजें नकारात्मकता बढ़ाती हैं, वैसे ही फटा पर्स भी आर्थिक ऊर्जा कमजोर करता है।

**पर्स का रंग भी डालता है असर**

वास्तु मान्यताओं में रंगों का खास महत्व बताया गया है। माना जाता है कि बहुत गहरे रंग जैसे काला या नेवी ब्लू कभी-कभी धन रुकावट का प्रतीक बनते हैं। इसके बजाय हल्के और स्थिरता दर्शाने वाले रंग-हरा, भूरा या क्रीम-पैसे के स्थायित्व से जोड़े जाते हैं। कई लोग इसे मनोवैज्ञानिक नजरिये से भी सही मानते हैं, क्योंकि हल्के रंग व्यवस्थित और साफ रखने की प्रेरणा देते हैं।



**पर्स में देवी-देवता की तस्वीर: सही या गलत?**

बहुत से लोग श्रद्धा से पर्स में माता लक्ष्मी या कुबेर की तस्वीर रखते हैं, लेकिन पारंपरिक मान्यता के अनुसार पर्स को मुद्रा रखने का स्थान माना जाता है, जहां देव प्रतिमा रखना उचित नहीं माना गया।

इसके स्थान पर कुछ लोग लाल स्याही से बना छोटा यंत्र या शुभ चिह्न रखने की सलाह देते हैं, जिसे सम्मानजनक भी माना जाता है और प्रतीकात्मक रूप से शुभ भी।

**मोर पंख रखने की परंपरा**

मोर पंख को भारतीय परंपरा में सकारात्मकता और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। कई लोग इसे किताबों या तिजोरी में भी रखते हैं। पर्स में छोटा सा मोर पंख रखने की मान्यता भी इसी विचार से जुड़ी है कि यह नकारात्मकता दूर करता है और अवसरों को आकर्षित करता है। ग्रामीण इलाकों में आज भी कई परिवारों में बच्चों के स्कूल बैग या बटुए में मोर पंख रखने की परंपरा देखी जाती है, जिसे "नजर से बचाव" और भाग्य वृद्धि से जोड़ा जाता है।

**पर्स में रखें ये छोटी पोटली-सबसे लोकप्रिय उपाय**

वास्तु मान्यता में सबसे आसान उपाय एक छोटी पोटली का बताया गया है। इसके लिए पीले कपड़े का छोटा टुकड़ा लें और उसमें कुछ चावल के दाने व हल्दी रखकर बांध दें।

**क्यों माना जाता है इसे शुभ**

पीला रंग समृद्धि और गुरु ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। चावल को अन्न और स्थिरता का संकेत माना जाता है, जबकि हल्दी शुभता से जुड़ी है। इन तीनों का संयोजन आर्थिक स्थिरता का प्रतीक माना जाता है। कई लोग बताते हैं कि इस उपाय के बाद उन्होंने पर्स व्यवस्थित रखना शुरू किया और अनावश्यक खर्च पर ध्यान गया-यानी प्रभाव का एक हिस्सा व्यवहार बदलाव से भी जुड़ा हो सकता है।

# अद्भुत है शिकारी देवी मंदिर

अपने देश भारत में कई अलौकिक और अनोखे मंदिर मौजूद हैं, जिनकी अपनी खासियत, कथाएं और मान्यताएं लोगों को चकित कर देती हैं। देवताओं की भूमि हिमाचल प्रदेश में भी एक अद्भुत मंदिर है, जो शिकारी देवी के नाम से प्रसिद्ध है। शिकारी देवी मंदिर मां दुर्गा को समर्पित है। माना जाता है कि यह मंदिर महाभारत काल का है और इसकी स्थापना पांडवों ने अपने वनवास के दौरान की थी। इस मंदिर की छत नहीं है, खुले आसमान के नीचे शिकारी देवी की पूजा की जाती है। आज तक कोई भी व्यकित इस मंदिर की छत को बनवाने में सफल नहीं हो सका। आइए जानते हैं शिकारी देवी मंदिर के बारे में।

मार्कंडय ऋषि की भक्ति से प्रसन्न हो प्रकट हुईं देवी शिकारी देवी मंदिर उत्तरी भारतीय राज्य हिमाचल प्रदेश के **मंडी जिले** में स्थित है, जो सनार्ली से 18 किलोमीटर से अधिक दूरी पर करसोग घाटी में है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, शिकारी देवी मंदिर में ऋषि मार्कंडय ने कई वर्षों तक ध्यान किया था, जिसके बाद देवी उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर यहां प्रकट हुईं और उन्हीं के कहने पर इस स्थान पर उनके मंदिर का निर्माण कराया गया।

**कैसे पड़ा शिकारी देवी नाम**

शिकारी देवी मंदिर में वहां के स्थानीय शिकारी अपने शिकार से पहले देवी की पूजा करते हैं ताकि उन्हें शिकार में सफलता मिले और देवी शिकार के दौरान जंगली जानवरों से होने वाले खतरे से भी उनकी रक्षा करें। यही कारण है कि इस मंदिर को शिकारी देवी कहा जाता है और शिकार से पहले शिकारियों द्वारा मंदिर में देवी का आह्वान किया जाता है।



**बिना छत वाले मंदिर से भी प्रसिद्ध**

शिकारी देवी मंदिर अन्य मंदिरों से इसलिए भी अलग है क्योंकि इसकी छत नहीं है। बीते वर्षों में स्थानीय लोगों और कई राजनेताओं ने मंदिर की छत बनवाने की बहुत कोशिश की, लेकिन कोई भी इस कार्य में सफल नहीं हो सका।

**आंधी-तूफान से गिर जाती है छत**

जब भी कोई इस मंदिर की छत बनवाने की कोशिश करता तो अचानक आई तेज आंधी-तूफान से छत गिर जाती। ऐसा माना जाता है कि शिकारी देवी ईंट-पत्थर से बनी छत के बजाय खुले आसमान को अपना छत्र मानती हैं। इस मंदिर से जुड़ी एक और अद्भुत बात यह है कि जब भी इस क्षेत्र में बर्फबारी होती है, पूरा इलाका कई फीट मोटी बर्फ की चादर से ढक जाता है, लेकिन मंदिर परिसर, विशेष रूप से भीतरी भाग, बर्फ से मुक्त रहता है। इसके पीछे की वजह क्या है? यह आज भी दुनिया के सामने सिर्फ और सिर्फ एक रहस्य बना हुआ है।

**शिकारी देवी का चमत्कार**

लोगों का मानना है कि यह शिकारी देवी का चमत्कार है। नवरात्रि के दौरान शिकारी देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी तादाद में भीड़ उमड़ती है। मान्यता है कि जो भक्त शिकारी देवी मंदिर में सच्ची श्रद्धा और निष्ठा से आते हैं, देवी उनके सभी दुखों को दूर कर भक्तों के सभी मनोकामनाओं को पूरा करती हैं।

# रनों की सुनामी : वैभव सूर्यवंशी



अतुल कुमार

पिछले दिनों पुरुष आई सी सी अंडर - 19 विश्व कप 2026 में भारतीय टीम विश्व चैंपियन बनी . इस जीत से क्रिकेट प्रेमी आनंदित हुए . . जीत से सिद्ध हुआ कि जूनियर खिलाडी भी प्रतिभा से ओतप्रोत हैं और किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं . अंडर 19 टीम ने रिकार्ड छठी बार यह ट्राफ़ी जीती . पूरे टूर्नामेंट के दौरान भारतीय टीम अजेय रही .सन 2000 , 2008 , 2012, 2018 ., 2022 में विश्व विजेता बनी . जूनियर स्तर पर खेल के दबदबे को फिर से स्थापित कर अपना लोहा मनवाया . टीम ने आत्म विश्वास से भरपूर प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की जिसे देख क्रिकेट प्रेमी हैरान हुए . क्यों कि इसमें बल्लेबाज़ी का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जूनियर टीम इंडिया ने 411/ 9 का पहाड जैसा स्कोर खडा कर विपक्षी टीम में घबराहट फैला दी . इस पूरी ईनिंग्स के केंद्र बिंदु युवा सनसनी बैटर वैभव सूर्यवंशी हैं जिन्होंने 80 गेंदों में 175 रनों की तूफानी पारी खेल लोगों को चौंकाया ही नहीं बल्कि उनको अपना प्रशंसक बनाया .

वैभव सूर्यवंशी बीते तीन वर्षों से जिस जादुई खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं वह हैरतअंगेज़ है उनकी बैटिंग के सामने बोलर अपनी हर स्ट्रेटेजी को भूल गेंदों से अंकुश लगाने की कोशिश करते हैं लेकिन वह व्यर्थ सिद्ध होती है . इस करिश्माई बल्लेबाज़ ने जो गाथा लिखी वह क्रिकेट के खेल में किसी अजूबे से कम नहीं है .सधी हुई धुंआधार बल्लेबाज़ी से मैदान के हर ओर रनों की जैसी बारिश करते हैं उसको देख खेल प्रेमी दांतों तले उंगली दबाने लगते हैं जैसे केवल उपर्युक्त 175 रन की पारी की चर्चा करें तो उसमें वैभव ने 15 छक्के और 15 चौके लगा तहलका मचाया .उनकी बैटिंग पर किसी ने खूब लिखा " मैदान पर जब वो बल्ला घुमाता है ,हर गेंद फिर आसमान में नज़र आती है /

गेंदबाज़ भी खौफ खाता है , जब बल्लेबाज़ धुंआधार पारी खेल जाता है //

वैभव सूर्यवंशी ने अपनी बल्लेबाज़ी से जो धूम मचायी है वो क्रिकेट का दुर्लभ और आश्चर्य पैदा करने वाला रूप है जो हर तरफ सुर्खियां बटोर रहा है . क्रिकेट के प्रति उनके समर्पण को इसी से समझा जा सकता है कि इस साल होने वाली 10 वीं की परीक्षा में वो नहीं बैठ रहे हैं क्यों कि उनको आई पी एल खेलना है . सूर्यवंशी की जब बैटिंग होती है तब खेल के दर्शक इतने उत्साहित होते हैं कि उस समय सीटियों ,तालियों और हो हल्ले के अलावा उनको कुछ और नहीं सूझता छोटी उम्र के इस खिलाडी ने किसी भी नामी क्रिकेट खिलाडी जैसी भव्य सफलता और शोहरत हासिल कर ली है .उनको निडर और साहसी बल्लेबाज़ के रूप में जाना जाता है जो तेज़ गेंदबाज़ी का डट कर सामना करते हैं . 12 साल की उम्र में बिहार के लिये वीनू मांकड ट्राफी में 400 के करीब रन बना रणजी ट्राफी में पदार्पण किया .

समस्तीपुर ,बिहार के ताज पुर ब्लाक से संबंध रखने वाले वैभव के पिता संजीव सूर्यवंशी एक किसान हैं . उन्होंने 6-7 साल की उम्र से ही वैभव के क्रिकेट के प्रति जुनून को पहचाना और उन्हें बढावा दिया . खेल विशेषज्ञों का मानना है कि उनमें हैरत अंगेज़ नैचुरल गैंम कूट कूट कर भरा है इसीलिये हर शाट को पूरे आत्मविश्वास और अनुशासित तरीके से खेलते हैं . उनकी बल्लेबाज़ी में स्थिरता ,तकनीक और शारीरिक ताकत का अद्भुत समंन्वय है जो कम देखने मिलता है . आई पी एल के इतिहास में सबसे तेज़ शतक बनाने वालों की फेहरिस्त में दूसरी जगह हासिल की है .मात्र 35 गेंदों में 100 रन बना चौंकाया जिसे उनकी उम्दा पारियों में से एक माना गया . .

बांए हाथ के इस तूफानी बैटर ने जिस करिश्माई बल्लेबाज़ी को प्रदर्शित किया उसने सभी खेल विद्वानों को प्रभावित किया और वो इसे खेल का चमत्कार मानने लगे . 27 मार्च 2011 को बिहार में जन्मे इस 14 वर्षीय खिलाडी ने 4 साल की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरु किया युवराज सिंह के बाद रणजी ट्राफी में खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाडी बने नवंबर 2024 में 13 साल की उम्र में सूर्यवंशी आई पी एल कांट्रेक्ट हासिल करने वाले कम उम्र के पहले खिलाडी हैं . उन्होंने राजस्थान रायल्स के साथ रु 1.1 करोड के सौदे पर हस्ताक्षर किये . पहले खिलाडी हैं जिनका जन्म 2008 में टूर्नामेंट की शुरुआत के बाद हुआ .आई पी एल की पहली गेंद पर छक्का जडा . अंडर -19 विश्व कप अभियान में पूरे टूर्नामेंट में सबसे अधिक 300 रन बनाने वाले भारत के अग्रणी रन स्कोरर बने .जिससे उनकी स्थिति मज़बूत हुई .

किसी ने खूब लिखा " गेंद की रफ्तार में छिपा होता है इम्तिहान जो डट कर खेले वही बनाता है पहचान / क्रिकेट सिखाता है कि हर गेंद एक नया मौका है , बल्ले की आवाज़ सपनों की आवाज़ होती है ,इसे जो जीता वही चैंपियन कहलाता है // " वैभव सूर्यवंशी ने यही किया और खेलने कूदने की उम्र में दुनिया को अपने हुनर का आशिक बनाया .वैभव सूर्यवंशी का यह सफर आसान नहीं रहा .बिहार में जहां संसाधनों की कमी लंबे समय से चर्चा का विषय रही है इसके बावजूद वैभव ने अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच यह साबित कर दिया कि अगर प्रतिभा और मेहनत हो तो समस्याएं मायने नहीं रखतीं . अंडर -19 फाइंनल मुकाबले में खेली उनकी पारी इस बात का उदाहरण है कि बडे मैचों में मानसिक मज़बूती खिलाडी को दूसरों से अलग करती है दबाव के बावजूद इस 14 साला प्लेय्रर ने ज़िम्मेदारी और जोखिम के बीच बेहतरीन संतुलन बनाया .

क्रिकेट विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि इसी तरह मेहनत और सूझबूझ से खेलते रहे तो जल्द ही उन्हें इंडिया –ए- और फिर सीनियर भारतीय टीम में खेलने का मौका मिल सकता है. वैभव सिर्फ एक मैच के हीरो नहीं हैं बल्कि वो आज जूनियर खिलाडियों के लिये एक इंस्पीरेशन बन गये हैं जिससे प्रेरित हो कई तरुण खिलाडी भी इस जोश से खेलने को उत्सुक होंगे . " वैभव " अर्थात समृद्धि और " सूर्यवंशी " यानी प्रकाश देने वाला उन्होंने अपनी धुंआधार बल्लेबाज़ी से इस नाम को साकार कर दिखाया है .वैभव को इस योग्य बनाने के लिये उनके पिता ( संजीव सूर्यवंशी ) ने अपने खेत की ज़मीन बेच उस पर पिच बनवायी और वैभव तथा साथी क्रिकेट खिलाडियों को पूरा समय देने के लिये अपनी नौकरी और काम को छोड दिया . क्यों कि वह खुद एक अच्छा खिलाडी बनना चाहते थे जो अधूरा सपना रह गया उस सपने को साकार करने के लिये वैभव को ट्रेनिंग देने में किसी कमी को नहीं छोडा.

आज वैभव को क्रिकेट जगत के दिग्गज " जेनेरेशनल टेलेंट " ( युग परिवर्तन कारी प्रतिभा ) के रूप में देख रहे हैं . उन्हें एक शानदार प्रतिंभावान खिलाडी माना जा रहा है उनकी विस्फोटक बैटिंग ने उनसे जुडा जो भविष्य का खाका खींचा है उसमें उनके चेहरे को भावी सचिन तेंदुलकर ,विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे यशस्वी खिलाडियों के रूप में समझा जा रहा है .

इसका निर्णय आने वाला समय ही करेगा लेकिन ताबड तोड बल्लेबाज़ी ने सूर्यवंशी को क्रिकेट प्रेमियों के बीच एक धांसू बल्लेबाज़ के रूप में स्थापित कर दिया है जिसकी सर्वत्र चर्चा स्वाभाविक है क्यों कि अपने बल्ले से वो रनों की सुनामी को साकार रूप देते हैं .




# काव्य कुंज

## माता कौशल्या श्रीराम का रिश्ता



डॉ संजुला सिंह
जमशेदपुर

माता कौशल्या श्रीरामचन्द्र का
रिश्ता बड़ा अनोखा है ,
माता- पुत्र की सुंदर जोड़ी
लगता बड़ा ही चोखा है।
रघुकुल का बड़ा मान बढ़ाया
प्रेम सिखाया जन- जन को,
माता -पुत्र ने खूब सिखाया
जीवन जीना हम सबको ।
श्रीराम गुणों के खान हैं
माता उनकी जान हैं,
प्राण बने सब भैय्या उनके
हुए जग में कीर्तिमान हैं।
संघर्ष किया श्रीराम ने जितना
माता कौशल्या भी ने किया,
माता पुत्र का संबंध है अदभुत
दोनों ने गम खूब सहा ।
श्रीराम निभाए वचन पिता का
माता कौशल्या ने साथ दिया,
चरित्र बना आदर्श राम का
सारी नगरी जय-जयकार हुआ ।
आदर्श पुत्र कहलाए राम ने
उपमा उनकी है दी जाती,
उनकी कथा को आज भी सुनकर
जन -जन की फटती छाती ।
दोनों के निराले संबंध देख कर
हृदय द्रवित हो जाता है,
राम राम, बस राम- राम ही
कंठ से हरपल निकलता है।

## शक



डॉ हेमंत सुराना,
उदयपुर

शक का कोई इलाज नहीं,
चरित्र का कोई प्रमाण नहीं
सशंकित मन,
शंकाओं का वन
शक के घेरे में,
शक की नजरों ने,
पल में रिश्ते तोड़ दिए
जो थे कभी अपने,
वो हमको छोड़ गए
बिना पुख्ता प्रमाण के,
बिखर जाते परिवार प्रेम के
रब के फैसले पर भी शक करते हो,
खुद को शक के घेरे में रखते हो
फितरत अपनी बदल दो ,
शक के बीज पनपने ना दो
शक का दीमक लग जाए,
तो आईने भी काम ना आए
शक का कोई तोड़ नहीं,
पैदा होने ना दो कभी
शक करना छोड़ दो,
शक को गड़ने ना दो ,
शक को गड़ने ना दो ।

## घर में नहीं दाने अम्मा चली भुनाने



दर्शन सिंह
हैदराबाद

आंखें खोले
जुम्मा ही हुआ
पहचान बनाने लगा
जब जेब
ढीली की बारी
हकलाने लगा
पांव पसारो
कायदे से
अन्यथा
अंखियां चुराने थी जेब भारी
लुटाने लगा नज़र लगी
जग हसायी कराने लगा
वन उपवन में बहार
आरती उतारे संसार अन्यथा
झुनझुना थमावे बंद मुट्ठी
लाख की खुल गई तो
खाक की छिपा
गुड रहस्य समझे तो सियाना
अन्यथा
चवन्नी शोर मचाने ।।

## प्रेरणा से ओतप्रोत संदेश



डॉ शोभा भंडारी
हैदराबाद

जिज्ञासा और कौतूहल भरी नज़र,
देखती टुकुर-टुकुर, इधर-उधर,
बड़ी सतर्कता से लक्ष्य तक पहुंच कर,
अख़रोट के टुकड़े को जमीन में दबाकर,
गिलहरी एक बेहतरीन संदेश दे गयी,
भविष्य को सुरक्षित रखने की प्रेरणा दे गयी।
नन्ही सी चींटी पहाड़ पर चढ़ते-चढ़ते,
सैंकड़ों बार नीचे गिरी, धराशाई हुई,
पर हिम्मत का जज़्बा लिए पुनः चढ़ी,
हम सबको साहस और अनुशासन का संदेश दे गयी।।
इंद्रजीत के नागपाश से मुक्त करा के,
प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण को नाग अस्त्र प्रभाव से बचा के,
धर्म, निष्ठा और समर्पण का संदेश दे कर,
गरुड़ देव की कर्तव्य परायणता
प्राणीमात्र को अमिट प्रेरणा दे गयी।
रावण के जाल से सीता माता की रक्षा करते-करते,
जटायु की भक्ति,शक्ति व त्याग ,प्रेरणा का संदेश दे गयी।।
प्रेरणा स्रोतों की अपनी महती परंपरा है,
सर्वप्रथम माता-पिता इसके प्रणेता बने,
पुनः गुरुवर ने प्रेरणा देकर ज्ञान रुपी दीपक जलाया है।
प्रयत्न यही हो कि हम भी इस परंपरा के,
वाहक और संरक्षक बनें, प्रेरणा प्रवर्तक बनें,
इसके प्रशंसक और अनुगामी बनें।।

## शुभकामना



पी एन गुप्ता
हैदराबाद

तुम्हें और क्या दूं
दुआ के सिवाए
बुरी न किसी की
नज़र लग पाए।
रिश्तों के धागों से
परिवार बुनना
भला जिससे
सबका हो
वह काम चुनना
रखना सदा काम
से काम अपने
न करना बुराई,
बुराई न सुनना।
हमेशा करो तुम
ऐसा ही उपाय।
जब भी करो कुछ
भला ही करो
देश अपने की खातिर
अधिकतर जियो
न आशा किसी से
न कोई अपेक्षा
कुछ लेना न चाहो
बस देते ही रहो।
ईश्वर सदा सत का
मारग दिखाए।
मेरा और तुम्हारा
हुआ अब हमारा
वह सब देश का है
जो कुछ है हमारा
सहारा जो तुमने
दिया सबको अब तक
तुमको भी मिलता
रहे वह सहारा।
देता रहे ईश
तुमको सहाय।

## नमन एवं वंदन



कुमुद बाला,
हैदराबाद

धरती को नमन , हमारा वंदन है।
धरती को नमन , हमारा वंदन है।।
सागर के विशाल हृदय में हर पल
लहरों का सुंदर मंचन है
नव हरित पौधों की पत्तियों पे,
तरंगित बूंदों का नर्तन है
प्रकृति के आँगन में जीव-जंतुओं की,
निर्भय खुशहाली दिखे
रंगबिरंगे फूलों से सज्जित ,
धरती को नमन ,हमारा वंदन है
धरती को नमन , हमारा वंदन है।
धरती को नमन , हमारा वंदन है।।

ये ज़िंदगी है दिल्लगी , जब तू इसका , है करता उपहास31
ये ज़िंदगी है बंदगी , जब तू देता , भरपूर इसे प्रकाश
कितनाअनोखा रिश्ता है,समय और ज़िंदगी के बंधन का
सटीक दोनों हैं आगे बढ़ते , गर हो मंथन पे विश्वास
आगे बढ़ें देश के नौजवां , यही भविष्य का सुंदर चिंतन है
सागर के विशाल हृदय में हर पल,लहरों का सुंदर मंचन है
रंगबिरंगे फूलों से सज्जित,धरती को नमन, हमारा वंदन है
धरती को नमन , हमारा वंदन है।
धरती को नमन , हमारा वंदन है।।

## क्या वह यही है...?



डॉ डी डी देसाई

कोई तो बता दे मुझे—
मैं जिस राह पर दौड़ रहा हूँ,
मंज़िल की चाह में,
क्या वह यही है...?
चलता रहा हूँ अब तक
दिखाई गई दिशाओं में—
कभी माता-पिता की इच्छा,
कभी गुरुओं का आदेश।
एक आदर्श बालक की तरह
बस लक्ष्य छूने की दौड़ में...
पर क्या वह यही है...?
सालों की मेहनत के बाद
एक मुकाम तो मिला—
अपनों का साथ,
घर-परिवार का स्नेह,
संपन्नता भी साथ है।
सब कहते हैं—
"अब क्या कमी है?"
पर मन पूछता है—
क्या सचमुच, यही है...?
यह ठहराव मंज़िल नहीं लगता,
अंदर कहीं एक खालीपन है।
मेरी तपस्या का लक्ष्य
इतना ही तो नहीं।
नहीं—
अब रुकना नहीं है।
उड़ान अभी बाकी है।
पंख मेरे, हौसला मेरा,
और दिशा का चयन भी मेरा होगा।
कुएँ की सीमित संतुष्टि नहीं,
मुझे आकाश की व्यापकता चाहिए।
उन्मुक्त पंछी बन
नापनी है दूरियाँ,
छूनी है ऊँचाइयाँ,
देखनी है सबकी उड़ानें,
और खोजनी है अपनी कमियाँ।
और फिर चलूँ
हवाओं सा बहता हुआ
निरंतर...
अपनी सच्ची मंज़िल की ओर।
शहरों से अंजान पगडंडियाँ।

## शहरों से अंजान पगडंडियाँ



संजीव ठाकुर,
रायपुर

खेतों की बांहे थामे
धीरे-धीरे चलतीं
जैसे किसी बूढ़ी दादी
की कथा
बिना कोलाहल आगे बढ़ती है।
उन्हे नहीं मालूम
ट्रैफिक सिग्नल का
लाल-पीला-हरा रंग,
न ही वे जानती
इमारतें आसमान की
हवा को भी किराये पर देती ।
वे बस जानतीं
कि सूरज रोज़ उगता
मिट्टी में पसीना मिलाने से
रोटी की सौंधी महक आती है।
शहरों ने अपने रास्तों को
लोहे सीमेंट ने हथिया लिया
पर पगडंडियाँ अब भी खुली
बिना रोक टोक, बिना हिचक,
बिना किसी शोर के
पैरों से लिपट कर
बच्चों के पदचाप पहचानती हैं।
गायों की घंटियों की आवाज़,
उस किसान की चुप्पी भी
जो बादल से विनय करता ।
शहरों से अपरिचित ये पगडंडियाँ
कभी-कभी सपने में सोचतीं
सचमुच इतना जरूरी ऊँचा होना
जब ज़मीन से जुड़ा होना कितना अद्भुत ।
उनके पास कोई पता नहीं,
पर हर घर तक पहुँचने का सुगम मार्ग है।
उनके पास कोई नाम नहीं,
पर हर दिल तक जाने की दिशा है।
शहरों से अपरिचित पगडंडियाँ
दरअसल हम सबके चौखट को पहचानती है
हमारे अंतस के उस हिस्से से
जो अब भी मिट्टी में अपनी महक खोजता ,
हवा से पूछना चाहता क्या मैं अब भी
गाँव जितना सादा पहली बरसात
से लिपटी माटी की गंध हूँ?

## रंगीला फाग



कौशल्या गुप्ता,
हैदराबाद

शीत से सिमटी सिहरली,
सोनूम के द्वार पर।
दे दी है दस्तक
रंग रंगीले फाग ने ॥
मौसम की अंगड़ाई से
हुए हरित सृष्टि के पोर ।
ठडी-मीठी चली बयार तो,
मादक हो गयी अठनिम मोर।।
गुलमोहर की डालों पर, फूलो की लगी बारात ।
द्दितनारी साया से बरसे, सरस सिंदूरी सौगात ॥
आज खिला जंगल का दामन
टेसू के दहके फूलों से
वन बाला करती श्रृंगार
इन केसरिया फूलों से।।
फागुन आमा गाँव में;
घुंटे भंग चौपाल में।
थाप पड़े जब चंग पे,
गीत उड़े गुलाल में ।
देवर नटखट भामी भोली,
सखियों में मची ठिठोली है।
आज हुई हर नेत रंगोली
हर आंगन में होली है।।
स्नेह भरा रंग ऐसा बरसे..
सभी एक रंग में रंग जाएं।
बैर भाव मन से बह जाए
जब बादल गुलाल के बरसे ॥

## रंग और भंग



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

होली का हुड़दंग
देखो बहन भाई संग,
हर तरफ मौज रहे
घर में ही फौज रहे ,
कोई एक को लगाने आए रंग
वो खुद हो जाए बदरंग,
होली पर आते अनजाने
जीजी छोटी,बड़ी के दीवाने,
एक जीजी को रंग लगाने
एक जीजी को भंग पिलाने,
बहन भाई का बड़ा भैया महान
पर बड़ी जीजी बड़ी दयालू इंसान,
छोटी जीजी को कभी न भाये दंगा
जीजी कहे करो न पंगा,
बहन सबसे छोटी पहने है लहंगा
लहंगा था बड़ा ही महंगा,
छोटी लाडली घर का गहना,
उसकी हर बात को पड़े सहना,
मटक मटक के लहंगा घुमाया
रंग ,भंग गिलास दीवाने के मुँह पर लहराया ,
पीछे से भैया का डोलची से वार
बहना ने झटपट बंद किया द्वार,
माँ बापू तो गए थे बाहर
वर्ना पड़ जाती लताड़,
एक बहना ने छत से मारा गुब्बारा
एक बहना की हाथ कालिख से डर गया बेचारा,
मुझे छोड़ दो, मुझे छोड़ दो, न आऊंगा दुबारा
बहन जी,बहन जी का लगाने लगा नारा,
तुम्हारी छोटी, बड़ी जीजी को देखूँगा नहीं
मुहल्ला क्या इस शहर में भी न दिखाई दूँगा कभी,
अरे हो सुन लो ओ दीवानो
हसीनाओं को पहचानो,
जिस हसीना के हो बहन भाई संग
भूलकर भी न लगाना होली के रंग।

## पैदल और चलना



जे गंगाधर 'गंध'
हैदराबाद

हाँ बात ना सुबह की थी,
और ना ही पूरी तरह शाम की,
उतनी रात की भी ज्यादा ना थी,
मैं कुछ अपने रास्ते से जा रहा था,
पैदल ही पैदल चले चला जा रहा था,
शायद मुझे जानने-पहचानने वालों को,
मेरा पैदल चलना अच्छा नहीं लगा उनको,
कोई क्या काफ़ी मित्र बंधुओं ने कहा कि,
क्या भाई साहब पैदल?!! छोड दूं कि,
और किसी ने तंज कसा और कहा,
रिटायर्मेंट से पहिले ही होगए पैदल,
अरे भै यह पैदल नहीं है, जो पैदल,
समझ रहे हो, यह तो चलना है,
ज़िंदगी ही चलने का नाम है,
चलना ही चुस्त रहने का है,
स्वस्थ रहना है तो चलना है,
बैठ गया तो बैठ ही जाऊं,
सुस्त नहीं मुझे रहना है,
पैदल नहीं है यह तो,
चलना ही चलना,
चलो चलें सब,आगे ही आगे,
बढ़ें और हम,स्वस्थ रहें,
मस्त रहें। अब।।

## प्रसव नई कविता का



डॉ टी महादेव राव

रात आकाश के नीचे
मौन धारे मैदान
आकाश पर बिना लिपि के
नक्षत्रों का संभाषण
अब कुछ नहीं है
हल्की बयार से पंखुड़ियां टपकाते
शाखों पर पक्षियों का संगीत सम्मेलन
कांच सी आंखों वाली छोटी मछलियों को
अपने में छुपाई नदियां
अभी कुछ भी नहीं है
मैं यहां खड़ा हूं
शायद यही रुक गया हूं
मुझे पीछे छोड़ जा चुके एकाकी दिनों को
मुझे अस्तित्व में न लेते शून्य समूहों को
अवसरवादी अक्षरों के गुलामों की
अदाओं भरी नर्तकियों को
मनुष्य-गंध विहीन हाथ मिलाते समारोहों को
मानव भाषा बिना असंतुष्ट संदर्भ चर्चाओं को
सारे आखबारों पर पसरे असहनीय दुर्गंध को
सबको छोड़ पीछे आ रहा हूं
अंधेरी बारिशों को पलकों पर
चित्र बना रहा हूं
एक नया रंगीन दृश्य कोई
निःशब्द जमीन पर अंकुरित होगा शायद
सांस भी न ले पाते जनसमूह के
नगरों को पार कर
इस तरह एकाकी मैदानी जमीन पर
एक नया नारा लिखकर
चारों दिशाओं में वाक्यों को
व्यापक कर फैलाना होगा
चंद्रमा के चमकने से पहले ही
इस शीत रात्रि के गर्भ से
मनुष्य को सीधे खड़े कर सकने की
एक नई कविता का प्रसव कराना है।।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA. Publications. Ltd.
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

स्वतंत्र वार्ता साप्ताहिकी
हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम



# दूसरे देशों के सहारे कब तक रहेंगे

## भारत को चाहिए अपना एआई मॉडल

भारत को अपने आईटी सेक्टर और आईटी आधारित सेवाओं को मजबूत बनाए रखने के लिए एआई एप्लिकेशन बनाने की जरूरत है। ये एप्लिकेशन अमेरिका और चीन के मौजूदा प्लैटफॉर्म पर भी बनाए जा सकते हैं। लेकिन, देश को रणनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से ऐसा आर्टिफिशल इंटेलिजेंस चाहिए, जिसमें दूर से छेड़छाड़ न की जा सके। इसका मतलब है कि भारत को अपना खुद का एआई चाहिए।




छोटे मॉडलः आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में एआई पर एक अच्छा चैप्टर है, जिसे इस विषय में रुचि रखने वालों को पढ़ना चाहिए। इसमें एआई एप्लिकेशन और छोटे मॉडल बनाने की सलाह दी गई है। भारतीय कंपनी Sarvam ने भारतीय भाषाओं को पढ़ने और बोलने के लिए एप्लिकेशन बनाए हैं। इसका मॉडल दो अरब पैरामीटर पर काम करता है। वहीं, गूगल और OpenAI जैसे बड़े टेक कंपनियों के ताकतवर मॉडल एक ट्रिलियन से ज्यादा पैरामीटर पर चलते हैं। इन बड़े मॉडलों को दुनिया भर में मौजूद हर तरह के उपलब्ध डेटा से ट्रेन किया जाता है।

डेटा की भरमारः कम पैरामीटर वाले छोटे AI मॉडल खास कामों के लिए बनाए जा सकते हैं। इनको प्रशिक्षित करने के लिए बड़े डेटा सेंटर की जरूरत नहीं होती। लेकिन, गौर करने वाली बात है कि दुनिया में सबसे ज्यादा डेटा भारत में जेनरेट होता है। इसकी वजह है विशाल आबादी और सस्ता इंटरनेट। अगर भारत चाहता है कि भारतीयों का डेटा देश में ही रहे, तो उसे अपने डेटा सेंटर बनाने होंगे। साथ ही, तेजी से बदलती तकनीक की दुनिया में भारत को रणनीतिक ताकत बनाए रखने के लिए अपना बड़ा AI मॉडल भी बनाना होगा।

विदेशी डेटा नहींः भारत को डेटा सुरक्षित रखने और उसे प्रॉसेस करने के लिए बड़ी क्षमता के सेंटर्स की जरूरत है। हालांकि इसका मतलब यह नहीं कि दुनियाभर का डेटा भारत में स्टोर किया जाए। इसके तीन कारण हैं। पहला, अगर विदेशी डेटा यहां स्टोर किया जाता है, तो उसकी प्राइवेसी की गारंटी देनी होगी। ऐसे में उस डेटा का उपयोग भारतीय एआई मॉडल को ट्रेन करने में नहीं हो सकेगा। दूसरा, डेटा सेंटर बिजनेस इस तरह बनाया जाता है कि उसकी पूरी क्षमता का इस्तेमाल हो। अगर वे विदेशी डेटा से भर जाएंगे, तो भारतीय डेटा के लिए बिल्कुल नहीं या बहुत कम जगह कम बचेगी।

बिजली की चिंताः तीसरी वजह यह है कि डेटा सेंटर चलाने के लिए बहुत बिजली की जरूरत होती है। बड़े डेटा सेंटर के लिए तो हजारों मेगावाट (MW) या गीगावाट (GW) बिजली चाहिए। कुछ डिवेलपर्स कहते हैं कि इन डेटा सेंटर को चलाने के लिए रिन्यूएबल एनर्जी जैसे सौर या पवन ऊर्जा, का इस्तेमाल करेंगे। लेकिन, यह ऊर्जा हर समय नहीं मिलती। जब धूप नहीं होती और हवा नहीं चलती, तब थर्मल पावर की ओर मुड़ना पड़ता है। दुनियाभर का डेटा स्टोर करने वाले विशाल सेंटर को चलाने के लिए जरूरी बिजली पैदा करने से प्रदूषण बढ़ सकता है। इससे लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ेगा, जैसा कि दिल्ली हर सर्दियों में झेलती है। इसलिए भारत उतने ही डेटा सेंटर बनाए, जो उसके लिए जरूरी हों।

चिप्स की कमीः AI डिवेलप करने के लिए गणित पर मजबूत पकड़ जरूरी है, खासकर लिनियर अलजेब्रा, कैलकुलस और Probability जैसे विषयों में। देश के युवाओं को इन विषयों में प्रशिक्षित किया जा सकता है। लेकिन, सबसे बड़ी समस्या है अत्याधुनिक चिप्स की कमी। केवल कुछ कंपनियां ही ये चिप्स डिजाइन और डिवेलप करती हैं। इनकी सप्लाई कम है और ऊपर से अमेरिका ने अडवांस्ड चिप्स के निर्यात पर प्रतिबंध लगा रखे हैं।

गुणवत्ता चिंताजनकः चिप की कमी से बचने का एकमात्र तरीका है कि भारत इनको खुद बनाए। सरकार की मौजूदा योजनाओं से यह संभव नहीं। विदेशी कंपनियों को सरकार की तरफ से भारत में चिप बनाने के लिए अरबों की सब्सिडी दी जा रही है। इसके बावजूद वे लो-एंड चिप ही बना रही हैं, जिनकी मोटाई 20 नैनोमीटर या उससे ज्यादा होती है। वहीं, उन्नत चिप्स की मोटाई होती है केवल दो-तीन नैनोमीटर। संभावना भी कम है कि विदेशी कंपनियां यहां फैक्ट्री लगाएं, क्योंकि तब अमेरिकी बैन का डर होगा।

**देसी इकोसिस्टमः** भारत में चिप बनाने के लिए पहले उन खास मशीनों को बनाना होगा, जिनसे चिप तैयार होती है। इनमें उन्नत लिथोग्राफी मशीनें शामिल हैं। इन मशीनों की बिक्री पर भी अमेरिका का नियंत्रण है। हालांकि कुछ उपकरण नीदरलैंड, स्विट्जरलैंड और जापान बनाते हैं। तो भारत क्या करे? चिप मेकिंग के लिए छोटी-बड़ी जितनी भी चीजें चाहिए, उनकी लिस्ट बनानी चाहिए। फिर हर पार्ट के लिए पांच-पांच स्टार्टअप्स को फंड दिया जाए। इनमें से दो तो सफल होंगी। जो पैसा विदेशी कंपनियों को दिया जा रहा है, वही इस काम में लगाया जा सकता है। शुरुआत अभी करनी होगी। चीन ने ऐसा किया है, तो भारत भी कर सकता है।

# घाटी में कौन बना रहा कश्मीरी पंडितों की 'डेथ लिस्ट'

## 36 साल पुरानी 'मुस्लिम जांबाज फोर्स' लौटी, पंडित बोले- हमें भी हथियार दो

कश्मीर में पहलगाम के पास मट्टन में कश्मीरी पंडितों की बस्ती है। आबादी करीब 300 की है। यहां की गलियों में दिन के 4 बजते ही सन्नाटा पसर जाता है। मट्टन में रहने वाले रमेश कौल (बदला हुआ नाम) अब अनजान नंबरों से आने वाले फोन नहीं उठाते। वजह पूछने पर बताते हैं, 'कश्मीरी पंडितों को जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। पुलिस ने कहा है कि शाम होने से पहले घर आ जाएं। अजनबियों से दूर रहें। अंधेरे में बाहर न निकलें और कोई संदिग्ध दिखे, तो तुरंत खबर करें।'

कश्मीरी पंडितों को टारगेट किलिंग की धमकी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के प्रॉक्सी ग्रुप द रेजिस्टेंस फोर्स यानी TRF ने दी है। इसके अलावा 1990 के दशक में एक्टिव रहे ग्रुप मुस्लिम जांबाज फोर्स ने भी पोस्टर लगाकर कश्मीर की आजादी तक जंग जारी रहने की धमकी दी है। इन धमकियों के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने कश्मीरी पंडितों को अलर्ट रहने की हिदायत दी है।

कश्मीरी पंडितों के लिए जारी धमकी वाला लेटर फाल्कन स्क्वाड के नाम से जारी किया गया है। इसमें लिखा है... कश्मीरी पंडितों थोड़े फायदे के लिए बलि का बकरा मत बनो। पहले ही देख चुके हो कि इस रास्ते पर चलने का अंजाम जान गंवाना होता है, जैसा राहुल पंडित, माखन लाल बिंद्रू, मोहन लाल और बाकी के साथ हुआ था। इन्हें हमने कई बार चेतावनी दी थी, लेकिन उन्होंने नजरअंदाज कर दिया। तुम लोग उनकी तरह मत बनो। अपना नाम मरने वालों की लिस्ट में मत लिखवाओ।

RSS की सरकार ने लोकल कश्मीरियों को बदनाम करने के लिए तुम लोगों का इस्तेमाल किया है। झूठे आरोप लगाकर लोकल कश्मीरियों को नौकरी से बर्खास्त कर दिया, उनकी प्रॉपर्टी जब्त की गई। कश्मीरी पंडितों की नौकरी का रास्ता खोला गया। इससे गैर-कश्मीरियों और कश्मीरी पंडितों की मौत का रास्ता साफ हो रहा है। हमने काफी समय से कश्मीरी पंडितों को टारगेट करने से खुद को रोक रखा था क्योंकि कुछ कश्मीरी पंडितों के ग्रुप ने हमें भरोसा दिया था कि सरकार के हाथों में नहीं खेलेंगे। अब आपने अपने बड़ों के समझौते को खत्म कर दिया है। इसलिए राहुल पंडित, बिंद्रू और दूसरे लोगों के साथ तुम लोग भी उसी तरह के अंजाम के लिए तैयार हो जाओ। तुम लोगों की सभी एक्टिविटी पर हमारी नजर है। आने वाले दिनों में कोई दिक्कत होती है, तो आंसू नहीं बहाना।

कश्मीरी पंडितों को मिल रही धमकियों को उनकी जिंदगी पर क्या असर पड़ा है, इसे समझने के लिए हमने मट्टन में रहने वाले रमेश कौल से बात की। रमेश और उनके परिवार ने 1990 के दशक में आतंकवाद बढ़ने पर कश्मीर छोड़ दिया था। विस्थापित कश्मीरी पंडितों के लिए सरकार की योजना के तहत 2010 में उन्हें नौकरी मिली। इसके बाद वे फिर से कश्मीर लौट आए। तब से मट्टन में ही रह रहे हैं। 'वे कहते हैं कि हमें सलाह दी गई है कि अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें। शाम 4 से 5 बजे के बाद बाहर निकलने में सावधानी बरतें। जरूरी न हो, तो घर में ही रहें। ऑफिस आने-जाने के लिए रास्ता बदलते रहें। हम अलर्ट तो हैं, लेकिन ये भी सच है कि अब डरने वाले नहीं है। आखिर कब तक ऐसी धमकी से डरते रहें।'

RSS का नाम लेकर क्यों धमकी मिल रही है? रमेश जवाब देते हैं, 'हम मंदिर और धर्म को लेकर काफी एक्टिव हैं। आखिर अपनी पहचान क्यों छिपाकर रखें। पुराने मंदिरों को फिर से ठीक किया गया है। लोग पूजा करने आ रहे हैं। कश्मीर में कई साल से हमारी धार्मिक यात्राएं रुक गई थीं। हमने इसे दोबारा शुरू किया है। पहले गणेश चतुर्थी नहीं मनाते थे, हमारी रथयात्रा बंद हो गई थी, अब सब शुरू कर दिया है। ये यात्रा कन्याकुमारी से कश्मीर तक होती है।'

'कन्याकुमारी से यात्रा शुरू हो चुकी है। वहां से जम्मू आएगी। अगले कुछ दिनों में कश्मीर के कुपवाड़ा, गांदरबल, उरी और श्रीनगर पहुंचेगी। फिर श्रीनगर से मार्तंड होते हुए कन्याकुमारी के लिए रवाना हो जाएगी। आतंकी चाहते हैं कि हिंदू एक्टिव न हों। इसलिए वे फिर से धमकी दे रहे हैं।'

श्रीनगर में रहने वाले कश्मीरी पंडित अपनी पहचान छिपाते हुए बताते हैं, '1990 के दशक में विस्थापित हो चुके कश्मीरी पंडित फिर से अपनी जमीनें पहचानने में जुटे हैं। इन जमीनों पर लोगों ने कब्जा कर लिया है। जर्जर हो चुके मंदिर फिर से बनवा रहे हैं। इससे भी आतंकी भड़के हुए हैं। वे धमकियां दे रहे हैं, ताकि हम डर जाएं। 'हम RSS से जुड़े हों या न जुड़े हों, आतंकी संगठन हमें RSS से जुड़ा बताते हैं। हम अपनी मर्जी से पहचान और अधिकार तलाश रहे हैं। इसलिए डर नहीं रहे हैं।

वे आगे बताते हैं, 'हमें सुरक्षा एजेंसियों और पुलिस से पूरा सपोर्ट मिल रहा है। हम कुछ भी कर लें, उनकी जिहादी मानसिकता खत्म नहीं हो सकती। फाल्कन स्क्वाड की धमकी हो या मुस्लिम जांबाज फोर्स के पोस्टर, ये सभी लश्कर-ए-तैयबा से ही जुड़े हैं।

# एआई के बहाने मेधा की चर्चा

**डॉ टी महादेव राव**

ए आई की चर्चा तीन-चार दिनों से काफी बड़े पैमाने पर सकारात्मक और नकारात्मक दोनों रूपों से ठीक वैसे ही हो रही है, जिस तरह एलोपैथी की दवा के फायदे भी होते हैं और नुकसान भी, साइड इफेक्ट्स भी होते हैं और टॉप इफेक्टस भी। सकारात्मक तो उसकी सर्जनात्मकता और उपयोगिता को लेकर लगातार चर्चा में है एआई। लेकिन कुछ अधकचरा, अनपढ़, अशिक्षित और आतुर लोगों की व्याख्या से नकारात्मक और हंसी का माहौल पैदा हो गया। इन्हीं बातों पर मैं और छोटू आपस में चर्चा कर रहे थे कि थोड़ी दूर के बैंच से दो व्यक्तियों का संवाद, इसी एआई को लेकर हमारी गहन चर्चा को भंग करने का प्रयास किया।

पहला दूसरे से कह रहा था क्या तुम जानते हो ए आई का क्या मतलब है? दूसरे ने कहा अमेरिका इंडिया। पहले ने कहा नहीं नहीं ऐसा नहीं है। दूसरे ने कुछ सोचते हुए बताया ए आई का मतलब है भारत के कई प्रांतों में मां के लिए यही आई शब्द का प्रयोग किया जाता है। ना कर दिया गया। दूसरे ने काफी सोच समझने के बाद कहा अधूरी इच्छा। प्रश्नकर्ता झुंझलाया और कहा बाहर घूमा करो। किताबें पढ़ा करो। लोगों से मिला करो, ताकि तुम्हारा ज्ञान बढ़े और तुम अपना ज्ञान अद्यतन रखा करो एक छोटे से कुएं के मेंढक की तरह घर दफ्तर तक सीमित रहोगे तो ज्ञान कहां से पाओगे? ए आई का मतलब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस होता है।

दूसरे को बात लग गई उसने कहा ठीक है। मैं अब एक प्रश्न पूछता हूं। तुम उसका उत्तर दो। उसने कहा ए वी का क्या मतलब होता है? पहले ने कहा ऑडियो विजुअल। दूसरे ने इस उत्तर को नकार दिया। पहले ने सोचते हुए कहा एंटी वायरस। जब दूसरे ने न में सर हिलाया तो पहले ने काफी सोच समझते हुए उत्तर दिया अल्ट्रावायलेट। अल्ट्रावायलेट यू और वी का संगम होता है ए वी का नहीं। पहले ने हार मानते हुए कहा अब तुम्हीं बताओ ए वी का क्या मतलब होता है? व्यंग्य भरी मुस्कान के साथ दूसरे ने कहा ए वी का मतलब होता है अनिल वर्मा। जिज्ञासु बनते हुए पहले ने पूछा यह अनिल वर्मा कौन है? दूसरे ने हंसते हुए कहा इसीलिए कहता हूं घर पर रहा करो। बाहर घूमते रहोगे तो ऐसा ही होगा। जब तुम बाहर रहते हो तो अनिल वर्मा तुम्हारे घर आता है और जैसे ही तुम्हारे आने की खबर होती है वह पिछवाड़े से भाग जाता है। अपने लाल पीले चेहरे को लेकर पहला व्यक्ति आज मैं उसका अंत देखूंगा कह कर भाग गया।

ज्ञान और समाचार का आदान-प्रदान इस तरह ए आई के माध्यम से और उस विषय पर चल रहा है।

छोटू ने कहा भैया इस बीच नए-नए विस्तार दिए जा रहे हैं शब्दों को। जैसे हमारे बड़े भैया ने मानव का इसी तरह से विस्तार दिया है जबकि आजकल लगभग किसी में भी मानव जिंदा नहीं है केवल अमानवीयता घर कर गई है। ऐसे में मुझे भी कुछ शब्द यूं ही विस्तार लिए लगते हैं। जैसे नेता नॉट एलिजिबल टू एडमिनिस्टर जो प्रशासन के योग्य नहीं है वही नेता है। इसी तरह मिनिस्टर का देखें तो मिनिमम आई क्यू नॉन इंटेलिजेंट सबसीक्वेंटली ट्रेंड फॉर अर्निंग रुपैया यह होता है मिनिस्टर या मंत्री का विस्तार। छोटू। तुम्हारा दिमाग तो जेट से भी तेज भाग रहा है। तुम में देश के मुखिया बनने के सारे लक्षण कूट कूट कर भरे हुए हैं। तुम बिना टेलीप्रॉम्पटर के अविरल भाषण दे सकते हो। बिना किसी की मदद नए नए शब्द विस्तार और व्याख्या कर सकते हो और तो और अपनी बातों के मकड़जाल में किसी को भी लपेट सकते हो। कुल मिलाकर लोगों को मिनटों में उल्लू बना सकते हो। मेरी तारीफ हो रही है या मेरी आलोचना कुछ समझ में नहीं आ रहा है भैया। राजनीति का पहला नियम है जो तारीफ लगे वह आलोचना है जो आलोचना लगे वह तारीफ है क्योंकि यहां हमेशा उल्टी गंगा भागती है। सब उल्टा ही चलता है। गलियों को फूल और तारीफों को कांटें समझते लोग ही अधिकतर राजनीति में सफल हैं और इसमें तुम बिल्कुल सही-सही उतरते हो।

# सामाजिक न्याय की मिसालः 'इंदिरम्मा आवास योजना'

सूर्योदय होते ही आहार की खोज में निकला पक्षी शाम को अपने घोंसले में लौटते ही उसके मन को शांति मिलती है। वह अपने घोंसले को देखकर आनंदित हो उठता है और गहन सांत्वना प्राप्त करता है। जीवन-यात्रा का आधार बनकर, उसे सुरक्षा प्रदान करने वाले घोंसले के प्रति उस पक्षी में गहरी श्रद्धा और आराधना होती है। बुद्धि-विकास से संपन्न मनुष्य के लिए घर मात्र चार दीवारें और कमरे नहीं होते। घर उसके लिए असंख्य स्मृतियों का भंडार है, अनेक मीठी यादों का संग्रह। घर आनंदों का निवास-स्थान है, भावनाओं का संगम-स्थल। सिर छिपाने, अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने, परिवार के साथ सुरक्षित जीवन व्यतीत करने के लिए आश्रय प्रदान करने वाला घर मनुष्य के लिए दूसरा प्राण-तुल्य है।

यह सामाजिक पहचान का आधार और आत्म-सम्मान का प्रतीक होता है।

मानव विकास क्रम में अग्नि की खोज और चक्र की आविष्कार जितनी महत्वपूर्ण हैं, घर (स्थायी निवास) की भी उतनी ही महत्वपूर्णता है। विकास की प्रक्रिया में स्थायी निवास स्थलों (घरों) के उद्भव के बाद ही नदी घाटियों में सभ्यताएँ फली-फूलीं। कृषि का तेजी से विकास हुआ। परिवार व्यवस्था सुदृढ़ हुई। पारिवारिक बंधन मजबूत हुए। विवाह व्यवस्था को सामाजिक मान्यता प्राप्त हुई। स्थायी निवास ने मनुष्य को एक विशेष पहचान प्रदान की। विभिन्न क्षेत्रों में स्थायी बस्तियों के माध्यम से भौगोलिक विभाजन हुआ और समाजों का निर्माण हुआ। स्थायी निवास से स्थिर हो चुका मनुष्य अपनी शक्ति को केवल जीविका के संघर्ष तक सीमित नहीं रख सका;बल्कि वह ज्ञान, कला, विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा सामाजिक विकास पर ध्यान केंद्रित कर सका। इस प्रकार विश्व प्रगति के पथ पर अग्रसर हुआ। घर मानव विकास का केंद्र तथा समाजों की उन्नति का आधार बनता आया है।

कांग्रेस पार्टी ने कमजोर और वंचित वर्गों के लिए आवास की समस्या को केवल एक कल्याणकारी विषय के रूप में नहीं देखा, बल्कि इसे सरकार की सामाजिक जिम्मेदारी का महत्वपूर्ण पैमाना माना है। जनजीवन के स्तर को ऊपर उठाने के लिए एक ओर खाद्य योजनाएँ,न्यूनतम वेतन कानून और समग्र विकास कार्यक्रम लागू किए गए, वहीं दूसरी ओर स्थायी आवास उपलब्ध कराने के लिए हाउसिंग बोर्डों की स्थापना, गरीबों को गृह-ऋण सुविधा,आवास परियोजनाओं को वित्तीय सहायता, पुनर्वास योजनाओं के लिए धन उपलब्ध कराना जैसे अनेक कदम उठाए गए। हडको जैसी संस्थाओं के माध्यम से वित्तीय सहयोग, नेशनल बिल्डिंग ऑर्गनाइजेशन के माध्यम से आवास निर्माण पर शोध तथा 'साइट्स एंड सर्विसेज स्कीम' जैसी योजनाओं के जरिए गरीबों को आवास उपलब्ध कराने का कार्य किया गया।



अजय कुमार बिल्ला

इसके अतिरिक्त, इंदिरा आवास योजना, जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीनीकरण मिशन तथा राजीव आवास योजना जैसी अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं को कांग्रेस सरकार ने देशभर में प्रभावी ढंग से लागू किया। इन योजनाओं के माध्यम से गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले करोड़ों लोगों के अपने घर के सपने को साकार कर उन्हें भविष्य के प्रति भरोसा प्रदान किया गया।

कांग्रेस सरकार द्वारा लागू की गई आवास योजनाओं ने देश के करोड़ों परिवारों को आवासीय सुरक्षा प्रदान की। इसका प्रभाव केवल घर निर्माण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में रोजगार वृद्धि, स्थानीय निर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहन, बच्चों को स्थायी शिक्षा के अवसर तथा महिलाओं की सुरक्षा जैसे अनेक सकारात्मक परिणाम सामने आए।इसी दृष्टिकोण के तहत कांग्रेस पार्टी ने सामाजिक परिवर्तन के साधन के रूप में तथा समाज निर्माण की प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में कमजोर और वंचित वर्गों के लिए 'अपना घर' योजना को प्राथमिकता दी है। गरीबी उन्मूलन, सामाजिक असमानता में कमी और मानवीय गरिमा की रक्षा को ध्यान में रखते हुए इसे एक नीतिगत निर्णय के रूप में लागू किया गया।

पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन में इन योजनाओं के माध्यम से लाखों गरीबों को आवास उपलब्ध कराने की प्रेरणा से, वर्ष 2023 के विधानसभा चुनावों के दौरान पार्टी ने अपने घोषणापत्र में शामिल छह गारंटियों में 'इंदिरम्मा आवास योजना' को प्रमुख स्थान दिया और लोगों के घर के सपने को पूरा करने का वादा किया।

सत्ता में आने के बाद कांग्रेस जनसरकार ने अपने वादे को निभाते हुए इस योजना को सुदृढ़ कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ाया और इसे एक जन-आंदोलन की तरह लागू किया। इंदिरम्मा आवास योजना के अंतर्गत वर्ष 2028 तक 20 लाख घरों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसे चार चरणों में लागू किया जा रहा है। प्रथम चरण में 4.50 लाख घरों के निर्माण का निर्णय लिया गया, जिनमें से अब तक तीन लाख से अधिक घर पूरे हो चुके हैं और कई स्थानों पर गृहप्रवेश भी संपन्न हो चुके हैं। शेष लगभग डेढ़ लाख घरों में शीघ्र ही गृहप्रवेश होने वाला है। इस योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को प्रति घर 5 लाख रुपये की शत-प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जा रही है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लाभार्थियों को अतिरिक्त एक लाख रुपये प्रदान कर कुल 6 लाख रुपये की सहायता दी जा रही है। वहीं जिन गरीबों के पास स्वयं की भूमि नहीं है, उनके लिए सरकार निःशुल्क घर बनाकर प्रदान कर रही है।

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के निर्देशानुसार, इन घरों का पंजीकरण गृहिणी के नाम पर कर महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में कांग्रेस जनसरकार ठोस कदम उठा रही है। प्रत्येक पात्र व्यक्ति को आवास उपलब्ध कराने के लक्ष्य के साथ इस योजना को एक सतत प्रक्रिया के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। इंदिरम्मा आवास योजना ने आम नागरिक के सम्मानजनक जीवन के अधिकार को सार्थकता प्रदान की है। आने वाले दिनों में कांग्रेस के जनकल्याणकारी शासन में राज्य में सामाजिक कल्याण का स्वर्णिम युग स्थापित होने की पूरी संभावना है।

# शानो-शौकत में उड़ाया करोड़ों का मुआवजा

**3 करोड़ की जमीन खरीदी, 1 करोड़ का मकान; 80-80 लाख की शादियां- अब रोज कमाने से घर चल रहा**

ग्रेटर नोएडा के किसान रामेश्वर सिंह की 12 एकड़ जमीन सरकार ने ली और बदले में उन्हें सवा 5 करोड़ रुपए दिए। पैसा खाते में आते ही जिंदगी बदल गई। मुआवजे के पैसे से सबसे पहले उन्होंने बागपत में तीन करोड़ की जमीन खरीदी। गांव में दो बड़े मकान बनवाए- 1 करोड़ से ज्यादा खर्च हुआ। दो महंगी गाड़ियां आ गईं। फिर बच्चों की शादियों का सिलसिला शुरू हुआ- तीन बेटियों, दो पोतियों और बाद में तीन पोतों की शादी की। पोतियों को 20-20 तोला सोना और 20-20 लाख की गाड़ियां दीं। एक शादी में ही करीब 80 लाख खर्च हो गए। बहुओं को भी 20-20 तोला सोने के जेवर दिए गए। आज वे तंगहाली में हैं। बताते हैं 'पैसा संभालना नहीं आया।'

यह कहानी ग्रेटर नोएडा के सिर्फ एक परिवार की नहीं। 1979 में 39 से ज्यादा गांवों की जमीन ली गई थी और सभी को मुजावजा दिया गया था। लेकिन अब वही जमीन 70 से 200 करोड़ की हो चुकी है, लेकिन अब लगभग 95% परिवारों का मुआवजा खत्म हो चुका है। कई किसान अपनी ही जमीन पर बनी फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड हैं। कोई वहीं बनी इमारतों में दूध बेच रहा है।

90 साल के रामेश्वर सिंह से सरकार ने उनकी 12 एकड़ जमीन ली, जिसके बदले में उन्हें सवा पांच करोड़ रुपए दिए। लेकिन आज उनकी उसी जमीन की कीमत 80 करोड़ रुपए है। वह बताते हैं, 'हमने पैसा हाथ में आते ही बागपत के अलावा हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर में जमीन खरीदी। मैं जानता था- जमीन का पैसा जमीन में ही टिकता है। मेरी ही तरह करीब 95 फीसदी बड़े किसानों ने आसपास के इलाकों में दूसरी जगह जमीन खरीदी। कुछ लोगों ने पैसा संभाला नहीं... लापरवाही में खर्च कर दिया।' वह दोहराते हैं- 'अब 90 फीसदी से ज्यादा लोगों का मुआवजा खत्म हो चुका है। कोई दूध बेच रहा है, कोई छोटी-मोटी नौकरी कर रहा है। जिनके पास कभी खेत थे, अब वे रोज की कमाई जोड़कर घर चला रहे हैं। हमारी जमीन पर फैक्ट्रियां लगी हैं। लेकिन हमारे बच्चों को नौकरी नहीं मिलती। फैक्ट्री मालिकों को लगता है कि लोकल लड़के बदमाश होते हैं। सोचिए, जमीन हमारी गई और हम ही पराए हो गए।' अब अगली पीढ़ी के लिए क्या बचा? न जमीन, न पैसा, न पढ़ाई के सहारे पक्की नौकरी का रास्ता? बड़ी तनख्वाह वाली नौकरी मिलती नहीं, छोटी नौकरी बच्चे करते नहीं। पहले कम से कम जमीन का सहारा तो था।'

दूसरे किसान श्यामजी अपने पक्के मकान की छत पर खड़े धीरे से हाथ उठाकर बताते हैं- वहीं कहीं हमारी 17 बीघे जमीन थी, जिसके बदले 50 लाख मिले थे। तब लगा था कि किस्मत खुल गई। लेकिन सच यह है कि आज मेरा बेटा 25 हजार महीने की प्राइवेट नौकरी करता है। दूसरा बेटा हमारी ही जमीनों पर बनी ऊंची-ऊंची ईमारतों में घर-घर दूध बेचता है। किसान रमेश सुबह खाट पर बैठे-बैठे आंगन में बंधी भैंसों की ओर देख रहे हैं। कभी यही आंगन कच्चा था, दीवारें टेढ़ी थीं। 2008 में जब उनकी 8-10 बीघे जमीन गई और 14 लाख रुपए का चेक हाथ में आया, तो उन्हें लगा था अब जिंदगी संभल जाएगी। वह धीमे से कहते हैं- 'सबसे पहले घर बनवाया। सोचा पक्का मकान होगा तो इज्जत रहेगी। फिर दो बेटियों की शादी की। रिश्तेदार, बारात, जेवर और देखते ही देखते मेरे पूरे 14 लाख खत्म हो गए। बेटों के लिए कुछ बचा ही नहीं।', वह कहते हैं आज मेरे तीनों बेटे भैंसें पालते हैं। सुबह-सुबह दूध लेकर निकलते हैं और उसी से घर चलता है। जमीन नहीं रही, तो यही अब सहारा बचा है।

रमेश कहते हैं- गलती हो गई शायद... सारा पैसा घर और शादियों में लगा दिया। अब हालत यह है कि रोजमर्रा का खर्च भी मुश्किल से निकलता है। जब कभी वे बेटों से कुछ पैसे मांग लेते हैं, तो घर का माहौल भारी हो जाता है। बच्चे कहते हैं- आपको किसलिए पैसे चाहिए? हमारे बच्चों के इतने खर्चे हैं, हम नहीं दे पाएंगे', ये बातें रमेश आंखें झुकाकर बताते हैं।

वह थोड़ी देर चुप रहते हैं, फिर कहते हैं- हम भी तो बीमार होते हैं कभी-कभार... दवा-दरू के लिए पैसे चाहिए होते हैं। हुक्का-पानी भी बिना पैसे के नहीं चलता। 70 साल की उम्र हो चुकी है। अभी तो ठीक-ठाक हूं, चल-फिर लेता हूं, लेकिन कल कुछ हो गया तो क्या होगा?'

वह लंबी सांस लेकर कहते हैं- बेटियों का आना-जाना लगा रहता है... तीन बहनें भी घर आती हैं। तीज-त्योहार पड़ते हैं तो खाली हाथ रहते हैं। देने को कुछ नहीं होता हमारे पास... बड़ी बेइज्जती लगती है। मुआवजा कब का खत्म हो गया। एक पाई नहीं बची। उल्टा 7 लाख का कर्ज चढ़ा है।


प्रियंका चोपड़ा

# प्रियंका चोपड़ा ने

## बॉलीवुड से किया था खुद को अलग

**प्रियंका चोपड़ा,** जिन्होंने ग्लोबल लेवल पर भारत का मान बढ़ाया है, अब लंबे इंतजार के बाद बॉलीवुड में धमाकेदार वापसी करने के लिए तैयार हैं। प्रियंका जल्द ही दिग्गज निर्देशक एसएस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' में नजर आएंगी। इस कमबैक की खबरों के बीच प्रियंका ने उन कड़वे अनुभवों और वजहों को साझा किया है, जिसके चलते उन्हें बॉलीवुड छोड़कर हॉलीवुड का रुख करना पड़ा था।

### क्यों छोड़ा था बॉलीवुड?

प्रियंका ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि वे कभी भी बॉलीवुड छोड़ना नहीं चाहती थीं, लेकिन उन्हें इंडस्ट्री में एक कोने में धकेला जा रहा था। उन्होंने बताया कि वे उस समय फिल्म इंडस्ट्री में खुद को काफी 'सीमित' महसूस कर रही थीं। वे ऐसे मौकों की तलाश में थीं जो उन्हें एक कलाकार के तौर पर नई ऊर्जा दें।

### एसएस राजामौली के साथ ग्रैंड कमबैक

प्रियंका चोपड़ा अब एसएस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' से वापसी कर रही हैं। इस फिल्म को लेकर प्रियंका काफी उत्साहित हैं। यह एक बड़े बजट की पैन-इंडिया फिल्म है, जिसमें उनके साथ महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन जैसे दिग्गज कलाकार नजर आएंगे।

### फिल्म 'वाराणसी' की रिलीज डिटेल्स

यह फिल्म अगले साल 7 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म को हिंदी, तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा। जहां प्रियंका चोपड़ा, महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन मुख्य किरदार में नजर आएंगे।

### हॉलीवुड का सफर और नई पहचान

जब बॉलीवुड में उन्हें सीमित महसूस होने लगा, तब प्रियंका ने अमेरिका का रुख किया। वहाँ उन्होंने संगीत और फिर 'क्वांटिको' जैसी सीरीज के जरिए अपनी नई पहचान बनाई। प्रियंका के अनुसार, उन्होंने किसी एक इंडस्ट्री को नहीं चुना, बल्कि जहाँ उन्हें बेहतर काम मिला, वे वहां चली गईं। आज वे दोनों ही इंडस्ट्रीज (हॉलीवुड और बॉलीवुड) में संतुलन बनाकर काम करना पसंद करती हैं।

# रणवीर सिंह को मिले धमकी भरे वॉइस नोट में हेरी बॉक्सर की आवाज


अभिनेता रणवीर सिंह

**मुंबई** क्राइम ब्रांच ने बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को धमकी देने के मामले में मैनेजर को मिले धमकी भरे वॉइस नॉट को वेरिफाई करने के लिए पंजाब और हरियाणा भेजा था। वॉइस नॉट भेजने वाले ने खुद को हेरी बॉक्सर बताया था और 20 करोड़ रुपये की फिरौती की मांग की थी। मुंबई पुलिस को जब इस धमकी भरे वॉइस नॉट की जानकारी मिली तो उसे पंजाब और हरियाणा पुलिस को भेजा गया और जब वहां से इस वॉइस नॉट की पुष्टि हुई कि उस वॉइस नॉट में सुनाई दे रही आवाज हेरी बॉक्सर की है उसके बाद एफआईआर दर्ज की गई।

### हेरी बॉक्सर के खिलाफ एफआईआर दर्ज

मुंबई साइबर पुलिस ने रणवीर सिंह के मैनेजर विजय सुब्रमण्यम की शिकायत के आधार पर हेरी बॉक्सर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है और इस मामले की जांच क्राइम ब्रांच की एंटी एक्सटॉर्शन सेल के साथ कर रही है। पुलिस के अनुसार, सुब्रमण्यम को उनके फोन पर एक अंतरराष्ट्रीय नंबर (+340) से कॉल आए, जो वर्जिन आइलैंड्स से जुड़ा देश का कोड माना जाता है। कॉल करने वाले ने कथित तौर पर पैसे की मांग की और धमकियां दीं। धमकियों के बाद रणवीर सिंह के घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और उन्हें फिल्म शूटिंग के लिए कहीं भी ट्रेवल करते समय सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

# तेजस्वी प्रकाश ने मुंबई के पॉश एरिया में खरीदा लग्जरी फ्लैट


एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश

**टीवी** की पॉपुलर एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश अपने काम के साथ-साथ अपनी लग्ज़री लाइफस्टाइल को लेकर भी अक्सर चर्चा में रहती हैं। तेजस्वी प्रकाश अब एक और घर की मालकिन बन गई हैं। साल की शुरुआत उन्होंने करोड़ों का घर खरीदने से की है। उन्होंने मुंबई के पॉश एरिया में इतना महंगा अपार्टमेंट खरीदा है जिसकी कीमत जानते हीं आपके होश उड़ जाएंगे। तेजस्वी प्रकाश छोटे पर्दे की सबसे सफल एक्ट्रेसेस में से एक हैं। वैसे तो वो मुंबई में अपने माता-पिता के साथ रहती हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने कई प्रॉपर्टीज खरीदी हैं। कुछ साल पहले ही तेजस्वी ने गोवा में अपना घर खरीदा था और अब उन्होंने मुंबई के पॉश एरिया में घर है।

तेजस्वी प्रकाश का अब नया आशियाना मुंबई के बांद्रा वेस्ट में हैं। सीआरई मैट्रिक्स को मिले प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन डॉक्यूमेंट्स के मुताबिक, तेजस्वी ने बांद्रा रिक्लेमेशन में कृष्ण चंद्र मार्ग पर बे हाइट्स में एक फ्लैट खरीदा है। यह अपार्टमेंट लगभग 1,304 स्क्वायर फीट का है। तेजस्वी ने इसी महीने यह अपार्टमेंट डेवलपर एक्सेल एंटरप्राइजेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से खरीदा।

बता दें, इसके लिए तेजस्वी ने मोटी रकम चुकाई है। उन्होंने ये घर 7.63 करोड़ रुपये में खरीदा है। 16 फरवरी 2026 को रजिस्ट्रेशन हो गया है। तेजस्वी प्रकाश ने घर के लिए 38.15 लाख रुपये की स्टाम्प ड्यूटी दी है। प्रॉपर्टी का पजेशन 29 नवंबर 2030 को तय है। बात करें घर की तो एक्ट्रेस को फ्लैट के साथ दो कार पार्किंग स्पेस मिला है। जिस जगह तेजस्वी ने फ्लैट खरीदा है, वो पहले से ही बड़े सेलिब्रिटीज का हब है।

काम की बात करें तो बिग बॉस 15 की विनर तेजस्वी प्रकाश 'नागिन 6' शो के बाद अब इन दिनों रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स में नजर आ रही हैं। भारती सिंह के इस शो में तेजस्वी के साथ उनके ब्वॉयफ्रेंड करण कुंद्रा भी हैं।

# दिल्ली से मुंबई तक होगा वाका वाका का धमाल

## 19 साल बाद इंडियन फैंस की हार्टबीट बढ़ाने आ रही हैं शकीरा


अवॉर्ड विनर शकीरा

**ग्लोबल** पॉप आइकन और कई ग्रैमी अवॉर्ड विनर शकीरा बहुत जल्द भारत में वापसी करने वाली हैं। 10 अप्रैल को मुंबई और 15 अप्रैल को दिल्ली में उनका शो होना है। यह जानकारी फीडिंग इंडिया और डिस्ट्रिक्ट बाय जौमैटो ने दी। फीडिंग इंडिया एक नॉन-प्रॉफिट संस्था है, जो भूख और कुपोषण के मुद्दों पर काम करती है। शकीरा की एनर्जी, डांस मूव्स और सुपरहिट गानों का जादू दुनियाभर में फैला है और भारतीय दर्शकों पर भी उनका जादू सिर चढ़कर बोलता है। यह पहली बार है कि शकीरा दो भारतीय शहरों में परफॉर्म करेंगी। इससे पहले 2007 में मुंबई में 'ओरल फिक्सेशन' टूर के दौरान उन्होंने परफॉर्म किया था।

### बेहतरीन स्टेज परफॉर्मर हैं शकीरा

डिस्ट्रिक्ट ने इंस्टाग्राम पर अपने टूर की घोषणा करते हुए कैप्शन में लिखा, शकीरा शकीरा। वो आवाज। वो अदाएं। वो गाने जिन्होंने पीढ़ियों को परिभाषित किया। भारत, शकीरा को लाइव देखने के लिए तैयार हो जाओ। यह खबर इंटरनेट पर छाई हुई है, वहीं प्रशंसक टिकटों की बिक्री की जानकारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जिसकी घोषणा अभी तक नहीं हुई है। मुंबई में वह महालक्ष्मी रेसकोर्स में प्रस्तुति देंगी और फिर 15 अप्रैल, 2026 को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अपने दूसरे भारत कॉन्सर्ट के लिए दिल्ली रवाना होंगी।

### शकीरा ने जताई खुशी

एक प्रेस नोट में शकीरा ने कहा, "भारत में परफॉर्म करना मेरे लिए हमेशा खास रहा है। मैं मुंबई और दिल्ली के फैंस से मिलने के लिए उत्साहित हूं। फीडिंग इंडिया कॉन्सर्ट सिर्फ म्यूजिक नहीं, बल्कि बच्चों के पोषण के लिए साथ खड़े होने का संदेश है।" शकीरा उनके सुपरहिट गानों हिप्स डोंट लाइ, व्हेनएवर, वेयरएवर और वाका वाका के लिए जाना जाता है। वह अपनी एनर्जेटिक स्टेज परफॉर्मेंस के लिए जानी जाती हैं।


एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा

# 52 की मलाइका पर उम्र का नहीं कोई असर

### ब्लैक साड़ी और सितारों से सजे ब्लाउज में फ्लॉन्ट की पतली कमरिया

**बॉलीवुड** की ग्लैमरस एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा 52 की उम्र में अपनी खूबसूरती और फिटनेस से यंग एक्ट्रेसेस को मात दे देती हैं। उनका हर एक लुक चर्चा का विषय बन जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी कुछ शानदार तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है, जो देखते ही वायरल हो गई। मलाइका अरोड़ा आए दिन अपनी दिलकश तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। अब हाल ही एक बार फिर उन्होंने अपनी तस्वीरें शेयर कर फैंस का ध्यान खींच लिया है। शेयर की गई तस्वीरों में एक्ट्रेस ब्लैक कलर की साड़ी के साथ शिमरी ब्लाउज पहने नजर आ रही हैं। अपने लुक को मॉडर्न टच देने के लिए एक्ट्रेस ने हैवी इयरिंग्स पहने, जो उनके लुक को काफी एलिगेंट बना रहे हैं। वहीं उन्होंने मेकअप को काफी सटल रखा है और स्लीक हेयरस्टाइल बनाकर लुक को कंप्लीट किया, जिसमें वो काफी खूबसूरत लग रही है। साड़ी में एक्ट्रेस ने जमकर कातिलाना पोज दिए हैं। हर फोटोज में वो स्लिम फिगर फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं।

# स्वरा भास्कर महिलाओं को मारने की खुली छूट वाले तालिबान के नए कानून पर भड़कीं, बताया 'क्रूर और राक्षस'


एक्ट्रेस स्वरा भास्कर

**अपने** बेबाक और बिंदास अंदाज के लिए चर्चा में रहने वालीं एक्ट्रेस स्वरा भास्कर महिलाओं के खिलाफ तालिबान के नए कानून पर बुरी तरह भड़क गई हैं। नए कानून में महिलाओं को मारने की खुली छूट दी गई है। पूरी दुनिया में इसकी चर्चा हो रही है। स्वरा तो इस नए तालिबानी कानून पर भड़क गई हैं। उन्होंने तालिबान को मानव जाति के सबसे घिनौनी नमूनों में से एक बताया और राक्षस तक कहा। अफगानिस्तान में तालिबान के शासन के आने के बाद महिलाओं के खिलाफ खूब सख्ती बरती जा रही है। उनकी स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। अब तालिबान वहां एक नया कानून लेकर आया, जिसके मुताबिक, एक पति को पत्नी को मारने-पीटने की खुली छूट है, बस इस बात का ध्यान रहे कि हड्डी न टूटे और कोई खुला घाव न रह जाए। यानी अगर हड्डी नहीं टूटी है या घाव नहीं दिख रहा है, तो पीटना एकदम जायज है और उसमें कोई सजा नहीं होगी।

तालिबान के इस नए कानून पर रिएक्ट करते हुए स्वरा भास्कर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, 'विश्वास नहीं होता। सच कहूं तो तालिबान मानव जाति के सबसे घिनौने नमूनों में से एक है। निर्दयी और क्रूर, बिलकुल राक्षस। यह मानवता और उस धर्म का अपमान है, जिसका वो प्रतिनिधित्व करने का दावा करते हैं। बेहद घृणित।' स्वरा भास्कर का यह रिएक्शन ऐसे समय आया है, जब यह खबर सामने आई है कि तालिबान ने अपने नेता हिबतुल्लाह अखुंदजादा द्वारा साइन की गई 90 पेज की नई दंड संहिता लागू की। इसमें महिलाओं को गुलाम के समान दर्जा दिया गया है। साथ ही यह कहा गया है कि पति अपनी पत्नी को पीट सकता है, लेकिन सजा तभी लागू होगी जब हमला लाठी से किया गया हो और उससे गंभीर चोट आई हो, और सबूत का भार महिला पर होगा।

# प्यार पर भरोसा नहीं

## एक्ट्रेस ने सुनाया ब्रेकअप का दिल छू लेने वाला किस्सा


एक्ट्रेस जान्हवी कपूर

**बॉलीवुड** की उभरती स्टार जान्हवी कपूर ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपनी जिंदगी के सबसे इमोशनल और पर्सनल मोमेंट को साझा किया। जान्हवी ने बताया कि हाई स्कूल के दिनों में उनका पहला बड़ा दिल टूटने वाला अनुभव उनके लिए कितना खास रहा और कैसे इस घटना ने उनकी सोच और रिश्तों के प्रति नया नजरिया अब पेश करता है उस समय का चोट थोड़ा मॉडिफाई हो गया है।

### ब्रेकअप बहुत ही पर्सनल घटना थी

एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने हॉटरफ्लाई को दिए इंटरव्यू में बताया कि उन्होंने हाई स्कूल में एक लड़के को बहुत पसंद किया था, जिसकी केमिस्ट्री उनके साथ दमदार थी, लेकिन अचानक उसी लड़के ने उन्हें छोड़ दिया, जिससे जान्हवी का दिल टूट गया। उन्होंने आगे कहा, हाई स्कूल में वो मेरा पहला सीरियस क्रश था, इसलिए ब्रेकअप मेरे लिए बहुत ही पर्सनल घटना थी, अब कुछ खास प्यार पर भरोसा नहीं रहा।

इतना ही नहीं, अपनी पहली लवस्टोरी के साथ जुड़ी ये यादें जान्हवी ने काफी खुलकर शेयर कीं और बताया कि पीरियड्स के दौरान बेवजह मूड स्विंग्स की वजह से उनके रिश्ते भी कभी-कभी टकराव वाले होते थे। हर महीने के शुरुआती दिनों में मैं झगड़ालू हो जाती थी, ब्रेकअप कर लेती थी, लेकिन 2-3 दिन बाद रोते हुए माफी मांगकर वापस लौट आती थी। मेरा पार्टनर पहले तो चौंक जाता था पर धीरे-धीरे इसकी आदत पड़ गई जान्हवी ने इसे मजाकिया अंदाज में बताया।

### असली हार्टब्रेक एक बार ही हुआ

जान्हवी ने ये भी बताया कि उनका असली हार्टब्रेक एक बार ही हुआ और उसे हीरोज की तरह कोई शख्स उनके टूटे दिल के टुकड़े जोड़ने आया। जिस शख्स के बारे में अफवाहें हैं कि वे शिखर पहाड़िया हैं, जिनके साथ जान्हवी का रिश्ता लंबे समय से जुड़ा हुआ है, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है। जान्हवी ने आगे बताया कि हाई स्कूल ब्रेकअप ने उन्हें ईमानदारी की अहमियत समझाई। पहले वो अपने रिश्तों के बारे में माता-पिता श्रीदेवी-बोनी कपूर से छुपाती थीं, लेकिन अब ट्रांसपेरेंसी में यकीन रखती हैं।

# 'बोलने की औकात हो तभी मुंह खोलना चाहिए', इंटरनेट पर एक्टर्स की ट्रोलिंग पर बोले शाहिद कपूर


एक्टर शाहिद कपूर

**बॉलीवुड** से लेकर टीवी तक के सितारों को अक्सर किसी न किसी वजह से सोशल माडिया पर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है। वहीं ओ रोमियो एक्टर शाहिद कपूर ने हाल ही में एक पॉडकास्ट के दौरान इंटरनेट पर एक्टर्स को मिलने वाली लगातार ट्रोलिंग पर अपनी राय शेयर की। द राइट एंगल पॉडकास्ट पर एक्टर ने कहा कि अपनी ज़िंदगी में पब्लिक ओपिनियन को आने देना और खुद को संभालकर रखना, चाहे इंटरनेट पर कोई कुछ भी कहे, इन दोनों के बीच बैलेंस बनाना ज़रूरी है। शाहिद कपूर ने कहा, "यह एक मुश्किल सफ़र है क्योंकि आपको खुलना पड़ता है, लेकिन इस बात का भी ध्यान रखना पड़ता है कि आप अपने सिस्टम में क्या और कितना बैठने देते हैं। क्या आप हर सुबह उठकर सबको खुश करना चाहते हैं या खुद को खुश करना चाहते हैं?" एक्टर ने आगे कहा, "आपको खुद से बार-बार पूछना होगा,

'क्या मैंने अच्छा समय बिताया? क्या इससे मुझे आगे बढ़ने में मदद मिली? और क्या यह मेरी क्रिएटिव एनर्जी को सही तरह से दिखाता है?' आखिर में, इससे मेरी कड़ी मेहनत और कुछ पाने की भावना पूरी होनी चाहिए।" उन्होंने यह भी कहा कि इंटरनेट पर गुमनामी ने लोगों को अपनी सीमाएं भूलने पर मजबूर कर दिया है उन्होंने कहा, "मैं यह हर समय कहता हूं, चाहे कुछ भी हो, लोग मुझे पुराने ख्यालों का कह सकते हैं, लेकिन आपकी बोलने की औकात होनी चाहिए, तभी मुंह खोलना चाहिए, यह मुझे बचपन से सिखाया गया है।" शाहिद कपूर ने आगे कहा, पहले आप देखो कि आप कितने पानी में हो, फिर बात करो। तो आपको इन सबके बीच खुद को शांत रखना होगा, बेशक, कंस्ट्रक्टिव क्रिटिसिज्म के लिए तैयार रहना होगा, लेकिन साथ ही खुद को पॉजिटिविटी से भरना होगा

# राजपाल यादव की पत्नी राधा ने बॉलीवुड सेलेब्स से मिली मदद को लेकर दिया ये बयान


राजपाल यादव | पत्नी राधा

**चेक** बाउंस केस को लेकर राजपाल यादव चर्चा में हैं। हाल ही में उन्हें अंतरिम जमानत मिली और वह 12 दिन बाद तिहाड़ जेल से बाहर आए। राजपाल और उनकी पत्नी ने इस मुश्किल वक्त में मदद करने वालों के बारे में बात की है। राजपाल यादव ने 9 करोड़ रुपये चेक बाउंस केस में 5 फरवरी 2026 को कोर्ट के सामने सरेंडर कर दिया था। इसके बाद उन्हें तिहाड़ जेल में बंद कर दिया गया। करीब ढाई करोड़ रुपये चुकाने के बाद उन्हें अंतरिम जमानत मिली। जेल से छूटने के बाद राजपाल यादव और उनकी पत्नी राधा ने एक हालिया इंटरव्यू में लीगल बैटल्स और इंडस्ट्री से जुड़े लोगों से मिली मदद को लेकर बात की है। बातचीत में पहले राजपाल ने कहा कि उनके लिए सबसे मुश्किल समय अपने परिवार से दूर रहना था। राजपाल यादव की पत्नी राधा ने इस लीगल बैटल्स के बारे में कहा कि हर मुमकिन कानूनी और सम्मानजनक ऑप्शन पर विचार किया गया।

कभी-कभी समाधान सिर्फ इच्छा से नहीं होता, यह समय पर भी निर्भर करता है। चेक बाउंस केस में राजपाल यादव के साथ इंडस्ट्री खड़ी हुई। कई सेलेब्स ने उनके साथ काम करने का ऐलान किया, वहीं कुछ सेलेब्स का नाम आया जिन्होंने प्राइवेटली एक्टर की हेल्प की। अब राजपाल और उनकी पत्नी ने इस बारे में बात की। राजपाल यादव की पत्नी ने कहा, जब मदद मिलती है, तो उसे शुक्रगुजारी से लिया जाता है। कई लोगों ने चिंता और हिम्मत के साथ मदद की। हम हर काम के लिए शुक्रगुजार हैं,

# युवा कांग्रेस ने भाजपा कार्यालय घेरने की कोशिश की

## रास्ते में पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच जमकर झूमाझटकी, अस्थायी गिरफ्तारी भी हुई



रायपुर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस आज भाजपा कार्यालय का घेराव करने निकली थी, लेकिन पुलिस ने उन्हें कार्यालय पहुंचने के पहले ही रोक दिया। युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा की अगुवाई में हुए प्रदर्शन के दौरान रैली रायपुर के राजीव गांधी चौक से शुरू होकर एकात्म परिसर की तरफ बढ़ी।

सैकड़ों की संख्या में जुटे कार्यकर्ता 'प्रधानमंत्री की साख धूमिल हो गई है' के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। हालांकि, भाजपा कार्यालय से पहले ही पुलिस प्रशासन ने भारी बैरिकेडिंग कर रास्ता रोक दिया। जैसे ही कार्यकर्ताओं ने आगे बढ़ने की कोशिश की, पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जमकर झूमाझटकी शुरू हो गई।

कुछ देर तक मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। पुलिस ने कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर बाद में अस्थायी रूप से छोड़ दिया।

**युवा कांग्रेस ने कहा- सरकार के दबाव में पुलिस ने उन्हें बलपूर्वक रोका**

आंदोलन के दौरान युवा कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस ने केंद्र और राज्य सरकार के दबाव में कार्रवाई की। उनका कहना था कि वे शांतिपूर्ण तरीके से भाजपा नेतृत्व तक अपने सवाल पहुंचाने जा रहे थे, लेकिन उन्हें बलपूर्वक रोका गया।

युवा कांग्रेस का कहना है कि 'प्रधानमंत्री की साख धूमिल हो गई है' सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि देश के बेरोजगार युवाओं की भावनाओं की अभिव्यक्ति है।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या नेता प्रतिपक्ष को गोली मारने जैसी बयानबाजी से देश की छवि खराब नहीं होती? क्या विदेशी तकनीक को अपना नवाचार बताने से देश की साख पर असर नहीं पड़ता? और क्या अमेरिका के साथ एकतरफा ट्रेड डील करना वास्तव में देशहित में है?

युवा कांग्रेस ने अपने विरोध के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम कथित 'एप्स्टीन फाइल' में आने के मुद्दे को भी रखा। नेताओं ने कहा कि इतने गंभीर मामले पर सरकार की ओर से स्पष्ट और पारदर्शी जवाब नहीं दिया जा रहा है।

इसके साथ ही अमेरिका के साथ कथित किसान-विरोधी समझौते और लोकतांत्रिक विरोध को देशविरोध बताकर दबाने के प्रयासों को भी उन्होंने मुद्दा बनाया।

प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा कि देश का युवा बेरोजगारी और महंगाई से परेशान है, किसान दबाव में है और सरकार अपनी नाकामियों से ध्यान भटकाने के लिए विपक्ष पर आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस लोकतंत्र, युवाओं के अधिकार और किसानों के हितों की रक्षा के लिए सड़क पर उतरी है और यह आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।

प्रदेशभर में हुए इस घेराव को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। भाजपा की ओर से इस मामले में अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# शरद पवार नहीं तो महाराष्ट्र में विपक्ष से कौन जाएगा राज्यसभा ?

## उद्धव ठाकरे के नाम की चर्चा



मुंबई, 21 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना यूबीटी के प्रमुख उद्धव ठाकरे राज्यसभा का चुनाव लड़ सकते हैं। महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन (एमवीए) के पास कुल 49 विधायक हैं। इनमें कांग्रेस के 16, एनसीपी (शरद पवार) के 10 और शिवसेना (यूबीटी) के 20 विधायकों के साथ सपा के दो और सीपीआई का एक विधायक है।

महाराष्ट्र में एक राज्यसभा सीट के जीतने के लिए 37 विधायकों के वोट चाहिए होंगे। ऐसे में एमवीए के पास 12 अतिरिक्त वोट हैं।

कुछ ऐसी ही स्थिति सत्तारूढ़ महायुति हैं। बीजेपी के 21 अतिरिक्त वोट हैं, जबकि 21 वोट अधिक हैं। इसी प्रकार से अजित पवार की एनसीपी के पास तीन अतिरिक्त वोट हैं। विधानसभा में कुल सीटों की संख्या 288 है। दो सीटें रिक्त हैं। ऐसे में कुल संख्या 286 है।

**चर्चा में आया उद्धव ठाकरे का नाम**

राज्यसभा चुनावों में स्वास्थ्य की वजह से शरद पवार फिर से उच्च सदन के लिए उम्मीदवारी दाखिल करने की संभावना काफी कम है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से पार्थ पवार का जाना तय माना जा रहा है। उन्हें पुणे लैंड डील में क्लीन चिट भी मिल गई है। एमवीए से अगर शरद पवार नहीं जाएंगे तो फिर कौन जाएगा? इसके उत्तर में उद्धव ठाकरे के नाम की चर्चा सामने आई है। मातोश्री के करीबियों का कहना है कि शिवसेना यूबीटी के तमाम विधायक और बड़े नेता उद्धव ठाकरे को राज्यसभा भेजना चाहते हैं। अगर उद्धव ठाकरे राज्यसभा के लिए नामांकन करते हैं तो एमवीए में शायद कोई विरोध भी नहीं होगा। उद्धव ठाकरे विधानसभा परिषद के सदस्य हैं। वह 2020 में विधान परिषद के सदस्य बने थे।

महाविकास आघाड़ी (एमवीए) में शरद पवार के बाद दूसरे सबसे ज्यादा लोकप्रिय नेता उद्धव ठाकरे ही हैं। वे पूर्व सीएम होने के साथ शिवसेना यूबीटी के प्रमुख है। अगर वे राज्यसभा जाते हैं तो निश्चित तौर पर उनके कद अनुरुप होगा।

अभी तक संजय राउत एमवीए से शरद पवार को राज्यसभा भेजने की बात कर रहे थे लेकिन शिवसेना यूबीटी नेता आदित्य ठाकरे द्वारा राज्यसभा की सीट पर दावा ठोंकने से संजय राउत ने तेवर नरम पड़ गए हैं।

उन्होंने मालेगांव में इसके संकेत भी दिए। शिवसेना यूबीटी से अभी प्रियंका चतुर्वेदी और संजय राउत राज्यसभा के सदस्य हैं। चतुर्वेदी का कार्यकाल अप्रैल में खत्म हो रहा है। अब देखना होगा कि प्रियंका चतुर्वेदी फिर से जाती हैं या फिर पार्टी उद्धव ठाकरे को राज्यसभा भेजती है। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि कई पार्टियों के प्रमुख राज्यसभा के सदस्य रहे हैं।

ऐसे में अगर उद्धव ठाकरे अगर राज्यसभा जाते हैं तो एमवीए न सिर्फ एकजुट रहेगा बल्कि उनके लिए भी ठीक स्थिति का निर्माण होगा। उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य विधानसभा के सदस्य हैं।

# अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

## महाराष्ट्र से गांजा लेकर पहुंचे थे रायपुर धनेली ब्रिज में घेराबंदी करके पुलिस ने दबोचा



रायपुर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। रायपुर में अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी का बड़ा खुलासा हुआ है। महाराष्ट्र से गांजा लेकर राजधानी पहुंचे दो तस्करों को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया।

आरोपियों के कब्जे से पुलिसकर्मियों ने 21.206 किलो गांजा जब्त किया है। आरोपियों का नाम पुलिस द्वारा गणेश भाउराव जाधव और नरेश नाथनी मुदी बताया जा रहा है। आरोपियों से जब्त गांजे की कीमत पुलिस द्वारा 10 लाख 60 हजार 300 रुपए बताई गई है।

रायपुर कमिश्नरेट के अधिकारियो के अनुसार शुक्रवार को मुजगहन पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली, कि नया धमतरी रोड स्थित धनेली ओवरब्रिज के नीचे दो व्यक्ति गांजा रखे हुए हैं और बिक्री की तैयारी में हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस उपायुक्त (पश्चिम जोन) के निर्देश पर मुजगहन थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम बनी। मुखबिर की सूचना अनुसार रेड मारकर आरोपियों को हिरासत में पुलिसकर्मियों ने लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम गणेश भाउराव जाधव (45) निवासी यवतमाल और नरेश नाथनी मुदी (54) निवासी रायगढ़, महाराष्ट्र बताया। आरोपियों की तलाशी में 21.206 किलो गांजा जब्त किया गया है।

पुलिस उपायुक्त संदीप कुमार पटेल ने बताया, कि मुखबिर की सूचना पर आरोपियों को धनेली ब्रिज के नीचे से पकड़ा है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। आरोप गांजा कहां से लाए? रायपुर में किसको बेचने वाले थे? इसका पता लगाया जा रहा है। सिंडिकेट से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# बीजेपी विधायक 5 लाख की घूस लेते रंगे हाथ पकड़े गए

## कर्नाटक लोकायुक्त ने किया अरेस्ट



बेंगलुरु, 21 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक लोकायुक्त ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की है। राज्य की शिरहट्टी विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक चंद्रू लमानी को कर्नाटक लोकायुक्त ने गिरफ्तार कर लिया है। उन पर आरोप है कि वे 5 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए। यह रकम कथित तौर पर कुल 11 लाख रुपये की मांग का हिस्सा थी। अधिकारियों ने बताया कि लमानी को पहले एक ट्रैप ऑपरेशन के बाद पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया और उसके बाद उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में उनके दो पर्सनल असिस्टेंट को भी हिरासत में लिया गया है।

लोकायुक्त अधिकारियों के मुताबिक, यह रिश्वत कथित तौर पर गडग जिले में छोटे सिंचाई विभाग के एक प्रोजेक्ट से जुड़ी मंजूरी दिलाने के लिए मांगी गई थी। इस काम में एक सड़क के दोनों तरफ एक रिटेनिंग वॉल बनाना शामिल था। इसे एक कॉन्ट्रैक्टर को सौंपा गया था। शिकायतकर्ता गडग के क्लास-1 कॉन्ट्रैक्टर विजय पुजार ने एंटी-करप्शन अधिकारियों से संपर्क किया। जब उनसे कथित तौर पर प्रोजेक्ट के लिए जरूरी मंजूरी लेने के लिए 11 लाख रुपये देने के लिए कहा गया।

शिकायत वेरिफाई करने के बाद लोकायुक्त पुलिस ने शनिवार को जाल बिछाया। ऑपरेशन के दौरान लमानी को कथित तौर पर मांगी गई रकम का कुछ हिस्सा 5 लाख रुपये लेते हुए पकड़ा गया। यह कार्रवाई लोकायुक्त पुलिस की एक टीम ने सीनियर अधिकारियों की देखरेख में की। अधिकारियों ने कहा कि कानूनी पालन पक्का करने के लिए ऑपरेशन सही तरीके से और ऊंचे अधिकारियों की गाइडेंस में किया गया।

इस कार्रवाई के दौरान बीजेपी विधायक के अलावा उनके दो साथियों मंजूनाथ वाल्मीकि और गुरुनाइक को भी मौके से हिरासत में लिया गया और बाद में आगे की जांच के लिए ले जाया गया। अधिकारियों को शक है कि वे कथित लेन-देन में शामिल थे। जांच करने वाले सबूत इकट्ठा कर रहे हैं और बयान दर्ज कर रहे हैं, इसलिए अभी तीनों से पूछताछ की जा रही है। यह मामला प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के नियमों के तहत दर्ज किया गया है। लोकायुक्त अधिकारियों ने कन्फर्म किया कि ट्रैप के दौरान जरूरी सबूत जब्त किए गए हैं और कथित गलत काम की पूरी हद का पता लगाने के लिए आगे की जांच चल रही है।

इससे पहले वर्ष 2023 में कर्नाटक के पूर्व बीजेपी विधायक मदल विरुपाक्षप्पा को भी रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया गया था। लोकायुक्त पुलिस ने उन्हें दावणगेरे जिले के चन्नागिरी कस्बे में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करने से पहले ट्रैक किया था। बताया गया था कि उन्होंने पुलिस से बचने की कोशिश की, लेकिन बेंगलुरु के पास एक टोल गेट पर उन्हें रोक लिया गया। बाद में कर्नाटक हाईकोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

विरुपाक्षप्पा को कर्नाटक स्टेट सोप्स एंड डिटर्जेंट्स लिमिटेड (केएसडीएल) से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में मुख्य आरोपी बनाया गया था। लोकायुक्त ने उन्हें तब बुक किया था, जब उनके बेटे को 40 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया था।

# झारखंड में 24 को 13 जिलों में होगी बारिश

## पश्चिमी विक्षोभ के असर से बदला मौसम, गुमला में रिकॉर्ड हुआ सबसे कम न्यूनतम तापमान

रांची, 21 फरवरी (एजेंसियां)। पश्चिमी विक्षोभ और उत्तर भारत में हो रही बारिश बर्फबारी के कारण इसका असर झारखंड पर भी पड़ रहा है। सुबह में कुहासा और इसके बाद आकाश में आंशिक बादल छाए रहे। शनिवार की सुबह में कुहासा और बाद में आंशिक बादल छाए रहेंगे। मौसम शुष्क रहेगा। वहीं, पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में और सबसे कम न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस गुमला में दर्ज किया गया। गुरुवार से ही आंशिक रूप से बादल छाए हुए हैं। रांची कांके सहित कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी भी हुई। मौसम विभाग केंद्र के अनुसार, 24 फरवरी को भी बादल छाए रहेंगे व 13 जिलों में कहीं कहीं गरज के साथ हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है।

# मटुकनाथ बोले- जूली से सिर्फ बातें होती, वैसा प्यार नहीं

## मैं जुदाई के सदमें से निकल गया



भागलपुर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। 'जूली से मेरी अभी भी बात होती है, 3-4 महीने पहले ही जूली से बात हुई थी, सिर्फ हाल समाचार और सेहत को लेकर बात होती है, पहले जैसी कोई बात नहीं है।

जूली का मेरे प्रति प्रेम अतीत था, वो अतीत ही है, लेकिन मेरे मन में उनके लिए अभी भी प्रेम और सद्भाव है, हमेशा रहेगा।

हां, उनके वेस्टइंडीज जाने के बाद, मेरी लाइफ से जाने के बाद कुछ दिनों तक जो पीड़ा थी, उनके हेल्थ को लेकर जो चिंता थी, वो अब गायब हो गई है, अब प्यार वाली कोई बात नहीं है।'

वेलेंटाइन वीक के खत्म होने के बाद बिहार के लव गुरु यानी मटुकनाथ इन दिनों अपने एक फेसबुक पोस्ट को लेकर चर्चा में हैं। पोस्ट पर मटुकनाथ ने जो कुछ लिखा, उससे कयास लगाए जाने लगा कि वे एक बार फिर से प्यार में हैं।

क्या सच में प्रोफेसर मटुकनाथ चौधरी एक बार फिर से प्यार में हैं, क्या जूली से उनकी अभी भी बातचीत होती है, मटुकनाथ का पत्नी और बच्चों से बातचीत होती है? मटुकनाथ चौधरी ने बताया कि मेरे फेसबुक पोस्ट को लेकर कई लोगों ने खबर बनाई। ये सब अफवाह है, ऐसी कोई बात नहीं है। फेसबुक पर जो कुछ लिखा, वो सिर्फ कहानी है और ये कहानी सिर्फ मैं ही लिख सकता हूं, दूसरा कोई नहीं, क्योंकि ये मैं अपने अनुभव से लिखता हूं।

वेलेंटाइन वीक पर मेरी कहानियां हर साल मीडिया में आती हैं, कई खबरें बनती हैं, वे सभी मनगढ़ंत होती हैं, जो पहले की सच्चाई थी, वो सभी को पता है, लेकिन जूली के जाने के बाद जो कुछ सामने आया, वो लोगों की दिलचस्पी थी, लेकिन ये लोगों के मन की उपज होती है। इन मनगढ़ंत कहानियां का बस मैं माध्यम बनता हूं और मेरे जरिए लोग अपने मन की गंदगी को सामने लाते हैं। मैं जो हूं, जहां हूं, जैसा हूं, जो मेरा विचार है, वो बिल्कुल अलग है और लोग जो मेरे बारे में बताते हैं, लिखते हैं, कहते हैं वो बिल्कुल अलग है।

जूली से आखिरी बार कब बात हुई थी, इस सवाल पर मटुकनाथ बताते हैं कि आखिरी बार कोई बात होती नहीं है, क्योंकि आखिरी तब हो, जब उसके बाद कोई बातचीत न हो।

दो से तीन महीने पहले ही मेरी जूली से बातचीत हुई थी।

# दो सड़क हादसे, 5 मौतें

रायपुर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में दो अलग-अलग सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। रायपुर के आरंग में राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर पारागांव के पास कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराई, फिर पोल से जा भिड़ी। हादसे में 3 युवकों की मौके पर मौत हो गई।

मृतकों में हर्ष कुमार देवांगन (21), राहुल देवांगन (20) और थानू सतनामी (22) शामिल है। घायल की पहचान मिथलेश धीवर (23) के रूप में हुई है। वहीं, बिलासपुर में दो बाइकों टक्कर में रेलकर्मी समेत दो लोगों की मौत हो गई। युवक बारात में शामिल होने जा रहे थे। घटना रतनपुर थाना क्षेत्र की है।

आरंग पुलिस के अनुसार, टाटा विस्टा (CG 04 HD 2156) में सवार चारों युवक महासमुंद अपने एक रिश्तेदार को छोड़ने गए थे।

# मेढ़की-गांव में चुगली करने पर लगेगा 5,000 जुर्माना

## शराब बेचने-पीने पर 10,000 फाइन, दो पक्षों में विवाद के बाद ग्राम समिति का फैसला

बालोद, 21 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के मेढ़की गांव में अब चुगली करने पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगेगा। ग्राम समिति की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है। तय हुआ कि सार्वजनिक या व्यक्तिगत रूप से किसी के खिलाफ चुगली करने पर 5 हजार जुर्माना लगेगा। वहीं, पहले से ही शराब बेचने और सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने पर 10 हजार जुर्माना लगाया जाता है।

दरअसल, जिला मुख्यालय से करीब 3 किलोमीटर दूर स्थित मेढ़की गांव में कुछ सप्ताह पहले चुगली के कारण दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। चौक-चौराहों पर बैठकर की गई आपसी टिप्पणियों और एक-दूसरे के खिलाफ की गई बातों ने माहौल को तनावपूर्ण बना दिया था। जिसके बाद ग्रामीणों ने सामूहिक बैठक बुलाई।

बैठक में चर्चा के बाद यह निष्कर्ष निकाला गया कि गांव में फैल रही चुगली ही आपसी मनमुटाव और विवाद की मुख्य वजह है। ग्रामसभा ने सख्त रुख अपनाते हुए निर्णय लिया कि गांव के किसी भी चौक-चौराहे, सार्वजनिक स्थल या धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान सार्वजनिक या व्यक्तिगत किसी भी व्यक्ति की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणी पर पूर्ण रोक रहेगी। मेढ़की ग्राम समिति ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव बनाया कि, कोई भी व्यक्ति किसी के खिलाफ चुगली करते पाया जाता है, तो उस पर 5,000 रुपए का दंड लगाया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि यह फैसला गांव में शांति, सौहार्द और आपसी सामंजस्य को बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है। सरपंच मंजूलता परस साहू, ग्राम पटेल होरी लाल गजपाल, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, समाजसेवी धनराज साहू और चंद्रेश हिरवानी ने बताया कि, गांव का माहौल खराब न हो, आपसी भाईचारा बना रहे और ग्रामीण सुरक्षित रहें। इसी उद्देश्य से निर्णय लिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि, कुछ लोग एक-दूसरे की चुगली कर विवाद की स्थिति पैदा कर रहे थे।

# एक साल बाद सदन में दिखेंगे कवासी लखमा

## कोई कमेंट नहीं, सार्वजनिक बातचीत नहीं, 'नो स्पीच' शर्तों के साथ बजट सत्र में होंगे शामिल

रायपुर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में जेल में रहे पूर्व मंत्री कवासी लखमा को विधानसभा के बजट सत्र में हिस्सा लेने की अनुमति मिल गई है। हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कुछ शर्तों के आधार पर उन्हें सदन की कार्यवाही में शामिल होने की अनुमति दी है।

विधानसभा अध्यक्ष ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी औपचारिक जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अनुमति न्यायालय द्वारा दी गई अंतरिम जमानत और विधानसभा की प्रक्रियात्मक शर्तों के अनुरूप दी गई है। इसके साथ ही रमन सिंह ने सत्र की पूरी जानकारी दी।

शराब घोटाले से जुड़े मामले में पूर्व मंत्री कवासी लखमा की 15 जनवरी 2025 को गिरफ्तारी हुई थी। करीब एक साल तक जेल में रहने के दौरान वे विधानसभा की कार्यवाही में हिस्सा नहीं ले सके थे। अब हाईकोर्ट ने 3 फरवरी को उन्हें अंतरिम जमानत दी है।

अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बताया कि 7 फरवरी को कवासी लखमा से अभिमत मांगा गया था और साल 2026 में उन्होंने अपना अभिमत व्यक्त किया। इसके बाद विधानसभा की ओर से विचार-विमर्श कर उन्हें कुछ शर्तों के आधार पर बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति दी गई। रमन सिंह ने कहा कि जांच प्रक्रिया जारी है और याचिकाकर्ता के संबंध में अंतिम फैसला जांच पूरी होने के बाद ही होगा। फिलहाल कोर्ट के आदेश और संवैधानिक प्रावधानों के तहत उन्हें सदन में उपस्थित रहने की अनुमति दी गई है। छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होकर 20 मार्च तक चलेगा। कुल 15 बैठकें प्रस्तावित हैं। अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सत्र की विस्तृत रूपरेखा भी साझा की। सत्र की शुरुआत 23 फरवरी 2026 को सुबह 11:05 बजे राज्यपाल रामेन डेका के अभिभाषण से होगी।

# मनीष सिंह गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

जमशेदपुर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। जमशेदपुर में पुलिस ने कुख्यात मनीष सिंह गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारियां जुगसलाई थाना क्षेत्र के खरकई रेलवे ब्रिज के पास हुई हैं, जहां आरोपी अवैध हथियारों के साथ रंगदारी वसूलने की तैयारी में थे। पुलिस ने इनके पास से एक देशी कट्टा, चार जिंदा कारतूस और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

पूर्वी सिंहभूम के वरीय पुलिस अधीक्षक को 20 फरवरी 2026 को गुप्त सूचना मिली थी कि मनीष सिंह गिरोह के सदस्य जुगसलाई क्षेत्र में सक्रिय हैं और व्यवसायियों को धमकाकर रंगदारी वसूलने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस महकमा हरकत में आया।

# औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा ने शराबबंदी पर सवाल उठाए

## जीतनराम मांझी के समर्थन में राजद एमपी, कहा- आम लोगों को परेशान करना ठीक नहीं



गयाजी, 21 फरवरी (एजेंसियां)। गयाजी में शराबबंदी को लेकर राष्ट्रीय जनता दल के औरंगाबाद से सांसद अभय कुशवाहा ने सवाल उठाए है। इन्होंने इसकी समीक्षा की मांग का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि शराबबंदी का सिद्धांत सही है। लेकिन जिस तरीके से इसे लागू किया गया है, उससे आम लोगों खासकर गरीबों को परेशानी झेलनी पड़ रही है, जबकि अवैध धंधा करने वाले शराब धंधेबाज व शराब माफिया बेखौफ हैं। आम लोगों को परेशान करना ठीक नहीं है।

शहर के कटारी रोड स्थित एक शोरूम के उद्घाटन कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सांसद ने केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के बयान से अपनी सहमति जताई। उन्होंने कहा कि मांझी लंबे समय से शराबबंदी की समीक्षा की बात कहते रहे हैं और उनकी बातों का अपना महत्व होता है।

अभय कुशवाहा ने कहा कि शराबबंदी के नाम पर गरीब और आम लोगों को परेशान करना ठीक नहीं है। कई मामलों में छोटे-छोटे आरोपों में लोगों को जेल भेज दिया जाता है, जबकि बड़े नेटवर्क चलाने वाले लोग कानून की पकड़ से दूर रहते हैं। उन्होंने कहा कि अगर शराबबंदी लागू है, तो इसे और प्रभावी और न्यायपूर्ण बनाने की जरूरत है। समीक्षा का मकसद व्यवस्था को मजबूत करना होना चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि बिहार पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य है। ऐसे में शरबाबन्दी के कुछ व्यावहारिक पहलुओं पर सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। ताकि कानून का उद्देश्य भी पूरा हो और जनता को अनावश्यक परेशानी भी न हो।

राजस्व के नुकसान और सरकार की आर्थिक नीति पर भी सांसद ने एनडीए और खासकर भाजपा पर निशाना साधा।



# 15.42 लाख करोड का सवाल : टैरिफ हटने के बाद क्या भारतीय निर्यातकों को अमेरिका से मिलेगा रिफंड?



नई दिल्ली,21 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप प्रशासन की ओर से लगाए गए टैरिफ को रद्द कर दिया है। इस फैसले के बाद अमेरिकी कंपनियों ने पिछले साल ट्रंप के टैरिफ लगाने पर जो अरबों डॉलर का भुगतान किया था, उसका क्या होगा, इस पर प्रशासन की ओर से अभी तक कोई स्पष्ट जवाब नहीं आया है। यह स्थिति तब है जब प्रशासन ने औपचारिक और अनौपचारिक दोनों तरह से वसूले गए शुल्कों को वापस करने का वादा किया था। हालांकि, न तो प्रशासन और न ही सुप्रीम कोर्ट के जजों ने यह बताया है कि यह वापसी की प्रक्रिया कैसे काम करेगी। यानी भारतीय निर्यातकों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। तीन लाख से अधिक व्यवसायों ने 170 अरब डॉलर (करीब 15.42 लाख करोड़ रुपये) के टैरिफ की वापसी की मांग की है। जस्टिस ब्रेट कवानॉघ ने सुनवाई के दौरान लिखा था कि अरबों डॉलर की वापसी का अमेरिकी खजाने पर बड़ा असर पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा, 'कोर्ट आज इस बारे में कुछ नहीं कह रहा है कि सरकार उन अरबों डॉलर को, जो उसने आयातकों से वसूले हैं, कैसे वापस करेगी। लेकिन यह प्रक्रिया शायद 'गड़बड़' होगी, जैसा कि मौखिक दलील के दौरान स्वीकार किया गया था।'

**क्या है कोर्ट के आदेश का मतलब?**

कोर्ट के इस आदेश का सीधा मतलब यह है कि भले ही सरकार के पास टैरिफ भुगतान का विस्तृत रिकॉर्ड हो, लेकिन व्यक्तिगत आयातकों को वापसी की उम्मीद के लिए शायद अपने अलग मुकदमे दायर करने होंगे। ट्रेड अटॉर्नी टेड पॉस्नर ने सीएनएन को बताया कि यह मामला कभी भी वापसी के बारे में नहीं था। साथ ही यह सोचना भी मुश्किल था कि सुप्रीम कोर्ट वापसी की प्रक्रिया के बारीक विवरण में जाएगा।' इससे पहले ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेस्सेंट ने रॉयटर्स को बताया था कि एजेंसी के पास आयातकों को वापस भुगतान करने के लिए पर्याप्त नकदी है, लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि इस प्रक्रिया में एक साल तक लग सकता है।

**क्या करना होगा कंपनियों को?**

सुप्रीम कोर्ट ने यह तो कह दिया कि टैरिफ गलत थे, लेकिन यह नहीं बताया कि पैसा वापस कैसे मिलेगा। जस्टिस कवानॉघ ने कहा कि अरबों डॉलर की वापसी से सरकार के खजाने पर असर पड़ेगा। उन्होंने यह भी माना कि यह वापसी की प्रक्रिया 'गड़बड़' हो सकती है। इसका मतलब है कि कंपनियों को शायद खुद ही कोर्ट में जाकर पैसे वापस मांगने पड़ेंगे। यह एक लंबी और मुश्किल प्रक्रिया हो सकती है। एक ट्रेड वकील ने कहा कि यह मामला वापसी के बारे में था ही नहीं और सुप्रीम कोर्ट इस झंझट में नहीं पड़ना चाहता था।

यह पहली बार नहीं होगा जब अमेरिकी सरकार को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद टैरिफ की वापसी करनी पड़ी हो। साल 1998 के एक फैसले के कारण अमेरिकी कंपनियों को 730 मिलियन डॉलर की वापसी मिली थी, हालांकि इस प्रक्रिया में दो साल लगे थे।टैरिफ हटने के बाद अब यह बात सामने आ रही है कि क्या भारतीय निर्यातकों को रिफंड वापस मिलेगा? कई एक्सपर्ट का मानना है कि उन्हें सीधे तौर पर रिफंड मिलने की संभावना बहुत कम है।

इसकी वजह यह है कि टैरिफ का भुगतान भारतीय निर्यातकों ने नहीं बल्कि अमेरिकी आयातकों ने अमेरिकी सरकार को किया था। दरअसल, जब कोई अमेरिकी कंपनी भारत से सामान मंगाती है तो वही कंपनी अमेरिकी कस्टम विभाग को टैरिफ चुकाती है। बाद में यह अतिरिक्त लागत अमेरिकी उपभोक्ताओं से वसूली जाती है। ऐसे में अगर रिफंड की कोई प्रक्रिया शुरू होती भी है, तो उसका लाभ भारतीय निर्यातकों को ना मिलकर अमेरिकी आयातकों को मिलेगा। अब अमेरिकी कोर्ट ने भले ही टैरिफ को अवैध घोषित कर दिया गया हो, लेकिन उस अवधि में भारतीय निर्यातकों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए अमेरिका में कोई स्पष्ट कानूनी प्रावधान मौजूद नहीं है।

# बड़े कॉरपोरेट रहे चुप, एक खिलौना कारोबारी ने ट्रंप से लिया लोहा; जानें रिक वोल्डेनबर्ग कौन हैं?

वॉशिंगटन,21 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका में जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति पर राजनीतिक बयानबाजी तेज थी और बड़े कॉरपोरेट घराने खामोश थे, तब एक खिलौना कारोबारी ने सीधे सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। यह कहानी किसी बड़े उद्योगपति की नहीं, बल्कि एक पारिवारिक कंपनी चलाने वाले सीईओ की है, जिसने माना कि नीति गलत है तो उसका विरोध होगा।




फिर वो लड़ाई चाहे देश की सरकार या फिर राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ ही क्यो न हो। ट्रंप के टैरिफ के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले कोई और नहीं बल्कि रिक वोल्डेनबर्ग है। वोल्डेनबर्ग का कहना था कि यह सिर्फ व्यापार का मामला नहीं, बल्कि पीढ़ियों से खड़े किए गए कारोबार के अस्तित्व की लड़ाई थी। रिक वोल्डेनबर्ग शिकागो के पास स्थित शैक्षणिक खिलौना कंपनी लर्निंग रिसोर्सेज के सीईओ हैं। उनकी कंपनी की स्थापना उनकी मां ने की थी। 'लिबरेशन डे' टैरिफ की घोषणा के कुछ ही दिनों के भीतर उन्होंने वकीलों से संपर्क किया और राष्ट्रपति के फैसले को अदालत में चुनौती दी। उनका आरोप था कि आईईईपीए कानून के तहत लगाए गए टैरिफ छोटे और मध्यम उद्योगों पर भारी बोझ डाल रहे हैं, जबकि बड़ी कंपनियां लॉबिंग और संसाधनों के दम पर खुद को बचा लेती हैं।

**एक खिलौने से भड़की चिंगारी**

कंपनी का लोकप्रिय उत्पाद 'बबल प्लश योगा बॉल बडीज' इस विवाद का प्रतीक बन गया। पहले चीन में उत्पादन हुआ, फिर भारत में शिफ्ट किया गया। उसके बाद अचानक नए टैरिफ लागू हो गए। एक शिपमेंट पर कंपनी को लगभग 50,000 डॉलर अतिरिक्त शुल्क देना पड़ा। वोल्डेनबर्ग ने कहा कि उत्पादन को बार-बार देशों में बदलना पड़ा, जैसे कंपनी भटकती फिर रही हो। इस कानूनी लड़ाई में बड़े अमेरिकी कॉरपोरेट आगे नहीं आए। जानकारों का कहना है कि बड़ी कंपनियों के पास नकदी भंडार और सप्लाई चेन प्रबंधन की क्षमता होती है। वे अदालत के बजाय लॉबिंग का रास्ता अपनाती हैं। इसके उलट, दर्जनों छोटे कारोबारियों और कुछ गैर-लाभकारी संगठनों ने वोल्डेनबर्ग का समर्थन किया। और कोर्ट में ही लड़ाई लड़ी।

**सुप्रीम कोर्ट में क्या था दांव?**

वोल्डेनबर्ग और अन्य कंपनियों ने दलील दी कि 1977 का आईईईपीए कानून राष्ट्रपति को व्यापक टैरिफ लगाने की अनुमति नहीं देता। कई निचली अदालतों ने भी माना कि टैरिफ कानूनी सीमा से बाहर थे। इस मामले में अरबों डॉलर के व्यापार और संभावित 100 अरब डॉलर से अधिक रिफंड का सवाल जुड़ा था। फैसला सिर्फ एक कंपनी के लिए नहीं, बल्कि पूरे कारोबारी तंत्र के लिए अहम माना गया।रिक वोल्डेनबर्ग ने स्वीकार किया कि उनकी कानूनी फीस लाखों डॉलर तक पहुंच गई है।

उन्होंने इसे जरूरी निवेश बताया। उनका कहना है कि अमेरिका के लाखों छोटे व्यवसाय इसी तरह की स्थिति से जूझ रहे हैं, लेकिन बहुत कम लोग सीधे राष्ट्रपति के फैसले को अदालत में चुनौती देने का जोखिम उठाते हैं। इसी वजह से वोल्डेनबर्ग का नाम इस लड़ाई में अलग पहचान बना सका।




**मुंबई पेंट इंडिया एग्जीबिशन मैं शेटोट्टी पेंट ने अपना स्टॉल लगाया जहां देश-विदेश के लोग आए और सभी प्रोडक्ट की सराहना की**

# फेल रही ट्रंप की टैरिफ नीति?: अमेरिका ने लगाया भारी शुल्क फिर भी भारत से व्यापार घाटा 58.2 अरब डॉलर तक बढ़ा




नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत तक उच्च टैरिफ लगाने के बावजूद अमेरिका का भारत के साथ व्यापार घाटा बढ़कर 2025 में 58.2 अरब डॉलर हो गया। यह पहले 45.7 अरब डॉलर के करीब था। इस बात की जानकारी अमेरिकी सरकार ने टैरिफ पर तेज होती हलचल के बीच शनिवार को दी। बता दें कि अमेरिका का दिसंबर 2025 में कुल व्यापार घाटा (वस्तु और सेवा) 70.3 अरब डॉलर रहा, जो नवंबर में 53 अरब डॉलर था। वहीं, दिसंबर में भारत के साथ व्यापार घाटा 5.2 अरब डॉलर रहा।

पूरे साल 2025 के लिए अमेरिका का कुल व्यापार घाटा 901.5 अरब डॉलर रहा, जबकि 2024 में यह 903.5 अरब डॉलर था। इस दौरान अमेरिकी निर्यात 199.8 अरब डॉलर बढ़कर 3,432.3 अरब डॉलर हो गया और आयात 197.8 अरब डॉलर बढ़कर 4,333.8 अरब डॉलर पहुंच गया।

**अब समझिए वस्तु और सेवा का अंतर**

वस्तुओं के व्यापार में घाटा 25.5 अरब डॉलर बढ़कर 1,240.9 अरब डॉलर हो गया। वहीं, सेवाओं में अधिशेष 27.6 अरब डॉलर बढ़कर 339.5 अरब डॉलर रहा। 2025 में अमेरिका का व्यापार घाटा अन्य देशों के साथ इस प्रकार रहा-

यूरोपीय यूनियनः 218.8 अरब डॉलर
चीनः 202.1 अरब डॉलर
मैक्सिकोः 196.9 अरब डॉलर
वियतनामः 178.2 अरब डॉलर
ताइवानः 146.8 अरब डॉलर

**सुप्रीम कोर्ट ने रद्द किया अमेरिकी टैरिफ**

बता दें कि ये पूरा मामला तब सामने आया जब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप के लगाए गए टैरिफ को गैर-कानूनी बताते हुए रद्द कर दिया। लेकिन इसके तुरंत बाद ट्रंप ने धारा 122 का इस्तेमाल करते हुए 150 दिनों के लिए अमेरिका में आयातित सामान पर 10 प्रतिशत अस्थायी टैरिफ लगा दिया। यह टैरिफ 24 फरवरी से लागू होगा। व्हाइट हाउस की फैक्टशीट के मुताबिक, व्यापार अधिनियम 1974 की धारा 122 के तहत राष्ट्रपति कुछ आधारभूत अंतरराष्ट्रीय भुगतान समस्याओं (जैसे व्यापार घाटा) को कम करने के लिए सरचार्ज और अन्य आयात प्रतिबंध लगा सकते हैं।व्हाइट हाउस की ओर से जारी फैक्टशीट के अनुसार, कुछ जरूरी और महत्वपूर्ण वस्तुओं पर यह टैरिफ लागू नहीं होगा। इनमें शामिल हैं-

ऊर्जा और ऊर्जा उत्पाद प्राकृतिक संसाधन और उर्वरक कृषि उत्पाद फार्मास्यूटिकल्स और संबंधित सामग्री कुछ इलेक्ट्रॉनिक्स और यात्री वाहन।

# बैंगलुरु से गोवा सिर्फ 13 घंटे में! रेलवे ने किया कोस्टल वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का प्रस्ताव



नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। देश में तेज रफ्तार रेल नेटवर्क के विस्तार के बीच, रेल मंत्रालय ने बेंगलुरु और गोवा के बीच नई वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने का प्रस्ताव तैयार किया है।

इस प्रस्ताव के तहत ट्रेन बेंगलुरु के यशवंतपुर स्टेशन से गोवा के मडगांव स्टेशन तक लगभग 13 घंटे में यात्रा पूरी करेगी। यह ट्रेन मंगलुरु रेल मंडल के मार्ग से संचालित की जाएगी, जिससे तटीय कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी। प्रस्तावित शेड्यूल में बताया गया है कि ट्रेन सुबह 6:05 बजे यशवंतपुर से रवाना होकर शाम 7:15 बजे मडगांव पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन सुबह 5:30 बजे मडगांव से चलेगी और शाम 6:40 बजे यशवंतपुर पहुंचेगी। इस समय-सारिणी से यात्रियों को दिनभर में आरामदायक और तेज यात्रा का विकल्प मिलेगा।यात्रा समय कम करने के उद्देश्य से ट्रेन मंगलुरु जंक्शन और मंगलुरु सेंट्रल स्टेशनों पर नहीं रुकेगी। इसे पदिल बायपास मार्ग से चलाया जाएगा। दक्षिण पश्चिम रेलवे के अनुसार, यह निर्णय ट्रेन की कुल अवधि कम करने और संचालन को अधिक कुशल बनाने के लिए लिया गया है। दक्षिण पश्चिम रेलवे ने कुछ सेक्शनों पर अधिकतम गति सीमा बढ़ाने का भी प्रस्ताव रखा है। चिक्कबनावरा से हासन के बीच स्पीड 110 किमी/घंटा से बढ़ाकर 130 किमी/घंटा की जा सकती है। सकलेशपुर–सुब्रह्मण्य रोड घाट सेक्शन में गति 30 किमी/घंटा से बढ़ाकर 40 किमी/घंटा करने की योजना है। इन बदलावों से यात्रा समय में और कमी आने की संभावना है।इस बीच, 16 फरवरी को गुजरात और राजस्थान के बीच असरवा-उदयपुर सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस का उद्घाटन किया गया। यह ट्रेन 18 फरवरी से नियमित रूप से संचालित हो रही है। ट्रेन संख्या 26964 असरवा (अहमदाबाद) से शाम 5:45 बजे रवाना होकर रात 10:00 बजे उदयपुर सिटी पहुंचती है। यह सेवा सप्ताह में छह दिन (मंगलवार को छोड़कर) उपलब्ध है। ट्रेन संख्या 26963 उदयपुर सिटी से सुबह 6:10 बजे चलकर सुबह 10:25 बजे असरवा पहुंचती है।इस वंदे भारत ट्रेन में यात्रियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनमें रिक्लाइनिंग सीटें, स्वचालित दरवाजे, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट, बायो-टॉयलेट और सीसीटीवी कैमरे शामिल हैं। यह ट्रेन तेज, सुरक्षित और विश्वस्तरीय यात्रा अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार की गई है।

# एआई आने से इंसानों की जगह नहीं लेगी मशीन', सिस्को के अधिकारी ने बताया कैसे बदलेंगे रोजगार के मौके




नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के तेजी से बढ़ते उपयोग के बीच कॉरपोरेट जगत और आम लोगों में यह डर सता रहा है कि क्या मशीनें इंसानों की जगह ले लेंगी? सिस्को के प्रेसिडेंट और चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर जीतू पटेल ने इन चिंताओं को पूरी तरह खारिज कर दिया है। उनका मानना है कि एआई इंसानों को बेमानी नहीं बनाएगा, बल्कि यह मानवीय क्षमता और मूल्य को और बढ़ाएगा।

**एआई और मानवीय समझ का तालमेल**

पटेल के अनुसार, असली कामयाबी तब मिलती है जब इंसानी समझ और निर्णय लेने की क्षमता को एआई के ऑटोमेशन के साथ मिलाया जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चैटबॉट से लेकर ऑटोनॉमस एजेंट तक, एआई सिस्टम तेजी से उन्नत हो रहे हैं, लेकिन इन्हें इंसानी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, न कि उन्हें बदलने के लिए। पटेल ने अपनी मां के अस्पताल में भर्ती होने का उदाहरण देते हुए कहा कि कोई भी एआई किसी नर्स की जगह नहीं ले सकता। इंसानों में प्यार, समझ और देखभाल की बुनियादी जरूरत होती है, जिसे कोई मशीन पूरा नहीं कर सकती है।

**रोजगार और नए उद्योगों पर असर**

ऑटोमेशन के कारण नौकरियों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर पटेल ने माना कि काम का तरीका बदलेगा और कुछ पुरानी नौकरियां खत्म हो सकती हैं। हालांकि, उन्होंने आश्वस्त किया कि हर नौकरी का स्वरूप बदलेगा और एआई के कारण पूरी तरह से नए उद्योग और अवसर पैदा होंगे। मशीनें सहानुभूति, रचनात्मकता और समाज में योगदान देने की इंसानी फितरत की नकल नहीं कर सकती हैं। कार्यस्थलों पर एआई 'डिजिटल सहकर्मियों' के रूप में काम करेगा। इंसान अब उच्च-स्तरीय निर्णय लेने, रचनात्मकता और समस्याओं को सुलझाने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। जीवन को केवल 'समुद्र तट को घूरने' तक सीमित कर देना जीवन के उद्देश्य को ही चुनौती देगा, क्योंकि इंसानों में स्वभाव से ही कुछ नया बनाने और समाज में मूल्य जोड़ने की जन्मजात इच्छा होती है।

वर्तमान में दुनिया एआई के दूसरे प्रमुख चरण में प्रवेश कर चुकी है, जबकि पहला चरण चैटबॉट्स का था जो बुद्धिमानी से सवालों के जवाब देते थे और यह किसी जादू जैसा लगता था। पटेल ने कहा कि इंसान किसी भी नई और जादुई लगने वाली तकनीक को बहुत जल्दी सामान्य मान लेते हैं। उन्होंने सैन फ्रांसिस्को में वेमो की सेल्फ-ड्राइविंग कारों का उदाहरण देते हुए बताया कि पहली बार यह अनुभव हैरान करने वाला होता है। दूसरी बार बैठने पर इंसान डिस्ट्रैक्ट होकर ईमेल करने लगता है, और तीसरी बार तक कार की सीटों की शिकायत करने लगता है।

# शेयर बाजार में रॉकेट से भागे डिफेंस स्टॉक

## खरीदने के लिए मची अफरा-तफरी; क्या है तेजी की वजह?




नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। बीते हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को डिफेंस शेयरों में गजब का उछाल देखने को मिला।डेटा पैटर्न्स (इंडिया) से लेकर भारत डायनेमिक्स जैसे कई और दूसरे डिफेंस स्टॉक 9 परसेंट तक उछल गए।डेटा पैटर्न्स (इंडिया) के शेयर सबसे ज्यादा 9 परसेंट की बढ़त के साथ दिन के सबसे हाई लेवल 3190 रुपये पर पहुंच गए, जो इसके पिछले बंद भाव 2,909.90 रुपये से ज्यादा है।वहीं, भारत डायनेमिक्स के शेयर 3.14 परसेंट की तेजी के साथ 1,314.55 रुपये पर पहुंच गए।डिफेंस शेयरों में आई इस तेजी की वजह राफेल फाइटर जेट को लेकर भारत और फ्रांस के बीच हुआ करार है।

**दोनों देशों के बीच क्या हुई डील?**

भारत के अपने तीन दिन के दौरे में फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने कन्फर्म किया कि भारत और फ्रांस दोनों देश मिलकर डिफेंस कोऑपरेशन के दौर में कदम रख रहे हैं।रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, फ्रांस के प्रेसिडेंट इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि इस नए दौर में भारत पर हेलीकॉप्टर और राफेल जेट को मिलकर बनाने का प्लान है।जी हां, भारत और फ्रांस दोनों देश मिलकर नए जमाने के इंजन, फाइटर जेट, पनडुब्बियां, मल्टी-रोल हेलीकॉप्टर बनाने पर काम कर रहे हैं।मैक्रों ने आगे कहा कि भारत को सबमरीन बेचने की भी फ्रांस को उम्मीद है।इसके अलावा, भारत की डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल से मिली मंजूरी से भी उम्मीद बढ़ी है, जिसने 3.25 लाख करोड़ की डील में 114 राफेल जेट खरीदने का जिक्र है।यह देश के डिफेंस सेक्टर को मजबूत बनाने की दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम है।

**डिफेंस स्टॉक में तेजी की यह भी वजह**

डिफेंस स्टॉक्स में तेजी की एक और वजह अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव भी है।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को न्यूक्लियर डील करने के लिए 10-15 दिन का वक्त दिया है, नहीं तो गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है।इस बीच, अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस अब्राहम लिंकन और 3 युद्धपोत मिडिल ईस्ट पहुंच गए हैं।गुरुवार को रूस के साथ ईरान ने भी मिलिट्री डील की।

# दैनिक पंचांग

**गृह गोचर**




| गृह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सुर्य | कुंभ | मे |
| चंद्र | मेष | मे |
| मंगल | मकर | मे |
| बुध | कुंभ | मे |
| गुरु | मिथुन | मे |
| शुक्र | कुंभ | मे |
| शनि | मीन | मे |
| राहु | कुंभ | मे |
| केतु | सिंह | मे |

| लग्नारभ समय | |
|---|---|
| कुंभ.... | 05-10 बजे |
| मीन.... | 06-10 बजे |
| मेष..... | 07-49 बजे |
| वृष.... | 09-25 बजे |
| मिथुन.. | 11-09 बजे |
| कर्क... | 13-09 बजे |
| सिंह--- | 15-22 बजे |
| कन्या-- | 17-34 बजे |
| तुला---- | 19-41 बजे |
| वृश्चिक.. | 21-46 बजे |
| धनु..... | 23-56 बजे |
| मकर... | 02-09 बजे |

श्री सिद्धार्थी (विश्वावसु) नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे /दक्षिण , ऋतु- बसंत
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि - 432000 सूर्योदय 06-43
भोग्य कलि वर्ष. - 426874 सूर्यास्त. 18 -16
कलियुग संवत् - 5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् - 1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् - 1955885126
दिशाशूल - पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
मास - फाल्गुन शुक्ल पक्ष रविवार 22 February 2026
तिथि - पंचमी 11-10 तक उपरान्त षष्ठी
नक्षत्र - अश्विनी 17-54 तक उप भरणी
योग - शुक्ल 13-08 तक उप. ब्रह्म
करण - बालव 11-10 तक. कौलव
सर्वार्थ सिद्धि योग 07-12 से
गण्ड मूल नक्षत्र 17-54 तक

विशेषः- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका हमें दिखावे व पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

**राहुकाल 16-52 से 18-19 तक**

**पं.महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | रात का चौघड़िया |
|---|---|
| उत्पात 06-43 - 08-08 अशुभ | शुभ। 17-39 - 19-52 शुभ |
| चंचल 08-08 - 09-35 शुभ | अमृत 19-52 - 21-24 शुभ |
| लाभ 09-35 - 11-02 शुभ | चंचल 21-24 - 22-57 शुभ |
| अमृत 11-02 - 12-30 शुभ | रोग 22-57 - 00-29 अशुभ |
| काल 12-30 - 13-57 अशुभ | काल 00-29 - 02-02 अशुभ |
| शुभ 13-57 - 15-25 शुभ | लाभ 02-02 - 03-35 शुभ |
| रोग 15-25 - 16-52 अशुभ | उत्पात 03-35 - 05-07 अशुभ |
| उत्पात 16-52 - 18-16 अशुभ | शुभ 05-07 - 06-19- शुभ |

# आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
काम पर संबंधों को बेहतर बनाने में मदद मिलती है, जबकि तेज विश्लेषणात्मक कौशल आपको विस्तार से ध्यान केंद्रित करने में मदद करते हैं। तार्किक सोच और सावधानीपूर्वक योजना बनाना प्रगति लाता है, लेकिन नियंत्रण करने की इच्छा से बचें। इसके बजाय, अपनी तीव्रता को विचारशील संचार में लगाएं, स्पष्टता और प्रभाव के साथ बोलने या लिखने की अपनी क्षमता को मजबूत करें। दृढ़, विचारशील रुख अपनाएं।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आपकी रचनात्मकता उच्च है, लेकिन ध्यान केंद्रित रखने के लिए अनुशासन की आवश्यकता है। आप कई बार खुद को असंगत महसूस कर सकते हैं, इसलिए असफलताओं से बचने के लिए शारीरिक संतुलन बनाए रखें। कठोरता की ओर झुकाव सामने आ सकता है, इसलिए जागरूकता और सहानुभूति के साथ आगे बढ़ें। अपनी ऊर्जा को रचनात्मक रूप से चैनल करें और आप अपने करियर में स्थिर विकास देखेंगे।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आपकी भावनात्मक संवेदनशीलता आज आपके करियर को प्रभावित कर सकती है, जिसके लिए नाजुक स्वास्थ्य मामलों का सावधानीपूर्वक प्रबंधन करना आवश्यक है। आज आपकी जीवन शक्ति में वृद्धि होगी, जो रचनात्मक ऊर्जा को प्रोत्साहित करेगी। हालाँकि, दिन चुनौतियों को प्रस्तुत कर सकता है।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आत्मविश्वास और भावनात्मक संतुलन के मेल से आपका कार्य जीवन सुचारू रूप से चलता रहेगा। आप केंद्रित और स्पष्ट सोच महसूस करेंगे, जिससे कार्यों को निपटाना और समस्याओं का समाधान करना आसान हो जाएगा। यह आंतरिक सामंजस्य उत्पादक सहयोग और निर्णय लेने में सहायक होता है।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आपका आत्मविश्वास और रचनात्मकता आपको काम और पढ़ाई में आगे बढ़ने में मदद करती है। अनुशासन आपको केंद्रित रखता है, जबकि ऊर्जा का विस्फोट आपको कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करता है। आज आपके पास महान चीजें हासिल करने की प्रेरणा है। सतर्क रहें और जल्दबाजी से बचें। सावधानीपूर्वक प्रयास से, आप अपने लक्ष्यों की ओर मजबूत प्रगति कर सकते हैं।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आज आप अपनी रचनात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़कर दूसरों से अलग दिखने के लिए प्रेरित हैं। कार्यस्थल पर रिश्ते मददगार साबित हो सकते हैं। अपने दीर्घकालिक लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित रखें और उन विकर्षणों से बचें जो आपको अपने लक्ष्य से भटका सकते हैं। दूसरों से प्रेरणा लेकर खुद को प्रेरित करें और अपनी व्यक्तिगत दिशा को नज़रअंदाज़ न करें।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
संतुलन और संयम से आपकी सेहत को लाभ मिलता है। हृदय और रक्त संचार स्वास्थ्य के प्रति सक्रिय रहें। कैफीन, नमक और कोलेस्ट्रॉल बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन सीमित करें। अपने भोजन में कैल्शियम युक्त विकल्प शामिल करें। अपने शरीर के एसिड/क्षारीय संतुलन का समर्थन करें और नसों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
जैसे-जैसे आपकी ऊर्जा और दृढ़ संकल्प बढ़ता है, आपका करियर और पढ़ाई गति पकड़ती है। आप दृढ़ निश्चयी हैं और अवसरों का लाभ उठाने के लिए उत्सुक हैं, जिससे यह लक्ष्य निर्धारण और त्वरित कार्रवाई के लिए एक मज़बूत समय है। मानसिक स्पष्टता और तीक्ष्ण संवाद आपको परिस्थितियों का शीघ्र आकलन करने और आत्मविश्वास से प्रतिक्रिया देने में मदद करते हैं।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आज का दिन आपके काम के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करता है। आज आपका आत्मविश्वास और उत्साह बढ़ा हुआ रहेगा। आप खुद को गहरी दूरदर्शिता के साथ पाएंगे, अक्सर सही समय पर सही जगह पर। हालाँकि, खुद को दूसरों के नियंत्रण से दूर रखें। आपकी सफल संचार कौशल चमकेगी, जिससे आपको अपने लक्ष्यों पर टिके रहने में मदद मिलेगी।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आज आपके कार्य जीवन में अंतर्ज्ञान और अनुकूलनशीलता का लाभ मिलेगा। आप पाएंगे कि संचार प्रवाह आसानी से प्रवाहित होता है, जिससे आपको दूसरों से जुड़ने में मदद मिलती है। तीव्र भावनाएँ उभर सकती हैं, लेकिन ज़मीन पर टिके रहने से आपको उन्हें संभालने में मदद मिलेगी।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज आपका करियर स्थिर और अप्रत्याशित दोनों लग सकता है। आपको बदलते कार्यों के साथ लचीले बने रहने के साथ-साथ कार्यस्थल के संबंधों को पोषित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। अप्रत्याशित घटनाक्रम सामने आ सकते हैं, लेकिन आपका दृढ़ संकल्प आपको ट्रैक पर बने रहने में मदद करेगा।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आज, आप सुरक्षात्मक और भावनात्मक रूप से जागरूक दोनों महसूस कर सकते हैं। जब आप साधन संपन्न होते हैं, तो आत्म-दया के क्षण आ सकते हैं। एक स्थिर, सतर्क मानसिकता आपको परिवर्तन को नेविगेट करने में मदद करती है, हालांकि लचीलापन एक चुनौती हो सकती है। आपके लक्ष्य स्पष्ट महसूस करते हैं।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**



# सीएम भजनलाल का बड़ा फैसला : टॉप आईएएस अफसरों की 'कॉल सेंटर' पर लगाई ड्यूटी



जयपुर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में जनसुनवाई के तरीके को पूरी तरह बदलते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के 35 सीनियर आईएएस अधिकारियों को मैदान में उतारा है। अब सचिव से लेकर अपर मुख्य सचिव रैंक के अधिकारी सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क कॉल सेंटर 181 पर तैनात रहेंगे। ये अधिकारी न केवल कॉल रिसीव करेंगे, बल्कि सीधे जनता की समस्याएं सुनकर मौके पर ही उनके समाधान के निर्देश देंगे।

**35 सीनियर अफसर और '10 कॉल' का फॉर्मूला**

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने इसके आधिकारिक आदेश जारी कर दिए हैं।

ड्यूटी रोस्टरः 35 वरिष्ठ अधिकारियों की अलग-अलग दिन ड्यूटी लगाई गई है।

अनिवार्यताः हर अधिकारी को अपनी शिफ्ट के दौरान कम से कम 10 कॉल रिसीव करने होंगे।

फीडबैकः अधिकारी न केवल नई शिकायतें सुनेंगे, बल्कि पोर्टल पर लंबित पुरानी शिकायतों के समाधान की भी व्यक्तिगत रूप से मॉनिटरिंग करेंगे।

4 मार्च से शुरू होगा विशेष अभियान

यह विशेष पहल 4 मार्च 2026 से शुरू होकर 28 मई 2026 तक एक अभियान के रूप में चलेगी। इस दौरान अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि संपर्क पोर्टल पर जो शिकायतें लंबे समय से अटकी हुई हैं, उनका निपटारा तुरंत हो।

एसीएस कुलदीप रांका, संदीप वर्मा, अभय कुमार, शिखर अग्रवाल और अपर्णा अरोड़ा जैसे बड़े नाम भी इस ड्यूटी रोस्टर में शामिल हैं।

**मुख्यमंत्री का 'सरप्राइज इंस्पेक्शन' बना प्रेरणा**


पिछले कुछ हफ्तों में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खुद सचिवालय स्थित 181 कॉल सेंटर के कई औचक निरीक्षण किए थे। एक बार तो उन्होंने खुद हेडफोन लगाकर शिकायतकर्ता से बात की और उसे त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री का मानना है कि जब बड़े अधिकारी सीधे जनता से बात करेंगे, तो निचले स्तर का प्रशासन अधिक मुस्तैदी और पारदर्शिता से काम करेगा।

**सुशासन का नया अध्याय**

इस फैसले के पीछे सरकार की मंशा 'पब्लिक फर्स्ट' की नीति को लागू करना है।

जवाबदेहीः अब कलेक्टर और तहसीलदार स्तर के अधिकारियों को पता होगा कि उनकी फाइलें कभी भी ऊपर बैठे सीनियर अधिकारियों की नजर में आ सकती हैं।

# नेता प्रतिपक्ष ने की कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी की तारीफ कहा- उन्हें सीएम या डिप्टी सीएम होना चाहिए था





सवाई माधोपुर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा में हुई कार्यवाही के दौरान एक दिलचस्प राजनीतिक दृश्य देखने को मिला। नेता प्रतिपक्ष रामकेश मीणा ने कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की खुलकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि डॉ. किरोड़ी के कद, संघर्ष और जनाधार को देखते हुए उन्हें मुख्यमंत्री होना चाहिए था। यदि मुख्यमंत्री नहीं तो कम से कम उपमुख्यमंत्री या गृह मंत्री जैसा अहम विभाग उन्हें मिलना चाहिए था।

गंगापुर सिटी विधानसभा से कांग्रेस विधायक और नेता प्रतिपक्ष रामकेश मीणा ने सदन में कहा कि डॉ. किरोड़ी का राजनीतिक जीवन संघर्ष, जनआंदोलनों और संगठन के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि डॉ. किरोड़ी को कृषि मंत्रालय तो दिया गया, लेकिन कृषि विपणन को अलग कर दिया गया। इसी तरह ग्रामीण विकास विभाग दिया गया, पर पंचायती राज को दूसरे विभाग में रख दिया गया।

रामकेश मीणा ने कहा कि डॉ. किरोड़ी को उनके कद और अनुभव के अनुरूप विभाग नहीं दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्वी राजस्थान में भाजपा को मजबूत करने में डॉ. किरोड़ी की अहम भूमिका रही है। पार्टी पर जब-जब संकट आया, वे चट्टान की तरह खड़े रहे।

इस दौरान गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने बीच में टिप्पणी करते हुए कहा कि आप इसलिए प्रशंसा कर रहे हैं ताकि डॉ. किरोड़ी गंगापुर सिटी से चुनाव न लड़ लें। इस पर रामकेश मीणा ने जवाब दिया कि यदि डॉ. किरोड़ी गंगापुर सिटी से चुनाव लड़ना चाहें तो वे अपनी विधायक सीट छोड़ने को भी तैयार हैं। सदन में दिया गया यह बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और प्रदेश की राजनीति में नई हलचल पैदा कर रहा है।

राजनीतिक विश्लेषक इसे संभावित नए समीकरणों के संकेत के रूप में देख रहे हैं। एक विपक्षी नेता द्वारा खुले मंच से सत्तापक्ष के मंत्री की इस तरह प्रशंसा करना पार्टी के भीतर शक्ति संतुलन और क्षेत्रीय नेतृत्व की स्वीकार्यता की ओर इशारा करता है।

विधानसभा परिसर से लेकर सोशल मीडिया तक यह बयान चर्चा का विषय बना हुआ है। डॉ. किरोड़ी के समर्थक इसे उनके बढ़ते प्रभाव का प्रमाण बता रहे हैं, वहीं विरोधी इसे एक रणनीतिक राजनीतिक बयान करार दे रहे हैं।

राजस्थान की सियासत में डॉ. किरोड़ी एक बड़ा नाम माने जाते हैं, और नेता प्रतिपक्ष का यह बयान आने वाले समय में राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित कर सकता है। कांग्रेस और भाजपा, दोनों ही दलों में इस बयान के बाद नई बहस छिड़ गई है।

# कांग्रेस विधायक की गाड़ी की टक्कर से पूर्व सरपंच की मौत, गुस्साए लोगों ने किया हाईवे जाम

बूंदी, 21 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के बूंदी जिले में शनिवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में पूर्व सरपंच की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा जिले के हिण्डोली थाना इलाके में हुआ। जहां तेज रफ्तार एसयूवी ने मोपेड को टक्कर मार दी। हादसे में उमर के पूर्व सरपंच बाबू मोहन सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

जिस एसयूवी से हादसा हुआ, वह खानपुर विधायक सुरेश गुर्जर की थी, जो अपने पीए और गनमैन के साथ जयपुर से खानपुर लौट रहे थे। तभी सुबह करीब 11 बजे पेंच की बावड़ी के पास भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसा इतना जबरदस्त था कि मोपेड के परखच्चे उड़ गए और पूर्व सरपंच ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

**हादसे के बाद फूटा लोगों का गुस्सा**

हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने शव को हाईवे पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। विरोध-प्रदर्शन के चलते हाईवे पर लंबा जाम लग गया। हादसे के बाद इलाके में तनाव का माहौल है।

**कार चालक हिरासत में**

हादसे के बाद विधायक मौके पर रूके। हालांकि, तनावपूर्ण हालात के चलते पुलिस विधायक को अपने साथ हिण्डोली थाने ले गई।

वहीं, पुलिस ने कार चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। विधायक का कहना है कि मोपेड चालक गलत दिशा से आ रहा था। दूसरी ओर गुस्साए लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# बीजेपी युवा मोर्चा ने कांग्रेस मुख्यालय को घेरा

## पुलिस ने रोका तो जमकर हुआ संघर्ष, कई घायल



जयपुर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। राजधानी में शनिवार को कांग्रेस मुख्यालय के पास राजनीतिक माहौल गरमा गया। यहां भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। कार्यकर्ता कांग्रेस मुख्यालय के घेराव के लिए आगे बढ़ रहे थे लेकिन पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें आगे नहीं आने दिया। इस दौरान कुछ कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड पार करने की कोशिश की, जिससे हल्की झड़प हो गई।

युवा मोर्चा के कार्यकर्ता दोपहर करीब 12 बजे शहीद स्मारक पर एकत्र हुए और राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद समूह पैदल मार्च करते हुए युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा की अगुवाई में संसार चंद्र रोड के रास्ते प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय की ओर बढ़ने लगा। पुलिस पहले से सतर्क थी और कार्यालय के पास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी।

कांग्रेस कार्यालय के नजदीक पहुंचने पर पुलिस ने रास्ता बंद कर दिया। कार्यकर्ताओं को रोकने की कोशिश के दौरान कुछ लोग बैरिकेडिंग पर चढ़ने लगे, जिससे मौके पर अफरा-तफरी जैसी स्थिति बन गई। पुलिसकर्मियों और कार्यकर्ताओं के बीच कहासुनी के साथ हल्का धक्का-मुक्की भी हुई, हालांकि स्थिति ज्यादा देर तक तनावपूर्ण नहीं रही और पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित कर लिया।

कांग्रेस पार्टी अपनी राजनीतिक सीमाएं पार कर चुकी है। प्रधानमंत्री का विरोध करते-करते कांग्रेस देश के खिलाफ माहौल बनाने का प्रयास कर रही है और उसे इस मानसिकता से बाहर आना चाहिए।

# कबाड़ गोदाम में आग

## दूर-दूर तक फैला धुएं का गुबार

***जनता में मची अफरा-तफरी***

भिवाड़ी, 21 फरवरी (एजेंसियां)। भिवाड़ी में शनिवार सुबह-सुबह एक कबाड़ गोदाम में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इसके बाद धमाके होने लगे। जिसके बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। भिवाड़ी में सुबह करीब 5 बजे के फूलबाग क्षेत्र के औद्योगिक इलाके के चैम्पियन चौक के पास स्थित कबाड़ के गोदाम में आग लग गई। आग ने कुछ देर में विकराल रुप धारण कर लिया। दूर से आग और धुआं दूर नजर आने लगा। धमाकों की आवाज से आवासीय क्षेत्र से मची अफरा-तफरी ।

# पीएम मोदी के राजस्थान दौरे से पहले 'सियासी वार'

## गहलोत ने उठाया रिफाइनरी और पंचायत चुनाव का मुद्दा



जोधपुर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 फरवरी को राजस्थान आ रहे हैं। पीएम मोदी के अजमेर दौरे से पहले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रिफाइनरी उद्घाटन का मुद्दा उठाया। रिफाइनरी परियोजना को लेकर उन्होंने कहा कि गृह मंत्री के जोधपुर दौरे के बावजूद उद्घाटन की तारीख स्पष्ट नहीं है। प्रधानमंत्री से उद्घाटन क्यों नहीं करवाया जा रहा? बार-बार तिथियां घोषित होती हैं, लेकिन परियोजना शुरू नहीं होती।

जोधपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजस्थान में जनहित की योजनाएं ठप पड़ी हैं और सरकार विकास के बजाय राजनीतिक एजेंडे पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि नगर निकाय और पंचायत चुनावों पर उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट स्पष्ट कर चुके हैं कि स्थानीय चुनाव समय पर होना संवैधानिक दायित्व है। इसके बावजूद राज्य सरकार चुनाव टाल रही है।

राज्य बजट पर गहलोत ने कहा कि मारवाड़ और जोधपुर की अनदेखी की गई है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने राजीव गांधी लिफ्ट कैनाल के थर्ड फेज पर 1400 करोड़ रुपए खर्च किए थे। इससे जोधपुर और आसपास के गांवों को पेयजल उपलब्ध होना था। अब परियोजना की रफ्तार धीमी पड़ गई है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र के भरोसे रहते तो यह योजना शुरू भी नहीं हो पाती।

तैयार इमारतें, खाली पद

गहलोत ने कहा कि जोधपुर में लाइब्रेरी, अस्पताल और विश्वविद्यालयों की शानदार इमारतें बनी हैं, लेकिन स्टाफ और संसाधनों की कमी है। मगरा पूंजला अस्पताल की नई बिल्डिंग तैयार है, पर डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ की नियुक्ति नहीं हुई। कई संस्थान अधूरे संचालन के कारण प्रभावित हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि बुजुर्गों की पेंशन, छात्राओं की स्कूटी योजना और छात्रवृत्तियां बंद पड़ी हैं।

# पकड़ा गया 'नकली लॉरेंस विश्नोई', कर रहा था खतरनाक काम, कारनामा देखकर पुलिस भी हैरान



जोधपुर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई और उसकी गैंग के बहुत से बदमाशों पर अलग-अलग राज्यों की पुलिस ने नकेल कस रखी है, लेकिन उसके बाद भी लॉरेंस गैंग से ताल्लुक रखने वाले कई गैंगस्टर फरार चल रहे हैं। अक्सर ये गैंगस्टर लॉरेंस या अन्य गैंगस्टर्स के नाम पर रंगदारी करने का प्रयास करते हैं। इसी तरह का एक मामला जोधपुर में सामने आया है। लॉरेंस के नाम पर रंगदारी मांगने वाले एक व्यक्ति को दबोचा गया है। उसकी पड़ताल की तो पता चला कि वह दिहाड़ी मजदूर है, जल्दी लखपति बनने के लिए कारोबारी से पांच लाख की रंगदारी मांगी थी। इस नकली लॉरेंस को जोधपुर पुलिस ने दबोच लिया है। मामला जोधपुर शहर के सरदारपुरा क्षेत्र का है। पुलिस उपायुक्त विनीत बंसल ने बताया कि पकड़े गए आरोपी का नाम झंवर निवासी लादूराम उर्फ लादेन है। वह दिहाड़ी मजदूरी करता है। उसने कुछ दिन पहले एक कारोबारी को पांच लाख रुपए की रंगदारी के लिए लॉरेंस के नाम पर धमकाया था। पुलिस को सूचना मिली तो पुलिस टीम ने चुनौती लेते हुए काम किया। डर था कि कहीं वास्तव में कोई बड़ा गैंगस्टर निकल आया तो मामला बढ़ सकता है। लेकिन जब जांच की और कड़ियां जोड़ते हुए मुख्य आरोपी तक पुलिस पहुंची तब जाकर राहत की सांस ली।

# कानून को 'किला' नहीं, 'मंच' बनाएं युवा न्यायविद न्याय में हो स्थिरता के साथ जीवंतता : सीजेआई सूर्यकांत



जोधपुर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत ने युवा न्यायविदों को प्रेरक संदेश देते हुए कहा कि कानून को 'किला' नहीं बल्कि 'मंच' बनाना होगा, जहां विचारों का आदान-प्रदान हो, संवाद हो और समाज के बदलते स्वरूप के साथ न्याय व्यवस्था भी जीवंत बनी रहे। सीजेआई ने स्पष्ट किया कि किला स्थिरता का प्रतीक जरूर है, लेकिन कानून में संवेदनशीलता और गतिशीलता दोनों अनिवार्य हैं।

सीजेआई जोधपुर में शनिवार को आयोजित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के 18वें दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले भावी अधिवक्ताओं और कानून विशेषज्ञों को संबोधित करते हुए न्याय की अवधारणा को बदलने का आह्वान किया। जस्टिस सूर्यकांत ने जोधपुर के ऐतिहासिक मेहरानगढ़ किले का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह एक किला सुरक्षा के लिए खड़ा रहता है, उसी तरह कानून को केवल समाज की रक्षा का 'किला' बनकर नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे एक ऐसे 'मंच' में तब्दील होना चाहिए, जहां हर व्यक्ति को अपनी बात कहने और अधिकार मांगने की जगह मिले।

दीक्षांत भाषण 'फ्रॉम फोर्ट्रेस टू फोरम – लॉ इन एन अनफिनिश्ड रिपब्लिक' विषय पर केंद्रित था। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि कानून का शुरुआती उद्देश्य समाज को अराजकता से बचाना था, जो एक किले की तरह सुरक्षा प्रदान करता था। लेकिन एक संवैधानिक लोकतंत्र में कानून की भूमिका इससे कहीं बड़ी है। उन्होंने जोर दिया कि कानून एक ऐसा स्थान होना चाहिए, जहां मतभेदों पर बहस हो, अधिकारों को स्पष्ट किया जाए और सत्ता के साथ तर्क किया जा सके। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि मेहरानगढ़ अपनी शक्ति की याद दिलाता है, लेकिन एक किला स्थिर रहता है, जबकि एक मंच भागीदारी से जीवंत होता है। आपकी वकालत दरवाजे खोलने वाली होनी चाहिए, न कि दीवारें खड़ी करने वाली। चीफ जस्टिस ने न्यायपालिका के सामने मौजूद आधुनिक चुनौतियों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज के युग में कानून केवल अदालतों तक सीमित नहीं है। तकनीकी प्रगति, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच न्याय की परिभाषा विस्तृत हुई है।

# सॉस फैक्टरी से 7600 किलो अनसेफ सॉस जब्त

## मिलावट के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग का एक्शन



अजमेर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। अजमेर जिले में शुद्ध आहार मिलावट के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सॉस फैक्टरी से 7600 किलोग्राम सॉस जब्त किया है। यह कार्रवाई आमजन की सेहत से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त संदेश मानी जा रही है। अजमेर जिले में यह अभियान डॉ. टी. शुभमंगला, आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, जयपुर के आदेशों तथा डॉ. ज्योत्सना रंगा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अजमेर के निर्देशों की अनुपालना में चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी केसरी नंदन शर्मा और राजेश कुमार त्रिपाठी ने पालरा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित मैसर्स डी.के.एस. फूड्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्नेक सॉस (एपिक ब्रांड) के संबंध में कार्रवाई की गई, जिसे पूर्व में जयपुर मुख्यालय द्वारा अनसेफ घोषित किया जा चुका है। मौके पर उक्त ब्रांड के दो नमूने लिए गए, जबकि शेष 7600 किलोग्राम सॉस को जांच रिपोर्ट आने तक बिक्री से रोक दिया गया। विभाग ने स्पष्ट किया कि इससे पहले जयपुर में इसी ब्रांड की सॉस का एक नमूना जांच में अनसेफ पाया गया था, जिसके बाद संबंधित बैच को बाजार से रिकॉल करने के निर्देश जारी किए गए थे।

फैक्टरी निरीक्षण के दौरान कई गंभीर खामियां भी सामने आईं। मौके पर फूड हैंडलर्स के मेडिकल सर्टिफिकेट, पेस्ट कंट्रोल रिकॉर्ड तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं पाए गए। इस पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 32 के तहत नोटिस जारी करने की कार्रवाई की जाएगी। निर्माता को निर्देशित किया गया है कि संबंधित बैच की समस्त सामग्री को थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं से तत्काल प्रभाव से वापस मंगवाया जाए।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने दो टूक कहा है कि आमजन के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मिलावटी और अनसेफ खाद्य सामग्री न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि लोगों की जान के साथ सीधा खिलवाड़ है। विभाग द्वारा जिलेभर में निरीक्षण और नमूनीकरण की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। यह कार्रवाई उन व्यापारियों के लिए स्पष्ट चेतावनी है, जो मुनाफे के लिए जनता की सेहत को दांव पर लगा रहे हैं।

# गुजरात में कार पलटने से एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत, 6 घायल



पाली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। गुजरात के मेहसाणा जिले में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में पाली जिले के एक ही परिवार के पांच लोगों की जान चली गई। इस हादसे में 6 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाने के साथ शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जांच शुरू कर दी गई है। हादसे का शिकार कुमावत परिवार राजस्थान में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद ईको कार से अहमदाबाद के रामोल क्षेत्र लौट रहा था। यह परिवार मूल रूप से पाली से जुड़ा बताया जा रहा है, जो वर्तमान में गुजरात में रह रहा था। रास्ते में ऊंझा के उनावा क्षेत्र के पास कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

इस हादसे में पिता-पुत्र, एक महिला, एक बच्चे और एक बुजुर्ग महिला सहित कुल पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान रामलाल कुमावत, कोमल कुमावत, कैलाश कुमावत, एक बच्चे और एक वृद्ध महिला के रूप में हुई है। वहीं छह घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। उनावा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसा इतना भीषण था कि कार के पिचक गई। दुर्घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने ही पुलिस को सूचना दी और घायलों को वाहन से निकालकर अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

# शेयर मार्केट निवेश के नाम पर 11 लाख की ठगी फेसबुक दोस्त निकला साइबर ठग

अलवर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। अलवर में भाजपा नेता निर्मल सुरा की बेटी हेमलता को फेसबुक दोस्त लोकेश कुमार ने शेयर मार्केट में निवेश के झांसे में लेकर करीब 11 लाख रुपये की ठगी की। आरोपी ने फर्जी दस्तावेज और स्क्रीनशॉट दिखाकर भरोसा बनाया और पैसे ट्रांसफर करवा लिए।

अलवर शहर के शिवाजी पार्क थाना क्षेत्र में शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। भाजपा नेता निर्मल प्रकाश सुरा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी पुत्री हेमलता को एक युवक ने सोशल मीडिया के जरिए झांसे में लेकर करीब 11 लाख रुपये की ठगी कर ली।

हेमलता की फेसबुक पर लोकेश कुमार सक्सेना उर्फ लोकेन्द्र नामक युवक से दोस्ती हुई। आरोपी ने खुद को आगरा निवासी बताया और दावा किया कि वह आईएफएस का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुका है तथा शेयर बाजार का विशेषज्ञ है। उसने सुरक्षित निवेश और भारी मुनाफे का भरोसा दिलाकर हेमलता को निवेश के लिए प्रेरित किया।

शुरुआत में हेमलता ने मना किया, लेकिन आरोपी के लगातार संपर्क और झूठे आश्वासनों के चलते उसने अलग-अलग तारीखों में ऑनलाइन माध्यम से रकम ट्रांसफर कर दी। आरोपी ने पैन कार्ड, आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज भी मंगवाए। जब भी खाते की जानकारी मांगी गई, आरोपी फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाकर लाखों के मुनाफे का दावा करता रहा, लेकिन वास्तविक खाते की जानकारी साझा नहीं की।

पीड़िता के अनुसार आरोपी ने करीब 11 लाख रुपये जमा होने की बात कही, लेकिन रकम वापस मांगने पर टालमटोल करने लगा और बाद में फोन उठाना भी बंद कर दिया। जांच में सामने आया कि आरोपी ने कोटक महिंद्रा बैंक, आगरा शाखा के खाते में रकम डलवाई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एएसआई समरदीन को सौंपी है। पुलिस का कहना है कि साइबर ठगी के इस मामले की गंभीरता से जांच कर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शादी से ठीक पहले दो दुल्हनों ने दी अपनी जान

जोधपुर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। जिले से एक बेहद हृदयविदारक मामला सामने आया है। मणाई गांव में शादी से ठीक एक दिन पहले दो सगी बहनों के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। दोनों की शनिवार को शादी होनी थी, लेकिन उससे पहले ही उन्होंने कथित रूप से जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार मृतक बहनों की पहचान शोभा और विमला के रूप में हुई है। शनिवार को दोनों की शादी तय थी और घर में तैयारियां चल रही थीं। इसी बीच दोनों बहनों के शव मिलने की सूचना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना मिलते ही सूरसागर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने एफएसएल टीम को भी बुलाया, जिसने मौके से साक्ष्य जुटाए। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि दोनों बहनों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की है, हालांकि अंतिम पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी।

दक्षिण मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, सीई/सी-।/एससी, सीई/सी-॥।/एससी & सीई/सी/पीएलजी&एसवाय/एससी कंस्ट्रक्शन आर्गनाइजेशन, द.म. रेलवे, सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित है।

**क्रम सं. 1,** एनआईटी नं.-पीएमएस 01-सीएओ-सी-एससी-2026, दि.19-02-2026, कार्य विवरणःएससीआर कंस्ट्रक्शन आर्गनाइजेशन-चैनेज 77.000 किमी एवं चैनेज किमी 147.500-सिध्दिपेट (छोडकर) & प्रो. कोथापल्ली (छोडकर) स्टेशनों के बीच नई रेलवे बीजी लाइन के निर्माण हेतु परियोजना प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्राधिकृत अभियंता (एथारिटी इंजिनियर) की नियुक्ति करना। विवरणः अनुमानित मूल्य रु.12,95,06,110.00, पूर्व धरोहर राशि रु.7,97,500.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 30 (तीस) महिने, खोलने की तिथिः 26-03-2026 के 15.00 बजे

**क्रम सं. 2,** एनआईटी नं.13--सीएओ-सी-एससी-2026, दि.19-02-2026, कार्य विवरणः एससीआर कंस्ट्रक्शन आर्गनाइजेशनः एर्रुपालेम-नाम्बूर वाया अमरावती के बीच नई बीजी लाइन-।) अमरावती लाइन के इन्टिग्रेशन सहित एर्रुपालेम यार्ड की रिमाडेलिंग, ॥)आईआरएस-0004 विनिर्देशनों नुसार, जीइ के प्रति ब्लैंकेटिंग सहित एर्थवर्क इन फार्मेशन कार्य, ॥।)छोटे पुलों, आरयुबीज का निर्माण, एल.सी. का विस्तार, ।V) प्रस्तावित बीजी ट्रैक को बिछाना व जोडना, पाइंट्स & क्रासिंग्स की एसेम्ब्लिंग व इन्सर्शन, स्टोन बाल्लास्ट की लीडिंग व डम्पिंग, पी.वे सामग्री का परिवहन तथा किमी 0.00 से किमी 3.525 तक एर्रुपालेम (मिलाकर) तथा पेध्दापुरम (छोडकर) स्टेशनों के बीच अन्य छिटपुट कार्य।

**विवरणः** अनुमानित मूल्य रु.36,20,15,783.09, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रु.19,60,100.00,

**कार्य पूरा करने की अवधिः** 15 (पंद्रह) महिने, खोलने की तिथिः 17-03-2026 के 15.00 बजे

**क्रम सं. 3,** एनआईटी नं.इपीसी 02--सीएओ-सी-एससी-2026, दि.17-02-2026, कार्य विवरणः एससीआर कंस्ट्रक्शन आर्गनाइजेशनः आंध्र प्रदेश राज्य के गुंटकल डिवीजन में श्रीकालहस्ती तथा रेणीगुन्टा स्टेशनों के बीच ट्रिपलिंग आफ ट्रैक हेतु अभियांत्रिकीकरण, प्रापण व निर्माण (इपीसी) के लिए ठेका सहित गुडूर- रेणीगुंटा सेक्शन की ट्रिपलिंग के साथ विद्युतीकरण, सिग्नलिंग व दूर संचार विद्युतीकरण एवं तत्संबंधित तीन लाइनों के सूट करने के प्रति कुल जीडीआर-आरयु सेक्शन में 1X25केवी टीएसएस/एसपी/एसएसपी की वृध्दि संबंधित कार्य।

**विवरणः** अनुमानित मूल्य रु.232,55,22,168.52, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रु.1,16,27,600.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 24 (चौबीस) महिने, खोलने की तिथिः 21-04-2026 के 15.00 बजे

**क्रम सं. 4,** एनआईटी नं. 07--सीएओ-सी-एससी-2026, दि.11-02-2026, कार्य विवरणः एससीआर कंस्ट्रक्शन आर्गनाइजेशनः गुंटकल डिवीजन के तिरुपति वेस्ट स्टेशन के पास डीवाय.सीई /जीसी/टीपीटीवाय & सीएसआई/सी/ टीपीटीवाय हेतु कार्यालय का निर्माण करना।

**विवरणः** अनुमानित मूल्य रु.900,11,782.16, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रु.600,100.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 12 (बारह) महिने, खोलने की तिथिः 05-03-2026 के 15.00 बजे

**क्रम सं. 5,** एनआईटी नं. 12--सीएओ-सी-एससी-2026, दि.13-02-2026, कार्य विवरणः एससीआर कंस्ट्रक्शन आर्गनाइजेशनः गुंटकल डिवीजन-अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेणीगुन्टा स्टेशन का विशेष उन्नयन या मेजर अपग्रेडेशन-12.0एम तथा 6.0एम चौडाईयुक्त एफओबी, सीओपीज का निर्माण, प्लेटफार्म्स का सुधार एवं मौजूदा बिल्डिंग्स को यथावत रुप से हटाकर पीएफ नं.4/5 पर बिल्डिंग्स का रिलोकेशन करना।

**विवरणः** अनुमानित मूल्य रु.31,73,84,430.12, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रु.17,36,900.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 18 (अठारह) महिने, खोलने की तिथिः 16-03-2026 के 15.00 बजे

बोली दस्तावेज तथा अन्य विवरण हेतु कृपया वेबसाइटः https://www.ireps.gov.in पर लागिन करें।

निविदाकार, अपने आफर्स को आनलाइन में निविदा प्रस्तुति अवधि के दौरान निविदा बंद करने की तिथि से पहले, पंद्रह दिनों की अवधि में प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदाकार, किसी भी शुध्दिपत्र (केवल आनलाइन में जारी) को निविदा प्रस्तुति अवधि की प्रारंभिक तिथि तक ही देख सकते हैं।

**उप मुख्य प्रशासन अधिकारी/निर्माण/सिकंदराबाद**

**ई-निविदा सूचना सं. जीएनटी/एसजी/36 /367, दि.17-02-2026**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु दि.12-03-2026 के 16.00 बजेतक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

आयडी नं. 367, कार्य विवरणः गुंटूर डिवीजन पर कम्युनिकेशन की विश्वसनीयता में सुधार हेतु जीएनटी-एनएलपीडी, एमएजी-केसीजी & बीएमएमपी-पीजीडीपी सेक्शन्स के बीच खराब क्वैड केबुल के प्रतिस्थापन सहित दूर संचार व्यवस्थाएं।

विज्ञापित निविदा मूल्य रु.1,75,65,042.00, पूर्व धरोहर राशि/बोली सुरक्षा रु.2,37,800.00, निविदा दस्तावेज मूल्य रु. शून्य

यदि निविदाएं खोलने की तिथि को तदनंतर छुट्टी घोषित होती है तो, निविदाओं को उसके अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर खोला जायेगा।

ई-बिड्स की आनलाइन प्रस्तुति की अंतिम तिथि 12-03-2026 के 16.00 बजे तक है। विस्तृत विवरण हेतु हमारे **वेबसाइटः**www.ireps.gov.in पर लागआन करें।

कोई भी अधिक संचार/शुध्दिपत्र को केवल ई-पोर्टलःwww.ireps.gov.in द्वारा ही सूचित किया जायेगा।

**वरिष्ठ विभागीय सिग्नल व दूरसंचार अभियंता, गुंटूर**

**ई-निविदा सूचना सं. एन-एसजी-36-2025-26-सीसीटीवी-42, दि.17-02-2026**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, एसआर.डीएसटीइ/एनइडी द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

निविदा सं. व तिथिः एन-एसजी-36-2025-26-सीसीटीवी-42, दि.17-02-2026, कार्य विवरणः नांदेड डिवीजन पर छत्रपति संभाजीनगर, जालना व परभणी गूड्स शेड्स पर आयपी आधारित वीडियो सर्वेल्लेंस सिस्टम (सीसीटीवी कैमेरे) का प्रावधान। अनुमानित परियोजना मूल्य रु. 77,08,707.00, बोली सुरक्षा रु.1,54,200.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 12 महिने, बोली बंद करने की तिथि (बिड ड्यू डेट) -11-03-2026 के 15.00 बजे, बोली खोलने की तिथिः11-03-2026 के 15.00 बजे के पश्चात् , आफर वैधः बोली बंद करने की तिथि से लेकर 60 दिन, निविदा पुस्तिका मूल्य रु. शून्य

सभी बिड्डींग जोकि इण्डियन रेलवे ई-टेंडरिंग **पोर्टलः** www.ireps.gov.in पर होगी। इस निविदा के प्रति मैन्युएल आफर्स अमान्य हैं। अधिक जानकारी हेतु www.ireps.gov.in देखें।

**वरिष्ठ विभागीय सिग्नल & दूर संचार अभियंता/नांदेड**

**ई-निविदा सूचना सं. एन-एसजी-36-2025-26-टावर-41, दि.17-02-2026**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, एसआर.डीएसटीइ/एनइडी द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

**निविदा सं. व तिथिः** एन-एसजी-36-2025-26-टावर-41, दि.17-02-2026, कार्य विवरणः नांदेड डिवीजन पर ट्रिपोड टावर्स टाइप & सहायक संबंधित एस्सेसोरिज सहित पुराने मौजूदा रूफटाप 25डब्ल्यू वीएचएफ का प्रतिस्थापन।

अनुमानित परियोजना मूल्य रु. 54,56,542.00, बोली सुरक्षा रु.1,09,100.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 12 महिने, बोली बंद करने की तिथि (बिड ड्यू डेट) -11-03-2026 के 15.00 बजे, बोली खोलने की तिथिः11-03-2026 के 15.00 बजे के पश्चात् , आफर वैधः बोली बंद करने की तिथि से लेकर 60 दिन, निविदा पुस्तिका मूल्य रु. शून्य

सभी बिड्डींग जोकि इण्डियन रेलवे ई-टेंडरिंग **पोर्टलः** www.ireps.gov.in पर होगी। इस निविदा के प्रति मैन्युएल आफर्स अमान्य हैं। अधिक जानकारी हेतु www.ireps.gov.in देखें।

**वरिष्ठ विभागीय सिग्नल & दूर संचार अभियंता/नांदेड**

# 'असहमति' कांग्रेस की ताकत, कमजोरी नहीं : रेवंत रेड्डी

## सीएम ने वाई.एस. शर्मिला की सराहना की



हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा असहमति व्यक्त करने की स्वतंत्रता का सम्मान करती है और मतभेद रखने वाले नेताओं को प्रताड़ित नहीं करती। विकाराबाद जिले के अनंतगिरि में तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के जिला कांग्रेस कमेटी (डीसीसी) अध्यक्षों के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आंतरिक कलह लाखों समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ अन्याय होगी। रेवंत रेड्डी ने पार्टी की त्याग परंपरा का उल्लेख करते हुए मोतीलाल नेहरू, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के योगदान को याद किया। उन्होंने राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' और वाई.एस. राजशेखर रेड्डी की ऐतिहासिक पदयात्रा का उल्लेख करते हुए जमीनी नेतृत्व का उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि पीसीसी प्रमुख के रूप में अपने कार्यकाल में उन्हें आंतरिक विरोध का सामना करना पड़ा, लेकिन संवाद के जरिए उन्होंने नेताओं को एकजुट किया, जिससे पार्टी के वोट शेयर में वृद्धि हुई। योग्य डीसीसी अध्यक्षों को विधायक टिकट, अन्य को एमएलसी पद और लगभग 60 नेताओं को निगम अध्यक्ष बनाया गया। उन्होंने कहा, अवसर योग्यता के आधार पर मिलेंगे। डीसीसी पद बहुत महत्वपूर्ण है, इसका दुरुपयोग न करें। मुख्यमंत्री ने आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष वाई.एस. शर्मिला की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने राजनीतिक पृष्ठभूमि के बावजूद जमीनी स्तर से काम करना चुना और पार्टी को मजबूत करने का प्रयास कर रही हैं। कार्यक्रम में तेलंगाना पीसीसी प्रमुख महेश कुमार गौड़, एपीसीसी अध्यक्ष शर्मिला और दोनों राज्यों के लगभग 70 डीसीसी अध्यक्ष शामिल हुए।





मेड़चल स्थित विश्वमंगल गौशाला में एक शाम गौमाता के नाम जागरण के लिए नगर पधारने पर एयरपोर्ट पर गायिका अनिता जांगिड़, दिव्या वैष्णव, नेमीचन्द जांगिड़, विकास वैष्णव का पुष्प-गुलदस्ता, शॉल से सम्मान कर उपस्थित गैर मंडली अध्यक्ष ओमप्रकाश गेहलोत, लक्ष्मण जाट, परमेश्वर वैष्णव व अन्य।

**निविदा सूचना सं.- जी/ई.29/टीआर./टेंडर नोटिस/56/2025-26, दि.20-02-2026**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/ट्रैक्शन/गुंटकल द्वारा निम्न कार्यो हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

निविदा सं.- जीटीएल-टीआरडी-29-ईटीएन-87-2025-26, कार्य विवरणः डब्ल्यूडी-जीटीएल-एमओओ-आरयु सेक्शन में एबीएस सिग्नल्स तथा नंबर प्लेट्स के पहले रेट्रो-रिफ्लेक्टिव सिग्मा बोर्ड्स का प्रावधान।

अनुमानित मूल्य रु. 70,93,700.00, पूर्व धरोहर राशि रु. 1,41,900.00

निविदा बंद करने की तिथि व समयः 13-03-2026 के 15.00 बजे

**टिप्पणीः** 1. निविदाकार द्वारा निविदा दस्तावेज को निःशुल्क रुप में **वेबसाइटः**www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

निविदा की बोली लगाने या टेंडर बिड्डिंग तथा अन्य विवरण हेतु https://www.ireps.gov.in पर लागिन करें। शुध्दिपत्र यदि कोई हो तो, उसे केवल आनलाइन पर ही जारी किया जायेगा।

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/ट्रैक्शन/गुंटकल**

**निविदा सूचना सं. -60/2026, दि.20-02-2026**

**भंडारण मदों की आपूर्ति**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

निम्न निविदाओं को आनलाइन पर प्रदर्शित किया गया है। निविदाकारों से अनुरोध है कि, वेबसाइटःwww.ireps.gov.in देखें तथा अपने आफर्स आनलाइन में प्रस्तुत करें। निविदा कार्य विवरण, मात्रा, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा, एसडी को वेबसाइट पर देखा जा सकता है। मैन्युएल रुप से प्रस्तुत आफर्स अमान्य हैं। डाक द्वारा प्रेषित आफर्स पर भी विचार नही किया जायेगा। निविदा की निर्धारित तिथि की बंद करने का समय 14.30 बजे है। सभी स्वदेशी या इन्डिगेनस आफर्स, पूधरा को **वेबसाइटः** www.ireps.gov.in पर उपलब्ध केवल आनलाइन सिस्टम द्वारा ही स्वीकार किया जायेगा।

| निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण |
|---|---|
| 33261590 | एर्थिंग केबुल कम्पलिट |
| 66257552सी | ट्रैक मशीनों हेतु ड्यूट्ज मेक के स्पेयर्स का प्रापण |
| 33261384 | स्प्रिंग पाट |
| 66265129 | प्लासर मेक के ट्रैक मशीन स्पेयर्स |
| 29265002 | लैबरिंथ व बेयरिंग कैप का सेट |
| 30262431 | लोवर स्प्रिंग बीम आरेंजमेंट |
| 66258539बी | ट्रैक मशीनों हेतु स्पेयर्स का प्रापण |
| 30263621ए | अप्पर फ्लैंगे का सेट |
| 30263628 | नान-एसबेस्टास आधारित 'के' टाइप |
| 38261006 | कोलेर सहित 22.22एमएम डाया लाक बोल्ट |
| 66265282 | ट्रैक मशीनों हेतु हारस्को मेक स्पेयर्स का |

**टिप्पणीः निविदा खोलने की निर्धारित तिथियां-**

क्रम सं.01 दि.6-3-2026, क्रम सं.02 दि.10-3-2026, क्रम सं.03 व 04 दि.11-03-2026, क्रम सं.05 दि.12-03-2026, क्रम सं.06 से 08 दि.16-03-2026, क्रम सं.09 दि.18-03-2026, क्रम सं.10 दि.23-03-2026, क्रम सं.11 दि.02-04-2026

**शुध्दिपत्र**

निविदा सूचना सं.57/2026 दि.30-01-2026 निविदा सं. 6025पीटी044 तय तिथि दि. 25-02-2026, संक्षिप्त विवरणः आपूर्ति, मेटल लाइनर्स आरडीएसओ डीआरजी. नं. टी-3740 को मौजूदा के स्थानपर तय तिथि 04-03-2026 पढा जाना चाहिए।

निविदा सूचना सं.57/2026 दि.30-01-2026 निविदा सं. 6025पीटी046 तय तिथि दि. 26-02-2026, संक्षिप्त विवरणः आपूर्ति, मेटल लाइनर्स आरडीएसओ डीआरजी. नं. टी-8748 को मौजूदा के स्थानपर तय तिथि 05-03-2026 पढा जाना चाहिए।

उपरोक्त निविदाओं के अलावा रु.50 लाख मूल्य से अधिक की अन्य निविदाएं भी उपलब्ध हैं। विस्तृत विवरण हेतु कृपया उपरोक्त रेलवे वेबसाइट देखें।

**प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/सिकंदराबाद**

A2527

**निविदा नियम शर्तें/अधिक जानकारी तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्सःhttps://www.iअॅeps.gov.in या www.scr.indianrailways.gov.in देखें।**

## भगवान शिव की मूर्ति का उद्घाटन



हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सूर्या कॉलोनी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष एमपी चतुर्वेदी के जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कोटेश्वर शिव मंदिर, सूर्या कॉलोनी सुभाष नगर में कॉर्पोरेटर सुरेश रेड्डी की अध्यक्षता में भगवान शिव के भव्य मूर्ति का उद्घाटन किया गया। सिटी सिक्योरिटी विंग के एडिशनल डेप्युटी कमिश्नर साहब पाका गिरी राजी भी इस अवसर पर मौजूद थे । इस अवसर पर अध्यक्ष एम पी चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष एन के दास तथा आकाश, दिलीप, राजू, मिश्रा, शाहपुर शिव भक्त स्टाफ और सभी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## साइबर जागरूकता कार्यक्रम में डीसीपी ने की सतर्कता की अपील

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। डिजिटल धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से हैदराबाद सिटी पुलिस के सिकंदराबाद ज़ोन पुलिस ने वारासिगुडा थाना क्षेत्र के जामिया उस्मानिया स्थित एक निजी फंक्शन हॉल में व्यापक 'साइबर अवेयरनेस प्रोग्राम' आयोजित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व डीसीपी सिकंदराबाद ज़ोन रक्षिता कृष्णा मूर्ति ने किया। इस अवसर पर चिलकलगुडा एसीपी के. शशांक रेड्डी, वारासिगुडा इंस्पेक्टर रविंदर गौड़, सेक्टर एसआई रामचंद्र रेड्डी, महिला एसआई मेघना सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डीसीपी ने बताया कि कैसे रोजमर्रा की डिजिटल गतिविधियां, जैसे मोबाइल गेमिंग, साइबर अपराधियों द्वारा दुरूपयोग की जा रही हैं। गेमिंग एवं विज्ञापन फ्रॉड: उन्होंने कहा कि कैंडी क्रश जैसे गेम खेलते समय लेवल के बीच आने वाले 'फ्री गिफ्ट' पॉप-अप पर बिना सोचे-समझे क्लिक करना खतरनाक हो सकता है। ऐसे लिंक उपयोगकर्ताओं को दुर्भावनापूर्ण वेबसाइटों पर ले जाते हैं, जहां अनधिकृत ऐप डाउनलोड करने के लिए उकसाया जाता है। डीसीपी ने चेतावनी दी कि अज्ञात एपीके फाइल डाउनलोड करना या संदिग्ध लिंक पर क्लिक करना व्यक्तिगत डेटा को खतरे में डाल सकता है। उन्होंने नागरिकों से डिजिटल सतर्कता और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार अपनाने की अपील की।

# भाजपा ने विरोध प्रदर्शन किया




हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भारत ने नई दिल्ली के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी कॉरिडोर में मशहूर ग्लोबल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समिट को होस्ट करके एक उभरती हुई ग्लोबल टेक्नोलॉजी पावरहाउस के तौर पर अपनी पहचान और मज़बूत की है। इस खास इवेंट में बिना किसी रुकावट के चल रही कार्रवाई के बीच, थोड़ी देर के लिए रुकावट तब आई जब कथित तौर पर इंडियन नेशनल कांग्रेस से जुड़े कुछ लोगों ने बिना इजाजत घुसने की कोशिश की। सिक्योरिटी एजेंसियों ने तेजी से कार्रवाई की, जिससे व्यवस्था और कंटिन्यूटी बनी रही।

कांग्रेस के कारगुजारी का जवाब देते हुए, बीजेपी के सीनियर लीडर और जामबाग डिवीजन के पूर्व कॉर्पोरेटर राकेश जायसवाल ने इस घटना को बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ग्लोबल टेक्नोलॉजी फोरम का राजनीतिकरण करने से भारत की इंटरनेशनल क्रेडिबिलिटी कम होती है। जायसवाल ने फिर से कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में, भारत का एआई विज़न फोकस्ड, मज़बूत और इनोवेशन से चलने वाले राष्ट्रीय विकास के लिए मज़बूती से कमिटेड है। उनके नेतृत्व में आज जामबाग में कांग्रेस के खिलाफ भाजपा नेता अमर सिंह, राजू यादव, संदीप, अनिल, रविकांत, नरसिंह, शरद, बाबू आदि ने जम कर नारेबाजी करते हुए कांग्रेस नेताओं को ऐसी गलती न करने की नसीहत दी।

## हैदराबाद सिटी पुलिस ने इंटर्नशिप और प्रोफेशनल वॉलंटियर पहल शुरू की

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। समुदाय सहभागिता और ज्ञान-आधारित पुलिसिंग को मजबूत करने की दिशा में हैदराबाद सिटी पुलिस ने इंटर्नशिप और प्रोफेशनल वॉलंटियर एंगेजमेंट कार्यक्रमों की शुरूआत की है। इस पहल का उद्देश्य संस्थागत क्षमता को सुदृढ़ करना और युवाओं व अनुभवी पेशेवरों को सार्थक योगदान का अवसर प्रदान करना है। इंटर्नशिप कार्यक्रम को इस प्रकार तैयार किया गया है कि युवा छात्रों की प्रतिभा, नवाचार क्षमता और अकादमिक विशेषज्ञता का उपयोग आधुनिक पुलिसिंग पहलों में किया जा सके। 25 वर्ष से कम आयु के वे छात्र, जो स्नातक या स्नातकोत्तर कर रहे हैं, आवेदन कर सकते हैं। चयनित इंटर्न्स को विभागीय प्राथमिकताओं के अनुरूप विशिष्ट कार्य, विश्लेषणात्मक असाइनमेंट या शोध-आधारित परियोजनाएं सौंपी जाएंगी। इससे उन्हें पुलिसिंग व्यवस्था और लोक प्रशासन का व्यावहारिक अनुभव मिलेगा। पुलिस आयुक्त वीसी सज्जनार ने कहा, यह पहल छात्रों को सीखने, पुलिस अधिकारियों के साथ काम करने और विभाग के कार्य में नई दृष्टि जोड़ने का एक अनूठा मंच प्रदान करती है।

# डिजाइन नवाचार का उपयोग कर वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ाएं : किशन रेड्डी

## एफडीडीआई हैदराबाद ने धूमधाम से दीक्षांत समारोह मनाया



हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। फुटवियर डिजाइन और डेवलपमेंट संस्थान (एफडीडीआई), हैदराबाद ने 2025 की स्नातक कक्षा के लिए अपने परिसर के सभागार में अपना पांचवां दीक्षांत समारोह बड़े धूमधाम और अकादमिक गर्व के साथ मनाया। मुख्य अतिथि, कोयला और खदान मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने अपने संबोधन में भारत की वैश्विक निर्माण, नवाचार और कौशल विकास में बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने फुटवियर और चमड़ा क्षेत्र को आर्थिक विकास का प्रमुख चालक बताते हुए रोजगार सृजन, निर्यात और लघु एवं मध्यम उद्यमों के विकास में इसके योगदान पर जोर दिया। उन्होंने स्नातकों से कहा कि वे प्रौद्योगिकी, सतत विकास और डिजाइन नवाचार का उपयोग कर भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ाएं। एफडीडीआई के प्रबंध निदेशक विवेक शर्मा ने 72 स्नातकों को बधाई देते हुए उन्हें नवाचार, नैतिकता, सतत विकास और डिज़ाइन सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया ताकि समाज पर सकारात्मक प्रभाव डाला जा सके। कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक डॉ. तेज लोहित रेड्डी ने हैदराबाद परिसर की 2018 से अब तक की प्रगति का वर्णन किया। उन्होंने उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना, अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं और उद्योग सहयोग के मजबूत पहलुओं को हाइलाइट किया। स्नातकों को फैशन डिज़ाइन, फुटवियर डिज़ाइन, चमड़ा सामान और प्रबंधन कार्यक्रमों में डिग्री प्रदान की गई। अकादमिक उत्कृष्टता के लिए स्वर्ण और रजत पदक वितरित किए गए, और समारोह में दीक्षांत शपथ भी दिलाई गई। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि एफडीडीआई भारत के फुटवियर, चमड़ा, फैशन और खुदरा क्षेत्र में कौशल विकास, नवाचार, अनुसंधान और उद्योग सहयोग के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और सतत विकास, उद्यमिता और वैश्विक डिज़ाइन मानकों को बढ़ावा देता है।

## साइबर अपराध के खिलाफ पुलिस की नई पहल

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद सिटी पुलिस ने साइबर अपराध से निपटने के लिए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के साथ मिलकर एक नई जागरूकता पहल शुरू की है। यह अभियान 'जागृत हैदराबाद-सुरक्षित हैदराबाद' के तहत चलाया जा रहा है। पुलिस आयुक्त वीसी सज्जनार के नेतृत्व में शुरू इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों को सरल और रोचक तरीके से साइबर ठगी के तरीकों के बारे में जागरूक करना है। इन्फ्लुएंसर्स द्वारा तैयार किए गए छोटे और प्रभावशाली वीडियो पुलिस के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा किए जा रहे हैं, जिन्हें जनता का उत्साहजनक प्रतिसाद मिल रहा है। हालिया वीडियो में प्रचलित साइबर ठगी के मामलों को दर्शाया गया है। एक वीडियो में लॉटरी घोटाले को दिखाया गया है, जिसमें एक महिला को 25 लाख की लॉटरी जीतने का झांसा देकर ओटीपी साझा करने के लिए कहा जाता है। वीडियो का संदेश है कि लालच में आकर किसी अनजान व्यक्ति को बैंक विवरण या ओटीपी साझा न करें। दूसरे वीडियो में तथाकथित 'डिजिटल अरेस्ट' घोटाले का पर्दाफाश किया गया है। इसमें ठग खुद को सीबीआई, पुलिस या आरबीआई का अधिकारी बताकर वीडियो कॉल के जरिए लोगों को डराते-धमकाते हैं, कभी-कभी नकली वर्दी पहनकर भी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भारत में कोई भी सरकारी एजेंसी वीडियो कॉल के माध्यम से जांच नहीं करती। आयुक्त वी.सी. सज्जनार ने अधिक से अधिक इन्फ्लुएंसर्स और डिजिटल क्रिएटर्स से इस अभियान से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि मजबूत सोशल मीडिया उपस्थिति रखने वाले लोग अपने मंच का उपयोग सामाजिक भलाई और जागरूकता के लिए करें। उन्होंने कहा कि आपका प्रभाव लोगों की सोच बदल सकता है। साइबर सुरक्षा पर सार्थक सामग्री तैयार करें और उसे व्यापक रूप से साझा करें। सुरक्षित और जागरूक समाज बनाना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है।

## साइबर अपराध जागरूकता का विशाल कार्यक्रम



हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। 'जागृत हैदराबाद- सुरक्षित हैदराबाद' साइबर क्राइम प्रिवेंशन पहल के तहत हैदराबाद सिटी पुलिस की साइबर क्राइम यूनिट ने खैरताबाद जोन पुलिस के समन्वय से आज प्रगति महाविद्यालय डिग्री एवं पीजी कॉलेज, आबिड्स (सुल्तान बाजार थाना क्षेत्र) में एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (क्राइम्स एवं एसआईटी) एम. श्रीनिवासुलु तथा डीसीपी (साइबर क्राइम) वी. अरविंद बाबू सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थितसहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने अपने संबोधन में परिष्कृत और संगठित साइबर ठगी के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए छात्रों और आम नागरिकों को प्रमुख धोखाधड़ियों के बारे में जागरूक किया।

## श्रीमती वाई. लक्ष्मी को पीएच.डी



हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। डॉ.वाई. लक्ष्मी को चैतन्या डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी द्वारा वाणिज्य एवं प्रबंधन विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएच.डी.) की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने यूनिवर्सिटी के डॉ.एस. प्रताप के मार्गदर्शन में 'तेलंगाना राज्य के हैदराबाद शहर में उच्च शिक्षा के विद्यार्थियों में डिजिटल वित्तीय साक्षरता का विश्लेषणात्मक अध्ययन' विषय पर गहन शोध कर पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की। वर्तमान में डॉ.वाई. लक्ष्मी अरोरा'स पी.जी. कॉलेज, रामंथापुर में अस्सिटेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं।

# राचकोंडा सुरक्षा परिषद का नाम अब मल्काजगिरी सुरक्षा परिषद



हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा सुरक्षा परिषद की विशेष महासभा आज मल्काजगिरी कमिश्नरेट के कार्यालय, नेरेडमेट में आयोजित की गई। इस सभा की अध्यक्षता अविनाश मोहंती पुलिस आयुक्त एवं मानद अध्यक्ष ने की। विशेष महासभा में विस्तृत विचार-विमर्श के बाद सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव स्वीकार किया कि राचकोंडा सुरक्षा परिषद का नाम बदलकर मलकाजगिरी सुरक्षा परिषद (एमकेएससी) रखा जाए। यह निर्णय समाज के पंजीयन रजिस्टार की स्वीकृति के अधीन होगा। अध्यक्ष ने सभा को एक सुव्यवस्थित और लक्ष्य-आधारित रोडमैप प्रस्तुत किया। इसमें त्रैमासिक लक्ष्यों, योजनाओं और विभिन्न फोरम के समन्वित कार्य पर जोर दिया गया। मलकाजगिरी के डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस को सुरक्षा एवं सुरक्षा फोरम का संयोजक नियुक्त किया गया। अध्यक्ष ने कई महत्वपूर्ण पहलों की भी घोषणा की। इनमें ट्रैफिक स्वयंसेवक कार्यक्रम को मजबूत करना, प्रायोजित ट्रैफिक मार्शल का परिचय, औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण और आईटी एवं गैर-आईटी कंपनियों के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता सत्र शामिल हैं। मल्काजगिरी सुरक्षा परिषद (2026-2028) के लिए निर्वाचित पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष पी. सुधाकर, महासचिव डॉ. रघुवीर, कोषाध्यक्ष वाई. मद्दु बाबू महाप्रबंधक शामिल है। विभिन्न फोरम के संयुक्त सचिव रोड सुरक्षा एवं ट्रैफिक फोरम कोट्टि श्रीनिवास, प्रबंध निदेशक, सुरक्षा एवं सुरक्षा फोरम येल्लापु वासुदेव राव, महिला सुरक्षा फोरम सुश्री वाई. अर्चना, साइबर सुरक्षा फोरम शिवा प्रसाद कराडी बनाए गए है। बैठक में एम. सवित्री, मुख्य समन्वयक को सहायक निदेशक के रूप में अनुमोदित किया गया और उन्होंने पदभार ग्रहण किया।

# प्रथम पृष्ठ का शेष भाग

### कोर्ट के फैसले ...

इसके तहत राष्ट्रपति बिना लंबी जांच प्रक्रिया के अस्थायी तौर पर टैरिफ लगा सकते हैं। आमतौर पर यह टैरिफ 150 दिनों तक लागू रह सकता है। इस दौरान सरकार स्थिति की समीक्षा करती है और आगे का फैसला लेती है।

दुनिया के सभी व्यापारिक साझेदार देशों पर 10 प्रतिशत का एक जैसा ग्लोबल टैरिफ लगाने का मतलब होगा कि जिन देशों पर ज्यादा टैरिफ लगा है वह खुद घट जाएगा। कुछ उत्पादों को छूट दी गई है, जैसे कुछ कृषि उत्पाद (बीफ, टमाटर, संतरा), महत्वपूर्ण खनिज, दवाइयां, कुछ इलेक्ट्रॉनिक्स और पैसेंजर वाहन। ट्रम्प प्रशासन ने कहा कि यह टैरिफ पुराने वाले की जगह लेगा और वे अधिक पैसा कमाने की कोशिश जारी रखेंगे।

### 3 राज्यों में ...

23 फरवरी को तमिलनाडु और मध्य प्रदेश की लिस्ट आएगी। उत्तर प्रदेश-राजस्थान समेत 12 राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया 27 अक्टूबर 2025 से शुरू हुई थी। 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी तक नाम जोड़ने, हटाने और सुधार के लिए आवेदन लिए गए, जिनका निपटारा करने के बाद फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश की जा रही है। 12 राज्यों-यूटी में वोटर लिस्ट के एसआईआर में करीब 51 करोड़ मतदाता शामिल हैं।

### भारत के विजन ...

> हितधारकों का महामंच : इस आयोजन में दुनिया भर के सरकारी नीति-निर्माताओं, एआई क्षेत्र के उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, टेक्नोलॉजी इनोवेटर्स और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

> मानवता के लिए एआई : इस समिट का फोकस एआई की परिवर्तनकारी क्षमता पर विचार करने के साथ-साथ, 'मानवता के लिए एआई' के वैश्विक सिद्धांत को आगे बढ़ाना था।

> प्रशासन और सुरक्षा : यह शिखर सम्मेलन एआई के प्रशासन, सुरक्षा मानकों और समाज पर इसके प्रभाव को लेकर वैश्विक सहयोग को मजबूत करने की एक विकसित होती अंतर्राष्ट्रीय प्रक्रिया का हिस्सा है। तकनीक और नीति-निर्माण से जुड़े इस अहम वैश्विक सम्मेलन के दौरान कुछ राजनीतिक विवाद भी सुर्खियों में रहे। भारतीय युवा कांग्रेस के नेताओं द्वारा आयोजन स्थल पर किए गए 'शर्टलेस/टॉपलेस' विरोध प्रदर्शन की कड़ी आलोचना हुई। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, राज्य मंत्री जयंत चौधरी और भाजपा नेता शहजाद पूनावाला के साथ-साथ बीआरएस नेता केटीआर ने इसे सस्ती 'राजनीतिक नौटंकी' करार दिया।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com






# टीम इंडिया के टॉप ऑर्डर की कमजोरी ऑफ-स्पिन

## 13 टीमों में भारत का स्कोरिंग रेट सबसे खराब; सूर्या नंबर-3 पर कर सकते हैं बल्लेबाजी

खेल डेस्क, 21 फरवरी (एजेंसियां)। टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप स्टेज में टीम इंडिया का प्रदर्शन शानदार रहा, लेकिन एक बड़ी कमजोरी भी सामने आई है। भारतीय टॉप ऑर्डर के पहले आठ बल्लेबाजों में से छह बाएं हाथ के हैं। टीमें इसी का फायदा उठाते हुए भारतीय बल्लेबाजों के खिलाफ लगातार ऑफ स्पिन का इस्तेमाल कर रही हैं।

टीम इंडिया के असिस्टेंट कोच रयान टेन डोश्चेज ने भी माना है कि टीम को टर्निंग पिचों और बड़े मैदानों के लिए बेहतर रणनीति बनाने की जरूरत है।

**भारत का स्कोरिंग रेट बेहद कम**

टूर्नामेंट में भारत ने ऑफ स्पिन के खिलाफ सबसे ज्यादा 102 गेंदें खेलीं। 6 से ज्यादा ओवर ऑफ स्पिन खेलने वाली 13 टीमों में भारत का रन रेट केवल 6.23 रहा है। इस मामले में भारत से खराब प्रदर्शन सिर्फ नेपाल और ओमान का रहा। बाकी सभी टीमों ने ऑफ स्पिन के खिलाफ 8 या उससे ज्यादा के रन रेट से बल्लेबाजी की।

क्रिकेट एक्सपर्ट्स का मानना है कि टीम इंडिया के टॉप ऑर्डर में 3 लेफ्ट हैंडर्स हैं। ऑफ स्पिन को टैकल करने के लिए नंबर-3 पर तिलक वर्मा की जगह कप्तान सूर्यकुमार यादव को बैटिंग करनी चाहिए।




**लेफ्टी बैटर्स के खिलाफ ऑफ स्पिन हथियार**

भारतीय टीम में ईशान किशन, तिलक वर्मा और अभिषेक शर्मा जैसे लेफ्टी बैटर्स ने विपक्षी कप्तानों का काम आसान कर दिया है। नीदरलैंड के आर्यन दत्त ने 4 ओवर में 19 रन देकर 2 विकेट लिए। उन्होंने अभिषेक शर्मा और ईशान किशन को पवेलियन पर भेजकर टीम इंडिया को शुरुआत में ही मुश्किल में डाल दिया था।

अभिषेक बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए थे, जबकि ईशान किशन 7 गेंदों में 18 रन बना कर आउट हुए। वहीं नामीबिया के जेरार्ड इरास्मस ने भी भारतीय टॉप ऑर्डर को काफी परेशान किया। भारत का ऑफ स्पिन के खिलाफ औसत भी मात्र 13.25 का रहा है। यानी टीम इंडिया ऑफ स्पिनर्स के खिलाफ 14 रन बनाने में एक विकेट गंवा दे रही है।

**अभिषेक शर्मा की खराब शुरुआत**

अभिषेक शर्मा ने अपने वर्ल्ड कप करियर की शुरुआत बेहद खराब की। वे लगातार तीन पारियों में जीरो पर आउट हुए। इनमें से दो बार वे ऑफ स्पिनर के खिलाफ अटैकिंग शॉट खेलने के चक्कर में विकेट गंवा बैठे। वहीं, नंबर-3 पर खेलने वाले तिलक वर्मा ने अब तक सबसे ज्यादा 31 गेंदें ऑफ स्पिनर की खेली हैं, लेकिन वे केवल 26 रन ही बना पाए।

**सूर्या और तिलक के बैटिंग ऑर्डर में बदलाव पर चर्चा**

पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि ऑफ स्पिन के खतरे से बचने के लिए भारत को नंबर-3 पर तिलक वर्मा की जगह सूर्यकुमार यादव को भेजना चाहिए। टीम इंडिया में कई बाएं हाथ के बल्लेबाज होने की वजह से टीमें शुरुआती ओवरों में ऑफ स्पिन का इस्तेमाल कर रही हैं।

टीमों की प्लानिंग रहती है कि पावरप्ले के शुरुआती 4 ओवर ऑफ स्पिन से कराए जाएं। अगर तीसरे नंबर पर सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजी के लिए आते हैं, तो टीमों को अपनी स्ट्रैटजी बदलनी पड़ेगी। इससे भारत काफी हद तक ऑफ स्पिन के दबाव से बाहर निकल सकता है।

**सूर्या ने भी संघर्ष किया**

सूर्यकुमार यादव भी इस टूर्नामेंट में ऑफ स्पिन के खिलाफ संघर्ष करते नजर आए। उन्होंने 27 गेंदों में सिर्फ 28 रन बनाए। टीम मैनेजमेंट फिलहाल तिलक को नंबर-3 पर इसलिए बनाए हुए है, क्योंकि वे पावरप्ले में तेज गेंदबाजों के खिलाफ तेजी से रन बना रहे हैं। वहीं, सूर्यकुमार का प्रदर्शन डेथ ओवरों में ज्यादा प्रभावी रहा है, जहां वे लगभग 150 के स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं।

**अभिषेक शर्मा को लेकर भी सलाह**

आकाश चोपड़ा का मानना है कि अभिषेक को ऑफ स्पिन के खिलाफ सीधे शॉट खेलने पर ध्यान देना चाहिए। अगर अभिषेक शुरुआत में एक-दो रन बनाकर खाता खोल लेते हैं, तो उनका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा और वे जल्द ही अपनी लय हासिल कर लेंगे।

पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान की भी यही राय है। उनका मानना है कि अभिषेक को अपने मेंटर युवराज सिंह से बात करनी चाहिए और ऑफ स्पिन के खिलाफ सीधे शॉट खेलने की स्ट्रैटजी अपनानी चाहिए, जिससे वे इस चुनौती के सामने बेहतर तरीके से निपट सकें।

टेन डोश्चेट ने कहा कि अभिषेक अपनी काबिलियत जानते हैं। मैच से पहले उन्होंने नेट्स पर 90 मिनट तक पसीना बहाया और अपनी लय हासिल की। उन्हें बस थोड़े आत्मविश्वास की जरूरत है, उनका पिछला रिकॉर्ड ही उनकी ताकत है।

**सुपर-8 में चुनौती और बढ़ेगी**

भारत के ग्रुप की अन्य टीमें इस कमजोरी को भांप चुकी हैं। सुपर-8 में साउथ अफ्रीका के पास ऐडन मार्करम, जिम्बाब्वे के पास सिकंदर रजा और वेस्टइंडीज के पास रोस्टन चेज जैसे अनुभवी ऑफ स्पिनर्स हैं। ये टीमें भारत के खिलाफ नई गेंद से भी ऑफ स्पिन का इस्तेमाल कर सकती हैं।

# भारतीय बेटियों का ऐतिहासिक प्रदर्शन

## पहली बार ऑस्ट्रेलिया में जीती टी20 सीरीज; 2-1 से जमाया कब्जा



एडिलेड, 21 फरवरी (एजेंसियां)। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरे और निर्णायक मुकाबले में 17 रन से हराकर 2-1 से सीरीज अपने नाम कर ली। भारतीय महिला टीम ने इस जीत के साथ इतिहास रच दिया। ऑस्ट्रेलियाई धरती पर टीम इंडिया ने पहली बार टी20 सीरीज जीती है। शनिवार को एडिलेड में खेले गए तीसरे मुकाबले में भारत ने स्मृति मंधाना (82) और जेमिमा रोड्रिग्स (59) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 176 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम निर्धारित ओवरों में नौ विकेट खोकर सिर्फ 159 रन ही बना सकी। इस मुकाबले में भारत के लिए श्री चरणी और श्रेयंका पाटिल ने तीन-तीन विकेट लिए जबकि अरुंधति रेड्डी ने दो सफलताएं अपने नाम कीं। वहीं, रेणुका सिंह ने एक विकेट झटका।

177 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत ही खराब हुई। श्रेयंका पाटिल ने जॉर्जिया वॉल को रेणुका के हाथों कैच कराया। वह सिर्फ 10 रन बना पाईं। दूसरा विकेट रेणुका ने नाम किया। उन्होंने बेथ मूनी को पवेलियन भेजा। वह सिर्फ छह रन बना सकीं। भारत के खिलाफ निर्णायक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के लिए एश्ले गार्डनर ने सर्वाधिक 57 रनों की पारी खेली जबकि छह बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। इस मैच में एलिस पेरी ने एक, ग्रेस हैरिस ने एक और कप्तान सोफी मोलिनेक्स ने छह रन बनाए। वहीं, किम गार्थ और डार्सी ब्राउन क्रमशः सात और आठ रन बनाकर नाबाद रहीं।

भारत के लिए इस मैच में स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने पारी की शुरुआत की। शेफाली हालांकि, ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सकीं और किम गार्थ ने उन्हें अपना शिकार बनाया। शेफाली सात रन बनाकर आउट हुईं। इसे बाद मंधाना और जेमिमा रॉड्रिग्स ने मोर्चा संभाला और शानदार साझेदारी निभाई। इन दोनों ने भारतीय पारी को संभाला। इस दौरान मंधाना ने छक्के के साथ अर्धशतक भी पूरा किया। वहीं, जेमिमा भी पचासा लगाने में सफल रहीं।

**मंधाना-जेमिमा के अलावा अन्य बल्लेबाज रहे फ्लॉप**

मंधाना और जेमिमा के अलावा भारतीय महिला टीम के अन्य बल्लेबाज फ्लॉप रहे और बड़ी पारी नहीं खेल सके। भारत के लिए मंधाना ने सबसे ज्यादा 55 गेंदों पर आठ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 82 रन बनाए। वहीं, जेमिमा 46 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 59 रन बनाकर आउट हुईं। ऋचा घोष सात गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 18 रन, अमनजोत कौर एक और दीप्ति शर्मा एक रन बनाकर आउट हुईं। कप्तान हरमनप्रीत कौर दो रन बनाकर नाबाद रहीं। ऑस्ट्रेलिया के लिए एनाबेल सदरलैंड को दो विकेट मिले, जबकि किम गार्थ और मोलिन्यूक्स को एक-एक सफलता मिली।

# सुपर संडे, सिर्फ साउथ अफ्रीका नहीं, बांग्लादेश से भी भिड़ेगा भारत, एक ही दिन में 2 मैच




अहमदाबाद, 21 फरवरी (एजेंसियां)। 22 फरवरी 2026 का दिन भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए काफी खास और रोमांचक साबित होने वाला है, जिसे 'सुपर संडे' भी कहा जा सकता है. इस दिन दो बड़े और अहम मैच क्रिकेट फैंस को एक साथ देखने का मौका मिलेगा, जिसमें टीम इंडिया अपने दबदबे को बरकरार रखने उतरेगी और महिला क्रिकेट में उभरती प्रतिभाएं चमकने वाली हैं. हालांकि, ये दोनों मैच अलग-अलग समय पर खेले जाएंगे, जिससे फैंस दोनों ही मैचों का लुफ्त उठा पाएंगे.

**टीम इंडिया करेगी सुपर-8 की शुरुआत**

टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर 8 राउंड में भारत का अभियान शुरू हो रहा है. टीम इंडिया का सामना साउथ अफ्रीका से होगा. यह मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शाम 7 बजे से खेला जाएगा, भारत ने ग्रुप स्टेज में शानदार प्रदर्शन करते हुए अजेय रहकर सुपर 8 में जगह बनाई है, और अब सुपर 8 ग्रुप 1 में यह पहला मुकाबला टीम के लिए अहम है. साउथ अफ्रीका भी दमदार फॉर्म में है, और दोनों टीमों के बीच यह क्लासिक मुकाबला फैंस के लिए ट्रीट होगा. सुर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी की गहराई से विरोधी को चुनौती देगी.

**खिताब जीतने उतरेगी भारतीय टीम**

टी20 वर्ल्ड कप 2026 के इस अहम मैच से पहले महिला क्रिकेट में भी एक बड़ा फाइनल देखने को मिलेगा. एसीसी महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2026 का फाइनल भारत ए और बांग्लादेश ए के बीच होगा. यह मैच बैंकॉक के टर्डथाई क्रिकेट ग्राउंड में भारतीय समयानुसार दोपहर 12:30 बजे से शुरू होगा. भारत ए टीम लगातार दूसरी बार खिताब जीतने की प्रबल दावेदार है. टीम ने सेमीफाइनल में शानदार खेल दिखाया था, जहां कप्तान राधा यादव बड़ी मैच विनर साबित हुईं थीं.

बांग्लादेश ए भी मजबूत चुनौती पेश करेगी, जो सेमीफाइनल मे पाकिस्तान को हराकर आ रही है. दोनों मैच अलग-अलग टूर्नामेंट और वेन्यू पर हैं, लेकिन भारतीय फैंस के लिए यह दिन डबल डोज क्रिकेट का होगा. दोपहर में महिला टीम के फाइनल का रोमांच और शाम को पुरुष टीम के सुपर 8 का हाई-वोल्टेज क्लैश,क्रिकेट फैंस इन दोनों ही मुकाबलों पर नजरें टिकाए रहेंगे.

# बांग्लादेश असिस्टेंट कोच ने असिफ नजरुल को झूठा कहा

## बोले- टी-20 वर्ल्ड कप 2026 बायकॉट पर यू-टर्न लिया; खिलाड़ियों के लिए दर्दनाक फैसला रहा

ढाका, 21 फरवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के सीनियर असिस्टेंट कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन ने देश के पूर्व खेल सलाहकार असिफ नजरुल को कड़ी चेतावनी दी है और उन्हें झूठा बताया है। यह विवाद उस बयान को लेकर है जिसमें नजरुल ने 2026 टी-20 वर्ल्ड कप से भारत में खेलने का बायकॉट करने के फैसले को लेकर अपनी बात बदल दी। शुरू में नजरुल ने कहा था कि बांग्लादेश सरकार ने सुरक्षा कारणों से टीम को भारत में मैच खेलने से मना किया। लेकिन बाद में यू-टर्न लेते हुए उन्होंने दावा किया कि यह निर्णय खुद खिलाड़ियों और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) ने लिया था।




> वर्ल्डकप से हटने का निर्णय खिलाड़ियों के लिए कितना दर्दनाक रहा। कई खिलाड़ियों के लिए यह एक 27 साल की मेहनत और सपने वाला मौका था, जो एक पल में टूट गया। कुछ खिलाड़ी मानसिक रूप से इतना प्रभावित हुए कि उन्हें मैदान पर वापस लाना भी मुश्किल था।
>
> **मोहम्मद सलाहुद्दीन**
> असिस्टेंट कोच, बांग्लादेश

**शिक्षक कम ही झूठ बोलते हैं**

सलाहुद्दीन ने कहा, इतनी साफ तौर पर झूठ बोला। मैं खुद एक शिक्षक हूं और आम तौर पर शिक्षक कम झूठ बोलते हैं। लेकिन जिस तरह उन्होंने खुलेआम ऐसी बातें कही, मैं इसकी कल्पना भी नहीं कर सकता। अब मैं खिलाड़ियों के सामने अपना चेहरा कैसे दिखाऊं?

उन्होंने आगे कहा, नजरुल ने पूरी तरह से यू-टर्न ले लिया। वह ढाका विश्वविद्यालय जैसे देश के सर्वोच्च शिक्षण संस्थान में शिक्षक हैं। मेरे देश के इतने बड़े संस्थान से जुड़े व्यक्ति का इस तरह झूठ बोलना हम स्वीकार नहीं कर सकते। पहले उन्होंने एक बात कही और बाद में पूरी तरह पलट गए।।

**भारत में खिलाड़ियों के सुरक्षा की चिंता- नजरुल**

बांग्लादेश सरकार के पूर्व खेल मंत्री आसिफ नजरुल ने नेशनल टीम को भारत भेजने से मना किया था। उन्होंने कहा था, 'हम वर्ल्ड कप खेलना चाहते हैं, लेकिन भारत में हमारे खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ की सुरक्षा को लेकर चिंता है।

**नए स्पोर्ट्स मिनिस्टर रिश्ते सुधारना चाहते हैं**

बांग्लादेश के नए स्पोर्ट्स मिनिस्टर अमीनुल हक बीसीसीआई और भारत के साथ रिश्ते सुधारना चाहते हैं। उन्होंने गुरुवार को कहा कि वे इस मुद्दे को जल्दी सुलझाना चाहते हैं। उन्होंने बांग्लादेश के मौजूदा टी-20 वर्ल्ड कप में हिस्सा न लेने का जिक्र किया। हक ने कहा था- शपथ लेने के बाद मैं पार्लियामेंट बिल्डिंग में भारत के डिप्टी हाई कमिश्नर से मिला। मैंने उनसे टी-20 वर्ल्ड कप पर बात की। यह एक अच्छी बातचीत थी। मैंने उनसे कहा कि हम इस मुद्दे को बातचीत से जल्दी सुलझाना चाहते हैं क्योंकि हम अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ दोस्ताना रिश्ते बनाए रखना चाहते हैं।

**बांग्लादेश ने भारत में खेलने से इनकार क्यों किया, जानिए 2 वजह**

1. बांग्लादेश में हिंदुओं की लगातार हो रही हत्याओं के विरोध में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बांग्लादेशी पेसर मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर करवा दिया। बीसीबी ने इसका विरोध किया।

2. मुस्तफिजुर को बाहर किए जाने को बांग्लादेश की राजनीतिक पार्टियों ने मुद्दा बना दिया। फिर यूनुस सरकार ने अपने देश में आईपीएल प्रसारण पर बैन लगा दिया। इसके बाद क्रिकेट बोर्ड ने भारत में वर्ल्ड कप न खेलने की मांग की, जिसे आईसीसी ने ठुकरा दिया।

बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या के कारण बीसीसीआई ने मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल में खेलने की अनुमति नहीं दी। उन्हें केकेआर ने 3 जनवरी को बीसीसीआई के कहने पर टीम से बाहर कर दिया था।

इससे बौखलाई बांग्लादेश सरकार ने अपने यहां आईपीएल मैचों के प्रसारण पर रोक लगा दी। इसके बाद खिलाड़ियों की सुरक्षा का हवाला देकर 7 फरवरी से होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में वेन्यू बदलने की मांग भी की।

# फाइड ने चेस कैंडिडेट्स के लिए पेयरिंग जारी की

## राउंड-1 में कारुआना-नकामुरा आमने-सामने होंगे, प्रज्ञानानंद का मैच अनीष गिरी से होगा

साइप्रस, 21 फरवरी (एजेंसियां)। फाइड कैंडिडेट्स टूर्नामेंट और फाइड विमेंस कैंडिडेट्स 2026 की पेयरिंग जारी कर दी गई है। यह पेयरिंग ड्रॉ ऑफ लॉट्स के जरिए साइप्रस के पाफोस स्थित कैप सेंट जॉर्ज होटल एंड रिजॉर्ट में तय कर दी गई।

शुक्रवार को साइप्रस में फाइड अधिकारियों, साइप्रस चेस फेडरेशन और सरकारी प्रतिनिधियों की मौजूदगी में खिलाड़ियों को ड्रॉ नंबर अलॉट किए गए। टूर्नामेंट 28 मार्च से 16 अप्रैल 2026 तक खेला जाएगा। कैंडिडेट्स का विनर वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप फाइनल में वर्ल्ड चैंपियन को चुनौती देगा।




**राउंड-1 में प्रज्ञानानंद का मैच गिरी से होगा**

ओपन वर्ग में पहले ही राउंड में अमेरिका के फैबियानो कारुआना और हिकारू नकामुरा आमने-सामने होंगे। साथ ही आर प्रज्ञानानंद का मुकाबला अनीश गिरी से होगा। जबकि, सिंदारोव-एसिपेंको और ब्लूबाउम-वेई यी भी पहले दिन भिड़ेंगे।

विमेंस कैटेगरी में दिव्या देशमुख का मैच हम्पी कोनेरू से होगा। जबकि आर वैशाली का मुकाबला बिबिसारा असाउबायेवा से होगा। झू जिनर बनाम तान झोंगयी जैसे मुकाबले पहले ही राउंड में देखने को मिलेंगे।

**2 टूर्नामेंट एक साथ खेले जाएंगे**

साइप्रस में 2 टूर्नामेंट साथ-साथ आयोजित किए जाएंगे। पहला ओपन कैटेगरी में फाइड कैंडिडेट्स टूर्नामेंट और दूसरा फाइड महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट। दोनों टूर्नामेंट डबल राउंड रॉबिन के आधार पर खेला जाएगा। इसमें 14 राउंड के मुकाबले खेले जाएंगे। जहां हर खिलाड़ी हर प्रतिद्वंद्वी से दो बार खेलेगा। 10 लाख यूरो की न्यूनतम पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट में टाई की स्थिति में प्लेऑफ से विजेता तय होगा।

# सुपर 8 से पहले बढ़ी भारत की टेंशन!

## हार्दिक पंड्या के शॉट से प्रैक्टिस में चोटिल हुआ सूरमा गेंदबाज

अहमदाबाद, 21 फरवरी (एजेंसियां)। 22 सुपर 8 में भारत का पहला मुकाबला साउथ अफ्रीका से होने वाला है। उससे पहले अहमदाबाद में प्रैक्टिस के दौरान हार्दिक पंड्या के शॉट से भारतीय टीम का तेज गेंदबाज चोटिल हो गया।

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच सुपर 8 का मुकाबला 22 फरवरी को साउथ अफ्रीका के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाना है। दोनों टीमों के बीच टक्कर के मुकाबले की उम्मीद है। भारत और साउथ अफ्रीका दोनों ही टीमें इस वर्ल्ड कप में अब तक एक भी मुकाबला नहीं हारी हैं। हालांकि इस हाई वोल्टेज मुकाबले से पहले भारत का सूरमा खिलाड़ी चोटिल हो गया है। प्रैक्टिस के दौरान यह घटना हुई। अहमदाबाद में साउथ अफ्रीका के खिलाफ बड़े मुकाबले से पहले भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज चोटिल हो गए हैं। रेवस्पोर्ट्ज के मुताबिक, हार्दिक पंड्या का प्रैक्टिस के दौरान एक शॉट सीधा आकर मोहम्मद सिराज के घुटने पर लगा था। इसके बाद सिराज को काफी ज्यादा दर्द में भी देखा गया था। बता दें कि मोहम्मद सिराज अब तक इस वर्ल्ड कप में सिर्फ एक ही मुकाबला खेले हैं। उनको अमेरिका के खिलाफ खेलने का मौका मिला था। उस मैच में मोहम्मद सिराज ने शानदार प्रदर्शन भी किया था। उन्होंने तीन विकेट लिए थे। इस वर्ल्ड कप में जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह भारत के मुख्य पेसर हैं। सिराज को उनके कवर के रूप में रखा गया है। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज पहले भारत की टी20 वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा नहीं थे। लेकिन आखिरी मौके पर हर्षित राणा चोटिल हो गए थे। इसके बाद मोहम्मद सिराज को स्क्वाड में शामिल किया गया।




**मोहम्मद सिराज का करियर**

31 साल के मोहम्मद सिराज ने अब तक भारत के लिए 45 टेस्ट, 50 वनडे और 17 टी20 मुकाबले खेले हैं। टेस्ट में सिराज के नाम 139, वनडे में 76 तो टी20 में 17 विकेट हैं। मोहम्मद सिराज को आईपीएल का भी अच्छा अनुभव है। उन्होंने 108 आईपीएल मुकाबलों में 109 विकेट लिए हैं। सिराज 2024 टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थे।

# 45 साल की वीनस विलियम्स को मिला वाइल्ड कार्ड प्रवेश



वाशिंगटन, 21 फरवरी (एजेंसियां)। दिग्गज अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी और सात बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स को इस साल के इंडियन वेल्स टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड एंट्री मिली है। टूर्नामेंट के आयोजकों ने वीनस को वाइल्ड कार्ड एंट्री दिए जाने की पुष्टि की है। एक से 15 मार्च तक दक्षिणी कैलिफोर्निया में होने वाले इस टूर्नामेंट में वीनस विलियम्स एकल और युगल दोनों वर्ग में हिस्सा लेंगी। वाइल्ड कार्ड एंट्री मिलने से उत्साहित वीनस विलियम्स ने कहा, इंडियन वेल्स वापस जाना और कैलिफोर्निया में अपने घर लौटना बहुत अच्छा है। उत्साहित फैंस के सामने खेलने जैसा कुछ नहीं है। मैंने इतने वर्षों में यहां बहुत सारी यादें बनाई हैं। मैं आयोजकों की शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने मुझे वापस बुलाया। पूर्व वर्ल्ड नंबर वन और चार बार की ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट विलियम्स ने पहले भी इंडियन वेल्स में काफी सफलता हासिल की है। वह तीन बार सेमीफाइनल तक पहुंची हैं। आखिरी बार 2024 में वाइल्ड कार्ड एंट्री के माध्यम से ही उन्होंने टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। 45 साल की विलियम्स ने 2026 में अपने अभियान की शुरुआत ऑस्ट्रेलियन ओपन से की थी। उन्हें वाइल्ड कार्ड एंट्री मिली थी।

# सीएसके के स्टार खिलाड़ी राहुल चाहर को कम उम्र में शादी करना पड़ा भारी

## पत्नी ईशानी के साथ तलाक के बाद बयां किया अपना दर्द

आगरा, 21 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के स्पिनर राहुल चाहर ने अपनी पत्नी ईशानी जौहर से तलाक ले लिया है। राहुल की शादी 4 सालों तक भी नहीं टिकी और दोनों ने अलग होने का निर्णय ले लिया है। चाहर ने इसकी जानकारी खुद दी है और उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। चाहर ने कम उम्र में शादी की थी और कुछ समय तक रिश्ता ठीक से चला लेकिन बाद में दोनों के बीच अनबन होने लगी। इसके बाद चाहर और ईशानी ने अलग होने का फैसला किया।

राहुल ने पोस्ट कर बताया कि कुछ रिश्ते लंबे समय के लिए नहीं होते हैं और कुछ सिखाने के लिए आते हैं। उन्होंने बताया कि वे आगे जीवन में अब और अधिक जागरूक रहेंगे। बता दें कि राहुल चाहर काफी समय से भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनका आईपीएल में भी प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है और अब उनका पत्नी से तलाक भी हो गया है। राहुल चाहर ने तलाक की जानकारी देते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, मैंने बहुत ही कम उम्र में शादी की थी। खुद की कीमत और जीवन को समझने से पहले ही मैंने शादी कर ली थी। इसके बाद कुछ ऐसे साल आए, जिसको लेकर मैंने सोचा भी नहीं था। पिछले 15 महीने से मैं कोर्ट के चक्कर लगा रहा हूं लेकिन मैंने धैर्य और सहनशीलता सीखा है। चाहर ने आगे लिखा, अब मैं अपनी जिंदगी का ये अध्याय आधिकारिक रूप से समाप्त हो रहा है। मैंने इस मुद्दे को लीगल तरीके से सुलझा लिया है लेकिन इसकी मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है। मेरे जिंदगी का ये दौर समाप्त हो चुका है और मैं इसे गुस्से या पछतावा नहीं बल्कि स्पष्टता के साथ समाप्त करना चाहता हूं। कुछ रिश्ते इस तरह के होते हैं, जो हमेशा के लिए नहीं बने होते हैं। वे हमें जगाने, सिखाने और बदलने के लिए आते हैं। अब मैं अधिक जागरूक होकर जीवन में आगे बढ़ रहा हूं। मैं किसी तरह की कड़वाहट अपने साथ नहीं ले जाना चाहता हूं और मैं फिर से नई शुरूआत करने की साहस रखता हूं।



# मंत्री ने तीन लाख आवास स्वीकृत करने की मांग की



हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने केंद्र सरकार से तेलंगाना के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए कम से कम तीन लाख आवास स्वीकृत करने की मांग की है।

उन्होंने यह अनुरोध केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से उनकी हैदराबाद यात्रा के दौरान मुलाकात में किया। राज्य के राजस्व, आवास एवं सूचना मंत्री श्रीनिवास रेड्डी ने कहा कि वर्ष 2014 से 2023 के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों के लिए आवास निर्माण लगभग ठप रहा, जिसके कारण भारी मांग उत्पन्न हो गई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकार ने न तो पर्याप्त आवासों का निर्माण किया और न ही केंद्र से एक भी घर स्वीकृत कराया। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने गरीबों के लिए आवास निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। आगामी तीन वर्षों में पात्र सभी गरीब परिवारों को आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस वर्ष लगभग चार लाख 'इंदिरम्मा' आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि तेलंगाना पूर्व में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (पीएमएवाई-जी ) 1.0 का हिस्सा नहीं था, लेकिन वर्ष 2023 के बाद राज्य सरकार ने पीएमएवाई-जी 2.0 में औपचारिक रूप से भागीदारी की है।

राज्य सरकार ने हाल ही में घर-घर सर्वे कर 11.57 लाख पात्र ग्रामीण परिवारों की पहचान की है। मंत्री श्रीनिवास रेड्डी ने केंद्र से आग्रह किया कि राज्य में पिछले 12 वर्षों से लंबित मांग को देखते हुए चालू वित्तीय वर्ष में तीन लाख और अगले वर्ष दो लाख आवास स्वीकृत किए जाएं। उन्होंने विश्वास जताया कि गरीबों को सुरक्षित और सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराने के राज्य सरकार के संकल्प को पूरा करने में केंद्र सकारात्मक सहयोग देगा।

## नामपल्ली एफएसएल अग्निकांड : 1,100 फाइलें नष्ट होने की पुष्टि

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। नामपल्ली स्थित फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) में हाल ही में लगी भीषण आग की घटना में 1,100 फाइलें जलकर नष्ट हो जाने की पुष्टि नागपुर से आई विशेष टीम ने की है। विशेष टीम ने क्षतिग्रस्त दस्तावेजों से डाटा पुनर्प्राप्त करने का प्रयास किया, किंतु प्रारंभिक जांच में पाया गया कि इन फाइलों से जानकारी निकालना अत्यंत कठिन है। एफएसएल विभिन्न आपराधिक मामलों की जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यहां रक्त, बाल, अंगुलियों के निशान, हथियार, गोलियां, दस्तावेजों की सत्यता, डीएनए नमूने तथा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच की जाती है और उनकी रिपोर्ट तैयार की जाती है। ये रिपोर्ट अदालतों में सुनवाई के दौरान अहम साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत की जाती हैं। ऐसे में 1,100 फाइलों के नष्ट होने से लंबित मामलों की जांच पर संभावित प्रभाव को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की जा रही है।

# भाजपा ने पुलिस पर मारपीट और गाली देने का लगाया आरोप

### भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष समेत कई नेता हिरासत में फ्लोर लीडर व एमएलए अल्लेटी महेश्वर रेड्डी हाउस अरेस्ट



हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा तेलंगाना ने पुलिस पर मारपीट और गाली देने का बड़ा आरोप लगाया है। भारतीय जनता पार्टी की युवा इकाई भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में राज्य कार्यालय से निकाले गए विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा कार्रवाई किए जाने का मामला सामने आया है। हलांकि पुलिस ने आरोपों को निराधार बताया है।

युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष गणेश कुंडे और अन्य नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लेकर स्थानांतरित कर दिया। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री एन. रामचंद्र राव ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार को खुश करने के उद्देश्य से पुलिस ने युवा मोर्चा नेताओं के साथ दुर्व्यवहार किया और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों के खिलाफ तत्काल जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की।

भाजपा नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष के रूप में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करना उनका अधिकार और कर्तव्य है। उनका आरोप है कि 'एआई ग्लोबल समिट' में कांग्रेस पार्टी के व्यवहार से देश की छवि को ठेस पहुंची है, जिसके विरोध में भाजपा ने यह प्रदर्शन आयोजित किया था।

भाजपा ने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के कथित निर्देश पर पुलिस ने न केवल अभद्र भाषा का प्रयोग किया बल्कि पुलिस वैन में दुर्व्यवहार और थर्ड डिग्री जैसे गंभीर कृत्य भी किए, जो कानूनन अपराध है।

पार्टी ने संबंधित पुलिस अधिकारियों को तत्काल निलंबित करने और उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की है। साथ ही भाजपा ने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई राहुल गांधी को खुश करने के उद्देश्य से की गई है, जिसका पार्टी ने कड़ा विरोध किया है। एमएलए निर्मल और फ्लोर लीडर अल्लेटी महेश्वर रेड्डी को हैदराबाद स्थित उनके घर पर हाउस अरेस्ट किया गया। पुलिस की कार्रवाई को लेकर तेलंगाना भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश है।

## डॉ. अनेश कुमार शर्मा को ईसीआईएल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर का एडिशनल चार्ज



हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। डॉ. अनेश कुमार शर्मा, जो इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल) के जाने-माने साइंटिस्ट और डायरेक्टर (टेक्निकल) हैं, उन्हें कॉर्पोरेशन के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर (सीएमडी ) का एडिशनल चार्ज सौंपा गया है। ईसीआईएल डिपार्टमेंट ऑफ़ एटॉमिक एनर्जी के तहत भारत सरकार का एक एंटरप्राइज है, जो डिफेंस, न्यूक्लियर, स्पेस, होमलैंड सिक्योरिटी और दूसरे ज़रूरी सेक्टर्स के लिए स्ट्रेटेजिक इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम के डिज़ाइन, डेवलपमेंट, मैन्युफैक्चर और सप्लाई का काम करता है। डॉ. शर्मा को स्ट्रेटेजिक इलेक्ट्रॉनिक्स, मिसाइल सिस्टम, आरएफ टेक्नोलॉजी, सिक्योर कम्युनिकेशन सिस्टम और स्वदेशी सिस्टम डेवलपमेंट का बहुत अनुभव है। ईसीआईएल में अपनी मौजूदा ज़िम्मेदारियों से पहले, उन्होंने डीआरडीओ में स्ट्रेटेजिक प्रोग्राम्स में अहम लीडरशिप पोजीशन संभाली थीं। अपनी कॉर्पोरेट ज़िम्मेदारियों के अलावा, डॉ. शर्मा इंडियन इंस्टीट्यट ऑफ़ टेक्नोलॉजी गांधीनगर के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में गेस्ट प्रोफ़ेसर भी हैं। इस रोल में, वे इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के एडवांस्ड एरिया में एकेडमिक एक्टिविटीज़, रिसर्च गाइडेंस और इंडस्ट्री-एकेडेमिया कोलेबोरेशन में योगदान देंगे।

## सुरक्षा ही नहीं, सेवा में भी आगे रही पुलिस

### माता-पिता की अपील पर युवक को दी बेहतर चिकित्सा



हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जीडीमेटल पुलिस ने एक बार फिर यह साबित किया कि वे न केवल शांति-सुरक्षा बनाए रखने में बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी निभाने में भी हमेशा आगे रहते हैं। मानसिक समस्या से पीड़ित 26 वर्षीय युवक को माता-पिता की अपील पर पुलिस ने सुरक्षित किया। सबसे पहले पुलिस ने युवक का परामर्श किया और फिर उसे अपने वाहन में लेकर एर्रगड्डा मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल पहुंचाया। वहां उन्होंने सुनिश्चित किया कि युवक का भर्ती प्रक्रिया पूरी हो, उसे उचित चिकित्सा मिले और जल्दी स्वस्थ होकर वापस आ सके। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई पुलिस कमिश्नर रमेश रेड्डी के निर्देशानुसार की गई, ताकि संकट की स्थिति में जनता के साथ खड़ा रहा जा सके। पुलिस की इस मदद पर युवक के परिवार ने खुशी और आभार व्यक्त किया।

## एटीएफ ने न्याय और आतंक नेटवर्क पर कार्रवाई की मांग की

### दिलसुखनगर विस्फोटों की 13वीं वर्षगांठ

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। वर्ष 2013 के दिलसुखनगर द्विन विस्फोटों की 13वीं वर्षगांठ पर, एंटी-टेररिज्म फोरम (एटीएफ) ने पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी और राज्य में आतंक नेटवर्क के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। एटीएफ अध्यक्ष डॉ. रवीनाथला शशिधर ने कहा कि कई प्रभावित परिवारों को वित्तीय सहायता, रोजगार और दीर्घकालिक चिकित्सा सहायता अभी तक नहीं मिली है। फोरम ने सरकार से तुरंत पीड़ित परिवारों का पुनर्वास करने का आग्रह किया। एटीएफ ने राज्य में कथित स्लीपर सेल्स की उपस्थिति पर चिंता व्यक्त की और आतंकवाद के प्रति 'शून्य सहनशीलता' नीति अपनाने का आह्वान किया। फोरम ने कहा कि वे तब तक संघर्ष जारी रखेंगे जब तक सभी पीड़ितों का पुनर्वास नहीं हो जाता और आतंक नेटवर्क समाप्त नहीं हो जाता।

## कारागार विभाग ने आतंकवादी साजिश के आरोपों को खारिज किया

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार- कारागार विभाग ने मीडिया में प्रकाशित खबरों को खारिज किया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि हैदराबाद केंद्रीय जेल के कैदियों ने राजधानी के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में हमले की योजना बनाने के लिए आतंकवाद से जुड़े व्यक्तियों के साथ बैठकें कीं। हैदराबाद रेंज के उप-निरीक्षक डी. श्रीनिवास ने एक प्रेस विज्ञप्ति में स्पष्ट किया कि प्रसारित समाचार 'तथ्यात्मक रूप से गलत और आधारहीन' हैं। जेल अधिकारियों और खुफिया एजेंसियों के साथ सत्यापन के बाद यह पुष्टि हुई कि ऐसा कोई घटना नहीं हुई और कोई विश्वसनीय खुफिया सूचना इस प्रकार की अवैध गतिविधि या साजिश का संकेत नहीं देती। कारागार विभाग ने कहा कि केंद्रीय जेल में सभी मुलाकातें (साक्षात्कार) निर्धारित कारागार नियमों और कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार ही की जाती हैं। आगंतुकों की पूरी तरह जांच, दस्तावेज़ीकरण और निगरानी की जाती है, और संस्थान तथा जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक निगरानी प्रणाली लागू है। कारागार विभाग ने चेतावनी दी कि बिना सत्यापन और सनसनीखेज सूचना का प्रचार अनावश्यक जनपैनिक पैदा कर सकता है और जेल कर्मचारियों के मनोबल पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। विभाग ने मीडिया संगठनों से अपील की कि संवेदनशील जानकारी को प्रकाशित या प्रसारित करने से पहले संबंधित विभाग से सत्यापित करें।

# दो कुख्यात चोर गिरफ्तार, सोने के गहने और नकदी बरामद



हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मलकाजगिरी कमिश्नरेट की बेगमपेट पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से चोरी के सोने के गहने, मोबाइल फोन और नकदी बरामद की। इन संपत्तियों की कुल कीमत लगभग 40 लाख रुपये आंकी गई है।

बीते 16 फरवरी को एम. अनुराधा, पत्नी विजेन्द्र नाथ, निवासी सत्यानकृष्ण सीरी संपदा अपार्टमेंट्स, बेगमपेट ने लिखित शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी को उन्होंने घर बंद कर कवाडीगुडा में परिवारिक समारोह में भाग लेने के लिए चले गए। अगले दिन सुबह उनकी नौकरानी और पड़ोसियों ने सूचना दी कि मुख्य गेट का ताला टूटा है और घर खुला हुआ है। घर लौटने पर उन्होंने पाया कि अलमारी टूटी हुई थी और घर में रखे आभूषण और नकदी चोरी हो गए थे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया। सहायक पुलिस उपायुक्त, बेगमपेट डिवीजन, मलकाजगिरी जोन, पी. गोपालकृष्ण मूर्ति ने बताया कि पुलिस ने छानबीन के बाद शनिवार को बेगमपेट क्राइम टीम ने बिसाई प्रदीप, (25 वर्ष), प्राइवेट कर्मचारी, शिव पार्वती बॉयज़ हॉस्टल, प्रकाश नगर, बेगमपेट, एडला प्रवीण कुमार, (32 वर्ष), लेबर, अल-हमरा कॉलोनी, शेखपेट, हैदराबाद को गिरफ्तार किया। पहले भी दोनों आरोपियों ने चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। बरामद किए गए सामान में सोने के आभूषण, दो मोबाइल फोन, 65 हजार रुपये नकद शामिल है।

गिरफ्तारी च. श्रीधर डीसीपी मलकाजगिरी, पी. गोपालकृष्ण मूर्ति, एसीपी बेगमपेट, पी. सैदुलु, एसएचओ बेगमपेट, और बेगमपेट पुलिस स्टाफ के सहयोग से की गई। सीसीएस कैंटोनमेंट टीम के इंस्पेक्टर नरसिंह राव और उनकी टीम ने भी सहयोग किया। पुलिस ने सभी निवासियों से अनुरोध किया है कि संपत्ति अपराधों से बचाव के लिए सुरक्षा उपाय अपनाएं।

घर छोड़ते समय दरवाजे, खिड़कियां और ग्रिल को ठीक से लॉक करें। सामान्य क्षेत्रों में सीसीटीवी और प्रकाश व्यवस्था ठीक ढंग से काम कर रही हो यह सुनिश्चित करें। यात्रा योजनाओं या लाइव लोकेशन को सोशल मीडिया पर साझा न करें।

## निकाय चुनावों में अनियमितताओं पर फोरम का आरोप

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। फोरम फॉर गुड गवर्नेंस (एफजीजी) ने राज्य चुनाव आयोग से पंचायत और नगरपालिका चुनावों में कथित बड़े पैमाने पर रिश्वतखोरी और आचार संहिता उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। एफजीजी अध्यक्ष एम. पद्मनाभ रेड्डी ने आयोग को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि चुनाव शांति से हुए, लेकिन पैसे की व्यापक उपयोग से निष्पक्षता प्रभावित हुई। फोरम के अनुसार, 12,769 ग्राम पंचायतों में लगभग 10,000 ग्राम पंचायतों में उम्मीदवारों ने अनुमानित दस हजार करोड़ रुपये खर्च किए। नकद, शराब और अन्य प्रलोभन खुलेआम वितरित किए गए। कुछ क्षेत्रों में मतदाताओं ने उम्मीदवारों से भुगतान की मांग को लेकर विरोध भी किया। एफजीजी ने कहा कि आचार संहिता का उल्लंघन हुआ और चुनाव के दौरान सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग किया गया। फोरम ने आयोग से अपील की है कि वह रिश्वत देने वाले उम्मीदवारों और पैसे स्वीकार करने वाले मतदाताओं के खिलाफ कार्रवाई करे और आगामी चुनावों में पैसे की ताकत को नियंत्रित करने के लिए कड़े कदम उठाए।

## मतदाता प्रोजेनी मैपिंग सर्वे में तेजी लाने के निर्देश





हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) सुर्दशन रेड्डी ने शनिवार को निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) और सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (एईआरओ) को हैदराबाद में चल रहे मतदाता प्रोजेनी मैपिंग (वंशानुक्रम मैपिंग) सर्वे को तेज और प्रभावी ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। यह सर्वे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तैयारी के तहत किया जा रहा है। सीईओ ने हैदराबाद जिला निर्वाचन अधिकारी आर.वी. कर्णन के साथ सिकंदराबाद विधानसभा क्षेत्र में प्रोजेनी मैपिंग कार्य का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मणिकेश्वर नगर स्थित मतदान केंद्र संख्या 211 तथा चारमीनार विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 12 का दौरा कर जमीनी स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) और पर्यवेक्षकों से बातचीत कर मैपिंग प्रक्रिया की समझ और अब तक की प्रगति की जानकारी ली।

बीएलओ ने बताया कि वे घर-घर जाकर वर्ष 2002 की मतदाता सूची की तुलना वर्ष 2025 के प्रारूप से कर रहे हैं। इस प्रक्रिया में 2002 की सूची में दर्ज मतदाताओं के परिवार के सदस्यों का विवरण एकत्र कर वर्तमान सूची से मिलान किया जा रहा है, ताकि पात्र लोगों का नाम शामिल किया जा सके और त्रुटियों को दूर किया जा सके। सीईओ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रोजेनी मैपिंग का कार्य ईसीआई के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सावधानीपूर्वक किया जाए। उन्होंने समयबद्ध ढंग से कार्य पूरा करने के साथ ही मतदाता सूची में शुद्धता, पारदर्शिता और व्यापकता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग तेलंगाना में विशेष गहन पुनरीक्षण के माध्यम से मतदाता डाटाबेस की विश्वसनीयता और सुदृढ़ता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त आयुक्त (निर्वाचन) चंद्रकला, ईआरओ सरिता एवं अंजनयुलु, एईआरओ सुधीर रेड्डी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## श्री प्रसन्न वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में बालालयम अनुष्ठान

तिरुपति, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। चित्तूर जिले के सदम मंडल के बुरगमंद गांव में स्थित श्री प्रसन्न वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में 23 फरवरी से 26 फरवरी तक पारंपरिक रूप से बालालयम अनुष्ठान आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत 23 फरवरी को सुबह 9 बजे आचार्य रित्विक वरनाम से होगी, इसके बाद शाम को अंकुरार्पण, शांति होम और अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। बालालयम आमतौर पर गर्भगृह के नवीनीकरण कार्य के दौरान किया जाता है।

इस अवसर पर मंदिर परिसर में अस्थायी मंदिर स्थापित किया जाएगा और वहां मुख्य देवताओं की मूर्तियों की स्थापना की जाएगी। 24 और 25 फरवरी को विभिन्न वैदिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें होम, वास्तु पूजा, बालालयम स्थापना और महाशांति अभिषेक शामिल हैं। 26 फरवरी की सुबह यागशाला अनुष्ठान, पूर्णाहुति, कुंभ प्रदक्षिणा, बालालयम संप्रोक्षण और ध्रुव कल्याण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे धार्मिक विधियों का समग्र पालन सुनिश्चित होगा।

## केपीएचबी पुलिस ने शांति समिति की बैठक की



हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। केपीएचबी थाने के इंस्पेक्टर राजशेखर रेड्डी ने रमजान पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने का आग्रह किया। स्थानीय पुलिस स्टेशन में मुस्लिम धर्मगुरुओं और मस्जिद कमिटी के प्रतिनिधियों के साथ उन्होंने आज शांति समिति की बैठक आयोजित की। इस अवसर पर इंस्पेक्टर ने बताया कि पवित्र रमजान महीने में प्रार्थनाओं के लिए आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए ट्रैफिक को सुव्यवस्थित करने के साथ-साथ कड़े सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी से पर्व को भाईचारे के साथ मनाने और किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करने का सुझाव दिया। धर्मगुरुओं ने पुलिस के साथ समन्वय बनाए रखते हुए शांति और सुरक्षा बनाए रखने में सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में विभिन्न मस्जिद कमिटी के सदस्य और पुलिस कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मंगलम्पेटा में वार्षिक ब्रह्मोत्सव शुरू



तिरुपति, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिचेरला मंडल के मंगलम्पेटा में प्रतिष्ठित श्री प्रसन्न वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के वार्षिक ब्रह्मोत्सव का भव्य आयोजन शनिवार सुबह ध्वजारोहण के साथ शुरू हुआ। मंदिर के उत्सव देवताओं श्री प्रसन्न वेंकटेश्वर स्वामी के साथ स्रीदेवी और भूदेवी को मंदिर के चारों ओर शोभायात्रा में निकाला गया। इसके बाद सुबह 8 बजे से 9 बजे के बीच गरुड़ ध्वज फहराया गया, जो सभी दिव्य देवताओं को इस उत्सव में आमंत्रित करने का प्रतीक है। ध्वज फहराने से पहले विशेष पूजा आयोजित की गई। शाम को श्री प्रसन्न वेंकटेश्वर स्वामी पेद्दा शेष वाहन पर सवार होकर भक्तों को आशीर्वाद दिये। टीटीडी ने 21 फरवरी से 2 मार्च तक चलने वाले ब्रह्मोत्सव के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं। वाहन सेवाएं सुबह 8 से 9 बजे और शाम 6 से 8 बजे आयोजित की जाएंगी। मुख्य कार्यक्रमों में गरुड़ सेवा- 25 फरवरी की रात, रथोत्सव- 28 फरवरी की सुबह, चक्र स्नानम्- 1 मार्च की सुबह, पुष्पयज्ञ महोत्सव- 2 मार्च की सुबह शामिल हैं।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.